ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● पौष शुक्ल पक्ष 13 ● विक्रम संवत 2079 ● बुधवार, 04 जनवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-81 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50



विक्की ने कैटरीना के लिए किया डांस

पेज 10 पर

NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 10 जनवरी को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 10 जनवरी को झारखंड मंत्रालय में होगी। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इसमें कई प्रस्ताव पर मुहर लगेगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के मुताबिक कैबिनेट की बैठक रांची में 10 जनवरी, 2023 को होगी। यह बैठक अपराह्न चार बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी।

### खेल रत्न से किया सम्मानित

**रांची।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की 120वीं जयंती पर जयपाल सिंह मुंडा अवार्ड-2022 का आयोजन कांके रोड स्थित सीएमपीडीआइ के मयूरी सभागार में हुआ। इस कार्यक्रम में हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे, निक्की प्रधान को खेल रत्न से सम्मानित किया गया। वहीं, ब्लाइंड क्रिकेटर सुजीत मुंडा, वुशू की खिलाड़ी गीता खलखो, लॉन बाल की रूपा रानी तिर्की, लवली चौबे को भी खेल रत्न से सम्मानित किया गया।

### सड़क दुर्घटना में युवक-युवती की मौत तीसरे की स्थिति गंभीर

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत मकईयाताड़ पुलिस पिकेट के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक-युवती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है। घायल युवक को गंभीर स्थिति में रिम्स रेफर कर दिया गया है। मृतका की पहचान प्रमिला कुमारी, पिता प्रकाश गंझू मैंलन फुलसू के रूप में हुई है। जबकि युवक की पहचान नहीं हो पाई है। घटना की जानकारी मिलते ही बालूमाथ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। बता दें कि बालूमाथ में सड़क दुर्घटना होना नई बात नहीं है। सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम अब तक नहीं उठाया गया है। जबकि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कई बार स्पीड ब्रेकर आदि की मांग के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिख चुके हैं। बावजूद इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी।

### धनबाद में 48 लाख रुपये की वैक्सीन बर्बाद

**धनबाद।** धनबाद में 48 लाख रुपये की कोविड वैक्सीन बर्बाद हो गयी। बेकार को-वैक्सीन टीके को वापस कंपनी को भेजा जाएगा। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने धनबाद सहित दूसरे जिलों के पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया है। इसके साथ ही दवा एक्सपायर होने और टीकाकरण कम होने पर धनबाद सहित अन्य जिलों को जानकारी मांगी है।

वन मंत्रालय व रेलवे में बनी सहमति

## पलामू टाइगर रिजर्व से गुजरने वाली थर्ड लाइन होगी डायवर्ट

### पहले सीएम हेमंत की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक हुई थी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व से होकर गुजरने वाले रेलवे फ्रेट कॉरिडोर का थर्ड लाइन डायवर्ट होगा। नेशनल वाइल्ड लाइफ बोर्ड, वन मंत्रालय और रेलवे के बीच इसके लिए सहमति बन गई है। मिली जानकारी के अनुसार अधिकारियों को लिखित आदेश का इंतजार है। रेलवे ने पीटीआर के कोर एरिया से थर्ड लाइन ले जाने की योजना तैयार की थी। थर्ड लाइन को लेकर पीटीआर ने आपत्ति दर्ज करायी थी और रेलवे से थर्ड लाइन को डायवर्ट करने को कहा था। अब यह रेल लाइन पीटीआर के बाहरी हिस्से से होकर गुजरेगी। सोननगर से पतरातू तक रेलवे का फ्रेट कॉरिडोर (थर्ड लाइन) का निर्माण किया जा रहा है। फ्रेट कॉरिडोर के तहत 11 किलोमीटर लंबी रेल लाइन पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया से हो कर गुजरनी थी। यह कोर एरिया छिपादोहर से हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन के बीच से होकर गुजरनी थी। इसके लिए रेलवे विकास निगम ने फरवरी 2021 में ऑनलाइन आवेदन देकर थर्ड लाइन को पीटीआर से गुजरने के बाद एनओसी मांगा था। करीब डेढ़ वर्ष पहले सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड की बैठक हुई थी। जिसमें रेलवे बोर्ड के आवेदन पर साफ तौर पर नॉट रिकमेंड लिख दिया गया है। जिसके बाद प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले नेशनल वाइल्डलाइफ बोर्ड में मामला चला गया था। कुछ दिनों पहले वन मंत्रालय और रेलवे ने संयुक्त रूप से फिर से सर्वे की सहमति जताई थी। पूरे मामले को लेकर वन मंत्रालय और रेलवे के बीच कई बार बैठकों का दौर चला। बैठक लातेहार डीएफओ और पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारी भाग लेते थे। पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया से थर्ड लाइन करीब 11 किलोमीटर गुजारनी है। पीटीआर प्रबंधन ने छिपादोहर रेलवे स्टेशन के पास से रेल लाइन को डाइवर्ट करने का आग्रह किया है। जो केड होते हुए हेहेगड़ा तक जाएगी। यह दूरी करीब 14 किलोमीटर की होगी। दूसरी महत्वपूर्ण जानकारी पूरे मामले में विवाद के निपटारे के लिए रेलवे विकास निगम पीटीआर प्रबंधन की एक संयुक्त टीम बनाई गई थी। यह टीम रेल लाइन डाइवर्ट करने को लेकर सर्वे करने वाली थी। टीम को 2021 में है अपनी रिपोर्ट सौंपनी थी। लेकिन पूरे मामले में रेलवे विकास निगम का कोई भी अधिकारी ने टीम में साथ इलाके का सर्वे नहीं किया। पहली रेल लाइन इलाके में 1924 में बिछाई गई थी। लेकिन पलामू टाइगर रिजर्व 1971-72 में बना था। टाइगर रिजर्व बनने के बाद इलाके में इससे संबंधित कानून लागू हो गये थे।




## पलामू में ठिठुरन बढ़ी तो स्कूल आठ तक बंद



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राज्य एवं जिले में पिछले कुछ दिनों से ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। जिले में बढ़ती ठंड के मद्देनजर डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने जिले के सरकारी व निजी विद्यालयों में वर्ग 1 से 5 तक के शैक्षणिक कार्यों को 8 जनवरी 2023 तक बंद रखने का आदेश दिया है। इसके बाद 9 जनवरी से सामान्य रूप से कक्षा संचालित की जायेगी। इस अवधि में शिक्षक विद्यालय में उपस्थित होकर सभी अभिलेख अद्यतन करेंगे एवं ऑनलाइन डाटा एंट्री करेंगे। गरीब बच्चों के खाद्य सुरक्षा के आलोक में कक्षा 1 से 5 के उपस्थित बच्चों को इस अवधि में मध्यान भोजन यथावत उपलब्ध कराया जायेगा। बताते चलें कि जिले में बढ़ती ठंड व शीतलहरी के कारण कई बच्चों के अभिभावक व अभिभावक संघ के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त से बच्चों के हित में विद्यालय बंद करने को लेकर अनुरोध किया था।

# फैसले में बदलाव हो

### सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में जैन समाज का मौन जुलूस

नवीन मेल संवाददाता। रांची

गिरिडीह जिले के पारसनाथ स्थित जैन धर्म के सबसे पवित्र स्थल सम्मेद शिखर जी को लेकर झारखंड सरकार के फैसले का देशभर में विरोध हो रहा है। गुस्से में मंगलवार को जैन समुदाय के लोग रांची में दिगंबर जैन मंदिर, अपर बाजार से राजभवन तक विशाल मौन पदयात्रा निकाल सरकार के फैसले का विरोध किया। विरोध कर रहे जैन धर्म के लोगों का कहना है कि सरकार सम्मेद शिखर जी मामले को लेकर अपने फैसले में बदलाव करे, नहीं तो विरोध और तेज होगा। जैन समुदाय के लोगों ने कहा कि सरकार के फैसले से सम्मेद शिखर की पवित्रता खत्म हो जाएगी। पदयात्रा मेन रोड, शहीद चौक, कचहरी चौक होते हुए राजभवन पहुंची। पदयात्रा में जैन समाज, मारवाड़ी समाज एवं अन्य संगठनों के बड़ी संख्या में पुरुषों एवं महिलाओं ने भाग लिया। जैन समाज एवं झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने महामहिम राज्यपाल रमेश बैस को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि जैन धर्मावलंबियों के पवित्र तीर्थ स्थल श्री सम्मेद शिखर जी को धार्मिक पर्यटन स्थल घोषित करने से दुनियाभर में स्थित जैन समुदाय के लोग आहत हैं।

गौरतलब है कि श्री सम्मेद शिखर जी पारसनाथ जैन धर्मावलंबियों का सबसे पवित्र तीर्थक्षेत्र है। इस पर्वत से जैन धर्म के 24 से 20 तीर्थंकरों एवम अनगिनत मुनिराजों ने आत्मसाधना करते हुए निर्वाण प्राप्त क्या है। इस पर्वत राज पर प्रत्येक वर्ष पूरी दुनिया से लाखों तीर्थ यात्री गहरी आस्था के साथ पूजा-अर्चना एवं वंदना के लिए है। यहां का कण-कण पवित्र एवम पूजनीय है। इस क्षेत्र को झारखंड सरकार के अनुशंसा पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी कर इको-सेंसेटिव जोन घोषित कर दिया। इस अधिसूचना के जारी होने से संपूर्ण विश्व के जैन समाज की भावना बुरी तरह आहत हुई है। पर्यटन क्षेत्र से पारसनाथ की पवित्रता प्रभावित हुई है। पर्यटक पारसनाथ पर मांस-मदिरा का सेवन करने लगे हैं, शराब का प्रयोग भी धड़ल्ले से होने लगा है जो जैन धर्म के सिद्धांतों के खिलाफ है। जैन धर्मावलंबियों ने मांग की है कि सरकार पर्यटन क्षेत्र से संबंधित अधिसूचना को वापस ले। पदयात्रा कार्यक्रम में झारखंड प्रांतीय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### खूंटी में निकाली मौन रैली



जैन धर्मावलंबियों ने खूंटी में मंगलवार को मौन रैली निकाली। रैली में जैन समाज से जुड़े बच्चे, महिला-पुरुष और युवा सभी शामिल थे। रैली कर्रा रोड जैन मंदिर से खूंटी मेन रोड होते हुए एसडीओ कार्यालय तक पहुंची और एसडीओ कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। मौन रैली में जैन धर्मावलंबी हाथों में तख्तियां लेकर श्री सम्मेद शिखर (पारसनाथ) को पवित्र तीर्थ क्षेत्र घोषित करने की मांग कर रहे थे। मौन रैली में जैन समाज के अध्यक्ष शिखर चंद जैन, सचिव रमेश जैन उपाध्यक्ष श्रीपाल जैन, सचिव प्रकाश जैन महिला मंडल की अध्यक्ष सुशीला जैन, मनोज जैन समेत बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला पुरुष शामिल थे।

### जैन तीर्थ को बचाने के लिए मुनि ने प्राण त्यागे



**जयपुर।** झारखंड में जैन तीर्थ सम्मेद शिखर को टूरिस्ट प्लेस बनाए जाने का विरोध कर रहे जैन मुनि सुज्ञेयसागर महाराज ने मंगलवार को प्राण त्याग दिए। वे झारखंड सरकार के फैसले के खिलाफ पिछले 10 दिन से आमरण अनशन कर रहे थे। सुज्ञेयासागर 72 साल के थे। मंगलवार सुबह उनकी डोल यात्रा सांगानेर संघीजी मंदिर से निकाली गई। इस दौरान आचार्य सुनील सागर सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे। जैन मुनि को जयपुर के सांगानेर में समाधि दी गई। झारखंड सरकार ने गिरिडीह जिले में स्थित पारसनाथ पहाड़ी को टूरिस्ट प्लेस घोषित किया है। इसके खिलाफ देशभर में जैन समाज के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। पारसनाथ पहाड़ी दुनिया भर के जैन धर्म के लोगों में सर्वोच्च तीर्थ सम्मेद शिखर के तौर पर प्रसिद्ध है।

शर्तों के साथ पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

## मेडिकल ग्राउंड पर उच्चतम न्यायालय ने दी जमानत

नवीन मेल नेटवर्क। नयी दिल्ली/रांची



मनरेगा घोटाले के आरोपी निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल ग्राउंड पर पूजा सिंघल को एक महीने की अंतरिम जमानत दी है। उन्हें बेटी की बीमारी के आधार पर जमानत मिली है। जमानत की शर्तों के मुताबिक, पूजा सिंघल को दिल्ली-एनसीआर में ही रहना होगा। वह एनसीआर से बाहर नहीं जा सकती। मनी लांड्रिंग के आरोप ईडी ने पूजा सिंघल को 11 मई 2022 को गिरफ्तार किया था और तब से वह सलाखों के पीछे है। जमानत के लिए हालांकि उन्होंने ईडी कोर्ट व झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी थी। गौरतलब है कि झारखंड में 2009-10 में मनरेगा घोटाला हुआ था। उसी मामले में मई माह में ईडी ने एक साथ झारखंड, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और राजस्थान में 25 ठिकानों पर छापा मारा था। कार्रवाई के दौरान 19.31 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए थे।

### केस में कब क्या हुआ

**05 मई 2022 :** पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी।

**11 मई 2022 :** पूजा सिंघल को ईडी ने किया गिरफ्तार।

**18 अगस्त 2022 :** पूजा सिंघल ने झारखंड हाईकोर्ट में जमानत के लिए दाखिल की याचिका।

**31 अगस्त 2022 :** पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार की जमानत याचिका खारिज।

**15 सितम्बर 2022 :** मनी लाउंड्रिंग मामले में पूजा सिंघल की पेशी।

**28 सितम्बर 2022 :** जेल में बंद पूजा सिंघल की तबीयत बिगड़ी, रिम्स के कार्डियो विभाग में भर्ती।

**24 नवम्बर 2022 :** ईडी ने कोर्ट को दिये हलफनामे में कहा - जमानत के लिए पूजा सिंघल ने फर्जी एंजीयोग्राफी रिपोर्ट तैयार करवाने की कोशिश की थी।

**27 नवम्बर 2022 :** मनी लाउंड्रिंग मामलों में ईडी ने सरकार को सौंपी विस्तृत रिपोर्ट।

**28 नवम्बर 2022 :** पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा ने हाईकोर्ट से मांगी अग्रिम जमानत।

**28 नवम्बर 2022 :** पूजा सिंघल समेत अन्य आरोपियों की संपत्ति जब्ती की प्रक्रिया शुरू।

**01 दिसम्बर 2022 :** मनरेगा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## जिले की बेटियों का परचम जारी, मेहनत को मिला सम्मान

### पलामू की बेटी ने पीओ की परीक्षा में मारी बाजी बधाइयों का तांता



**मेदिनीनगर।** नीलाम्बर-पीताम्बरपुर के अखौरी पतरा ग्राम की निवासी पंडित केसरीकांत मिश्रा की पुत्री प्रिया पायल ने भी कुछ ऐसा कर दिखाया है कि पलामू का नाम सुनहरे अक्षरो में लिखा जायेगा। प्रिया झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक में पीओ की परीक्षा पास कर ली है। उसे असिस्टेंट मैनेजर के पद पर पदस्थापित किया गया है। किसान घराने में जन्मी बेटी प्रिया शुरू से ही अनुशासन में रहकर बैंक की परीक्षा पास करने का लक्ष्य रखा जो आज ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सौहार्दपूर्ण | रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा

# भारत युद्ध नहीं चाहता पर थोपा गया तो माकूल जवाब देंगे

### बीआरओ की निर्मित महत्वपूर्ण सियोम ब्रिज और 27 अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन

एजेंसी। ईटानगर



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम (दुनिया एक परिवार है) के दर्शन को अपनाता है और कभी भी युद्ध को प्रोत्साहित नहीं करता है। हमेशा अपने पड़ोसियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना चाहता है, लेकिन अगर कोई उकसाता है, तो देश के पास हर स्थिति का सामना करने की क्षमता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम युद्ध में विश्वास नहीं करते हैं, लेकिन अगर यह हम पर थोपा गया, तो हम लड़ेंगे। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि राष्ट्र सभी खतरों से सुरक्षित रहे। हमारे सशस्त्र बल तैयार हैं और यह देखकर खुशी हो रही है कि बीआरओ उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है। अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले से बीआरओ द्वारा निर्मित रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सियोम ब्रिज और 27 अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जो कभी भी युद्ध को प्रोत्साहित नहीं करता है और हमेशा अपने पड़ोसियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखना चाहता है। यह हमारा दर्शन भगवान राम से और भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से विरासत में मिला है। उन्होंने कहा कि भारत के पास किसी भी तरह की स्थिति का सामना करने की पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि दुनिया आज कई तरह के संघर्षों को देख रही है। भारत हमेशा युद्ध के खिलाफ रहा है। यह हमारी नीति है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस संकल्प की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित किया, जब उन्होंने कहा कि 'यह युद्ध का युग नहीं है'। रक्षा मंत्री ने परियोजनाओं को सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों को बढ़ाने और दूर-दराज के क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास की दिशा में भारत सरकार और बीआरओ के ठोस प्रयासों का फल बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ने और अपने निवासियों के विकास को सुनिश्चित करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से देश की सुरक्षा को मजबूत करने में बीआरओ द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। तवांग सेक्टर में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पिछले महीने की सीमा संघर्ष के एक स्पष्ट संदर्भ में उन्होंने कहा, ्हाल ही में हमारी सेना ने उत्तरी क्षेत्र में प्रतिकूल स्थिति ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

यूपी पहुंची भारत जोड़ो यात्रा

## मेरे बड़े भाई को कोई नहीं खरीद सका : प्रियंका

नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ



कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने मंगलवार को कहा कि अडानी-अंबानी ने कई मंत्रियों को खरीद लिया, कई कंपनियों को खरीद लिया पर वे न तो मेरे बड़े भाई (राहुल गांधी) को खरीद सके, न ही खरीद सकेंगे। भारत जोड़ो यात्रा के यूपी में प्रवेश करने के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा : मेरे बड़े भाई, इधर देखो। मैं कह रही हूं, मुझे तुम पर गर्व है। मेरे बड़े भाई, सबसे ज्यादा गर्व तुम पर है। अंबानी-अडानी तुम्हें नहीं खरीद पाए। पूरा सत्ता का जोर लगाया गया। सरकार ने हजार करोड़ रुपये खर्चे इनकी छवि को खराब करने के लिए लेकिन ये सच्चाई से पीछे हटे नहीं। इन पर एजेंसियां लगाई गईं लेकिन ये डरे नहीं। मेरे भाई को नहीं खरीद पाए और ना कभी खरीद पाएंगे। कांग्रेस नेता ने कहा : मेरे भाई तुम योद्धा हो। मोहब्बत की दुकान की फ्रेंजाइजी हर गली में खोलिए। राहुल सत्य का कवच पहन कर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### पाटन के सुठा विद्यालय में चोरी

**पाटन।** न्यू प्राथमिक विद्यालय पहाड़ी टोला सुठा में विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी का मामला प्रकाश में आया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक इस्तेखार अंसारी ने इस संबंध में किशुनपुर ओपी में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया है। आवेदन में कहा गया है कि नव वर्ष की छुट्टी के बाद जब सोमवार को प्रिंसीपल विद्यालय समय से खोलने पहुंचे तो वहाँ देखा गया कि पहले से ही ऑफिस व स्टोर रूम का ताला टूटा हुआ है। तब प्रिंसीपल ने इसकी सूचना पंचायत की मुखिया,समिति के अध्यक्ष व वार्ड सदस्य को दिया। जिसके बाद विद्यालय का निरीक्षण करने पर पाया गया कि मध्याह्न भोजन बनाने का सारा बर्तन, गैस-चूल्हा, बारह कुर्सी, खाद्य पदार्थ में सभी राशन,अंडा व विद्यालय के सभी रजिस्टर चोर उठाकर ले गये हैं। इस संबंध में ओपी प्रभारी कुमार नीरज ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। अपराधी जल्द ही पुलिस गिरफ्त में होंगे। गौरतलब है कि मकनपुर पाटन प्रखंड कई जगहों पर चोरी की घटना थमने का नाम ही नहीं ले रही है।

### नवाह्न महायज्ञ कराने को लेकर विचार -विमर्श

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पतरा खुर्द पंचायत के जपला-छतरपुर मुख्य मार्ग के खड़ारपर मोड़ के समीप ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में पंचायत के कई गांवों के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता जगदाचार्य स्वामी अजुर्नानंद भारती ने की। बैठक में नवाह महायज्ञ को लेकर विस्तृत विचार विमर्श की गई। फरवरी माह में महायज्ञ के आयोजन पर निर्णय लिया गया। इसके लिये अगली बैठक में कमेटी गठन का भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से विनय पासवान, मंदीप राम, उपेंद्र यादव, प्रदीप पासवान, गोविंद पासवान, लालू पासवान, व्यास संजय हलचल, अविनाश पासवान, भुनेश यादव, सरोज यादव, रामप्रताप यादव, राजेश यादव, ललन प्रसाद सिंह, सुधीर सिंह, भिखारी पासवान, बिगन कुमार राम, उमेश राम, गणेश राम, प्रेम शंकर राम, राणा प्रताप यादव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# कोहरा व शीतलहर से जन-जीवन अस्त व्यस्त, सड़कें रही सुनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में सुबह से ही घनी कोहरे की घनी चादर सुबह तक बनी रही। पूरे दिन धूप नहीं निकलने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। शीतलहर व कोहरे की वजह से वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा। बचते-बचाते लोग किसी तरह सफर तय कर रहे थे। ठंड की वजह से भी लोग परेशान दिखे। स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। सोमवार से ही कोहरा पड़ने की शुरूआत हो गई। सुबह से ही ठंडी हवा चलने की वजह से गाड़ियों की रफ्तार प्रभावित हुई। कोहरे और ठंडी हवाओं से अधिकतम तापमान पहली बार 20 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। पूरे दिन सूर्य के दर्शन तक नहीं हुए। कोहरे और ठंड के बीच बच्चे किसी तरह स्कूल गए। इसके अलावा नौकरी-पेशा वाले लोग भी सड़क पर जाते दिखे। सर्द हवा के असर से दिन के पारे में मामूली गिरावट देखी गई। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में कोहरा तेज पड़ने की संभावना है। पिछले दो दिनों से बदले मौसम के मिजाज ने आम जन-जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। प्रखंड के 22 पंचायतों में अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि हुसैनाबाद नपं क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था शाम को की गई है।



### स्कूली बच्चों के बीच किया गया वस्त्र का वितरण

**मनातू।** पलामू जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नवडीहा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुसमाटांड़ में मंगलवार को स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया बंधु भुइयाँ मौजूद थे। मुखिया ने बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि सरकार बच्चों की शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए हर संभव मदद कर रही है। बच्चों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का भरपूर फायदा उठाएं और बेहतर शिक्षा ग्रहण करने की सलाह दी। वहीं स्कूल के प्रधानाध्यापक सह सचिव दिनेश कुमार यादव ने बताया कि मेरे स्कूल में अठारह हजार छः सौ का फण्ड आवंटन किया गया हैं। जिसमें स्कूल के वर्ग एक से दों वर्ग के 31 छात्र छात्राओं को ड्रेस वितरण किया गया है।

## जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** बिहार के टंडवा पुलिस और एसएसबी 29 के सहयोग से जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य व फरार अभियुक्त दिनेश विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में हुसैनाबाद एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ हैदरनगर व हुसैनाबाद थाना में कांड दर्ज है। वह हैदरनगर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में जेजेएमपी का भय दिखाकर लेवी वसूलने का काम करता था। पुलिस ने पूर्व में हैदरनगर थाना क्षेत्र के पचंबा गांव से रविन्द्र पासवान उर्फ डीजीएम को गिरफ्तार किया था। वहीं दिनेश विश्वकर्मा फरार हो गया था। पलामू पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी की फरार अभियुक्त दिनेश विश्वकर्मा टंडवा थाना क्षेत्र के मूंगिया गांव में ठहरा हुआ है। गुप्त सूचना के आधार पर एक टीम गठित कर टंडवा पुलिस और एसएसबी के सहयोग से मंगलवार की अहले सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस अभियान में टंडवा बिहार और हुसैनाबाद पुलिस एसएसबी 29 काला पहाड़ के अधिकारी व पुलिस के जवान शामिल थे।

## जिला परिषद की दुकानों को एसडीएम ने की जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखण्ड मुख्य सिटी चौक पर जिला परिषद निधि से निर्मित दुकानों को गैर व्यवसायिक प्रभुत्व व्यक्तियो ने येन-केन-प्रकरेण आबंटन कराकर वर्षो से दुकानो की मासिक किराया ले रहे हं। मासिक किराया के अलावा कुछ लोगो ने लाखों की पगड़ी बतौर अथवा अप्रत्योक्ष रूप से 5 से 8 लाख रुपये तक लेकर इंफ्रॉण्ट ऑफ मेन साइड ऑफ रोड बेच चुके भी है। मंगलवार को डीसी, डीडीसी के निर्देश के आलोक में सदर एसडीएम पाटन पहुँचकर दुकानों की स्थलीय जांच तथा आबंटन की अद्यतन जानकारी लिया। हालांकि एसडीएम की आवांटित दुकानों की जांच की खबर मिलते ही सबलेट किये लोगों ने आनन फानन में दुकान पर पहुँचकर दूसरी कारोबारी को अपना कारोबार बताने में भरपूर प्रयास किया। एसडीएम के साथ सीओ लालबाबू, बीडीओ मनोज तिवारी, थाना प्रभारी गुलशन गौरव दल-बल के साथ उपस्थित थे। एसडीएम ने बताया है की 29 दुकानों की भौतिक सत्यापन एव आबंटन की कागजातों की मांग करने के दौरान 12 दुकानदारों ने आवांटित कागजातों के साथ दुकान आंबटन की साक्ष्य प्रस्तुत किया। शेष लोगो ने दो चार दिन में दुकान की कागजात प्रस्तुत करने की बात कहा है। एसडीएम ने बताया कि गैर व्यवसायिक तथा किराया ले रहे लोगो पर कार्रवाई करने को जिला परिषद को प्रतिवेदन देंगे। जिला परिषद संग्राम सिंह ने बताया है की 2005-06 में 31 तथा 2017-18 में 18 दुकानें पाटन के मुख्य चौराहा सिटी में जिला परिषद के द्वारा निर्मित है। जिसमें गैर व्यवसायिक व्यक्ति बाहरी लोग को दुकान आवंटन कराकर वर्षो से किराया ले रहे है। वर्तमान में दुकान संचालित कर रहे स्थानीय व्यक्ति को ही दुकान आवंटन करने की प्रक्रिया अपनाया जायेगा। वर्षो से किराया ले रहे लोगो से रेंट की वसूली की कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं 2005 से जिप परिषद की दुकान से किराया सरकारी कोष में जमा नही किया गया है।




## प्रखंड में मनरेगा योजना का किया जा रहा हैं दुरूपयोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू ।** पलामू जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नवडीहा पंचायत के ग्राम मधेया में सरकार के महत्वकांक्षी योजना मनरेगा का दुरूपयोग किया जा रहा है। ऐसा ही मामला ग्राम मधेया में देखने को मिला। यह योजना सत्र 21-22 में स्वीकृत की गई थी। स्वीकृत होने के बाद किसानों को पता चला उसके बाद किसानों ने प्रखंड विकासपदाधिकारी के नाम से एक लिखित आवेदन बनाकर दिये थे। आवेदन के माध्यम से किसानों ने बताया की योजना मनरेगा के तहत गलत रोड़ बनाया जा रहा हैं। जिसमें अगल बगल में किसी का घर नहीं हैं। ग्रामीणों को रोड़ बनने से कोई लाभ नहीं हैं। यह रोड़ नक्सा में नहीं हैं बल्कि पीड़ हैं और पीड़ पर 250 से 300 पलाश का पेड़ लगा हुआ हैं। ग्रामिणों ने पेड़ काटने से रोकने कि मांग की। किसानों के द्वारा मांग की गई की उचित कार्रवाई करते हुए काम को रोका जाय। इस कार्य में दबंग ठेकेदारों के द्वारा रात में सुचना बोर्ड बना दी गई है। यह योजना ग्राम मधेया में मेन रोड़ से दरेडी होते हुए देवराज सिंह के डेम तक मिट्टी मोरम स्वीकृत की गई हैं। इसकी कुल लागत 4,89,000 की लागत से बनने वाली हैं। इस मामले में रोजगार सेवक रामजी राम ने बताया की यह योजना 21-22 की हैं और बोर्ड में सत्र 22-23 में शामिल की गई हैं। ये सरासर गलत हैं और मना करने के बाद भी सुचना बोर्ड बना दी गई हैं। बोर्ड बनाने से कोई फायदा नहीं हैं इसका पेमेंट नहीं होंगी। मनातू प्रखंड के बीपीओ मोतीलाल शर्मा ने कहा की इसकी जानकारी मुझे पहले भी मिली थी। ये रोड़ नहीं बनेगी क्योंकि अगल बगल में किसी का घर भी नहीं हैं। रोड़ बनने से कोई फायदा नहीं हैं। रोजगार सेवक को मना कर दिया गया हैं।




## माँ से मिली प्रेरणा के चलते दो महिला कॉलेजों की स्थापना करायी : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी की माँ लक्ष्मी चंद्रवंशी की आठवीं पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर रेहला लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला महाविद्याल परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी व संचालन प्राचार्या नूतन रानी ने किया। कॉलेज परिसर में स्थापित लक्ष्मी चंद्रवंशी के आदमकद प्रतिमा पर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी ने श्रद्धा-सुमन अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि मेरी माँ हमेशा शिक्ष के प्रति उत्प्रेरित करते रहती थी। उनका कहना था कि शिक्षा से ही समाज मे इंकलाबी बदलाव आयेगा। अपनी माँ से मिली प्रेरणा से ही दो महिला महाविद्यालय की स्थापना उन्ही के नाम से किया गया। भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी ने कहा कि माँ का सपना पूरा कर उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि दी जा रही है। मौके पर पूर्व मंत्री ने जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया। मौके पर भाजपा नेता सुशील चौबे उर्फ टिकैत चौबे पुलिस निरीक्षक अजय कुमार,रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक,तेतरी चंद्रवंशी,मंजू चंद्रवंशी,संजय चंद्रवंशी,अनुराग चंद्रवंशी, मनीषा चंद्रवंशी, पुष्पा देवी, डॉ बीपी शुक्ला, शिक्षाविद अरुण कुमार सिंह, विवेक कुमार चंद्रवंशी,आदित्य चंद्रवंशी, तासु रानी,विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,रविंद्र नाथ उपाध्याय,बशिष्ठ दीक्षित,नीलम केशरी,नंदकुमार पांडेय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,रमेश राम, रजनीश कुमार, प्रमोद दीक्षित, आशुतोष कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, राहुल तिवारी, रामप्रवेश उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

### बाजार सुरक्षा समिति की हुई बैठक

**विश्रामपुर।** बाजार सुरक्षा समिति की एक अहम बैठक मंगलवार को स्थानीय डाक बंगला परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल व संचालन गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय ने किया। बैठक में दुकानदारों की सुरक्षा और एकजुटता पर बल दिया गया । इसके अलावा बाजार सुरक्षा समिति को सर्वसम्मति से पुनर्गठित किया गया। पुनर्गठित कमेटी का अध्यक्ष पंकज कुमार लाल को बनाया गया,वहीं रवींद्र नाथ उपाध्याय को कमेटी का प्रधान संरक्षक चुना गया। जबकि संजय पांडेय व लक्ष्मण साव को संरक्षक, संतोष कुमार गुप्ता व विजय कुमार राम को महासचिव, सहित कई लोग मौजूद थे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में दरुआ बेनी ने बड़ेपुर को 57 रन से किया पराजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** टीम सूर्या के के तत्वावधान में पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता बड़ेपुर उच्च विद्यालय के मैदान में टीम सूर्या बड़ेपुर बनाम टीम सूर्या दरूवा बेनी के बीच खेला गया। जिसमें दरूआ बेनी ने बड़ेपुर की टीम को 57 रन से हराया। मंगलवार को बाड़ेपुर उच्च विद्यालय के मैदान में खेले गये मैच में दरुआ बेनी की टीम ने बाड़ेपुर को 144 रन का लक्ष दिया। जवाबी पारी में बाड़ेपुर की टीम सिर्फ 87 रन ही बना पाई। दरुआ बेनी ने बाड़ेपुर को 57 रन से पराजित कर दिया। मैन ऑफ दी मैच का खिताब दरुआ बेनी टीम के विक्की को मिला। इन्होंने 9 छक्का की मदद से अपनी टीम के लिए 61 रन बनाये। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि बैरिस्टर सिंह ने कहा कि टीम सूर्या के बैनर तले लगातार किसी न किसी पंचायत में मैच खेला जायेगा। 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा कि सभी पंचायतों में टीम सूर्या क्रिकेट टीम है। क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने की मुहिम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन अलग अलग क्षेत्रों में किया जा रहा है। गौरतलब है कि टूर्नामेंट का उद्घाटन हुसैनाबाद के कपूरी मैदान में विधायक कमलेश कुमार सिंह व युवा नेता सूर्या सिंह ने गत माह किया था। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि बुधवार को सुबह 11 बजे से जपला- हैदरनगर मुख्य पथ स्थित सिमरसोत मैदान में मैच खेला जायेगा। मौके पर जोगेंद्र सिंह, एनसीपी नेता नीतू सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, ओमप्रकाश राजवंशी, राजेंद्र सिंह, विनय पासवान, उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री के हस्तक्षेप से मृतक की पत्नी को मिला मुआवजा व नौकरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पूर्व मंत्री ददई दूबे के हस्तक्षेप से मृतक मजदूर के पत्नी को मुआवजा तथा नौकरी मिल गई है। गौरतलब है कि पांडू थाना क्षेत्र के बरवाही गांव निवासी उम्मत रसूल बोकारो स्थित वेदांता इलेक्ट्रिकल प्लांट में ऑपरेटर का काम करते थे। पिछले 26 दिसंबर को उम्मत रसूल (37) की मौत कंपनी के आवासीय परिसर में संदेहास्पद स्थिति में हो गई थी। सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन बोकारो गए और कंपनी प्रबंधन व ठेकेदार से मिले। उन्होंने आश्रित को मुआवजा व नौकरी की मांग की। लेकिन परिजनों का दुखड़ा किसी ने नहीं सुना। मायूस परिजन पूर्व मंत्री ददई दुबे से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। तब ददई दुबे ने बोकारो स्थित अपने कार्यालय पर त्रिपक्षीय वार्ता बुलाई। जिसमे मृतक के परिजन, कंपनी के प्रतिनिधि व ठेकेदार शामिल रहे। वार्ता में सहमति के बाद मृतक के आश्रित को चार लाख मुआवजा,अंतिम क्रियाकर्म हेतु नकद पच्चास हजार रुपए और मृतक की पत्नी को स्थाई नौकरी मिली। मौके पर ददई दुबे ने कहा कि किसी भी कामगार के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। झारखंड के हर मजलूम के साथ ददई दुबे खड़ा मिलेगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### नप मुख्यालय स्थित जोड़ा मंदिर में केसरवानी वैश्य समाज का सम्मेलन

**विश्रामपुर।** जोड़ा मंदिर परिसर में केसरवानी वैश्य समाज का सम्मेलन हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता राजेंद्र केशरी व संचालन संतोष केशरी ने किया। सम्मेलन की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने कश्यप मुनि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। सम्मेलन में केसरवानी समाज के उत्थान पर बल दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज मे फैली कुरीतियों को संगठित होकर दूर किया जायेगा। इसके अलावे राजनीति में केसरवानी समाज के भूमिका पर भी चर्चा हुई । सम्मेलन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। मौके पर संरक्षक रामलखन केशरी, राजू केशरी, कामेश्वर केशरी, राजेश केशरी, राकेश केशरी, ललू केशरी, अवधेश केशरी, राजेंद्र केशरी, शिव केशरी, रंजीत केशरी, प्रमोद केशरी, सुबोध केशरी, संजय केशरी, अजय केशरी, प्रभा देवी, किरण केशरी, पूजा केशरी, जय प्रकाश केशरी, सुरेंद्र केशरी, विजय केशरी, सुभम केशरी, मंटू केशरी, उमेश केशरी,सतीश केशरी, मोनू केशरी, डॉ. पतंजलि केशरी सहित कई लोग मौजूद थे।


**कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा**
**पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा**
दूरभाष: (06526) 222932, फैक्स: 224599
ई-मेल: ssaloh@rediffmail.com lohardagassa@gmail.com

शिक्षा का अधिकार — सर्व शिक्षा अभियान — सब पढ़ें सब बढ़ें

**विज्ञापन संख्या–01/2023**
**कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना**

विभागीय आदेश संख्या 2835 दिनांक 03.11.2022 के आलोक में जिला में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 21.01.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कार्यालय, पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल, समाहरणालय, लोहरदगा में आमंत्रित किये जाते है। चयन से संबंधित शर्ते, अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निर्देश जिला के अधिकारिक वेबसाईट https://lohardaga.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा।

PR.NO.286572 Lohardaga(22-23):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-28/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा जिला के कुडू प्रखण्ड में लावागाई दारहाटांड़ से लोहरदगा प्रखण्ड के बाघा जाने वाले पथ में स्थित कोयल नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 7,28,76,800.00 | 14,58,000.00 | 10,000.00 | 24 माह |
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | :- | 05.01.2023 | | |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :- | दिनांक 05.01.2023 से 25.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | | |
| 4 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विषेष प्रक्षेत्र, धुर्वा, रॉची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि,एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय | :- | 27.01.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक | | |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | :- | मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, धुर्वा, रॉंची। | | |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- | 28.01.2023 अपराह्न 2:00 बजे | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा | | |
| 8 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० | :- | 9934523795 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर) | | |

9.निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा

PR286528 (Lohardaga)22-23*D



Email : eedwsd.chatra01@gmail.com
**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA**

Letter No :04 — **Corrigendum** — Date :02.01.2023

The following changes have been done due to some unavoidable circumstances in Tender Reference No. DWSD/CLTR/SVS/CTR/39/2022-23 (1st Call)Detailed survey, designing and drawing, Construction of 1383 Nos. FHTC in GidhourBlock of Chatra District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) & 05 Years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under D.W. & S. Division, Chatrafor the Year 2022-23 under (JJM)on published vide P.R. No. – 286032 (DWSD) 2022-23

| Previously Published | | Amended as follow |
|---|---|---|
| SBD (Technical) | Financial Year | Financial Year |
| SECTION – 1<br>APPENDIX to ITB Sl. No. – 2<br>The Last Five Years | 2016 - 2017 | 2017 - 2018 |
| | 2017 - 2018 | 2018 - 2019 |
| | 2018 - 2019 | 2019 - 2020 |
| | 2019 - 2020 | 2020 - 2021 |
| SECTION – 2<br>QUALIFICATION INFORMATION Sl. No. – 1.2<br>Total value of Civil Engineering construction βwork performed in the last five years** (In Rs. Million) | 2020 - 2021 | 2021 - 2022 |

Other condition will be same as mentioned in NIT & B.O.Q

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR 286536 Drinking Water and Sanitation(22-23)D



**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग,मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- 112/RI/2022-23/RWD/LATEHAR दिनांक :- 03.01.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/LATEHAR/02/2022-23 | बालू पक्की सड़क से तुरका टांड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.200 कि0मी0) | 3,18,02,086.00 | तीन करोड़ अठारह लाख दो हजार छियासी रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– **06.01.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **16.01.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **लातेहार** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– **17.01.2023** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **18.01.2023** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **लातेहार** के पक्ष में एवं **लातेहार** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 286605 Rural Work Department(22-23).D

# दूसरे दिन भी पलामू में पसरा कोहरा, धुंध की चादर गहरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में दूसरे दिन भी कोहरा के कारण दिन में सूर्य का दर्शन नहीं हो पाया। शहर समेत पूरा पलामू धुंध की चादर में सोमवार से समाया रहा। रात्रि आठ बजे के बाद अचानक नजारा बदलने लगा। देखते ही देखते सड़कों पर चलने वाले वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। फाग में लाइट के साथ-साथ इंडिकेटर जलने लगे। कई वाहनें तो सड़क के किनारे खड़ी हो गई। वाहन ओस की बूंदों में भीगने लगी। पूरी रात यही स्थिति रही। मंगलवार की सुबह करीब दस बजे तक यही स्थिति बनी थी। दिसंबर माह में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। कोहरे के साथ ठंड में भी इजाफा हो रहा है।



मंगलवार को पलामू का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री और अधिकतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन के 10 बजे तक कोहरा छाया रहा। बीच-बीच में कभी-कभी धूप भी निकली। लेकिन तेज धूप नहीं थी। दिन भर आसमान में बदल छाए रहे। ठंड बढ़ने के साथ-साथ पड़ रहे पाला के परत जमने से सबसे अधिक नुकसान अरहर व आलू के लगे फसल को होता है। यही कारण है कि पाला को लेकर किसान अभी से चिता करने लगे हैं। इधर, पिछले तीन दिनों से सुबह 9-10 बजे तक कोहरे-पाला की परत घनी रहती है। इसके बाद ही कुछ कुछ मौसम साफ होता है तो बादल अपना प्रभाव दिखाने लगता है। जानकारों व बूढ़े-बुजुर्गो का कहना है कि इस वर्ष ठंड का प्रभाव अधिक रहेगा। ठंड के कारण दोपहर बाद ही बाजार में लोगों की भीड़ कम और सड़कें सूनी हो जा रही है।

## कड़ाके की ठंड को देखते हुए विद्यालय बंद हों : किशोर

**मेदिनीनगर।** अभिभावक संघ के प्रदेश अध्यक्ष और सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने पलामू के उपायुक्त से आग्रह किया है कि पलामू जिले में ठंड के प्रकोप को देखते हुए नर्सरी से लेकर आठवीं तक सभी सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय को एक सप्ताह तक बंद कराने का आदेश निर्गत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ठंड इस कदर बढ़ गया है कि सुबह बच्चों को स्कूल जाना बहुत मुश्किल हो रहा है और अभिभावकों को भी ज्यादा परेशानी हो रही है। इसलिए ठंड में बच्चों और अभिभावकों के साथ कोई अप्रिय घटना ना घटे इसलिए जिला प्रशासन को स्वतः संज्ञान लेते हुए सभी शिक्षण संस्थानों को शीघ्र बंद कराने का आदेश निर्गत करना चाहिए। गौरतलब है कि पलामू में विगत दो-तीन दिनों से कोहरे के कारण सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। तापमान में भी लगातार गिरावट देखी जा रही है। जिसके कारण स्कूल जाने वाले बच्चों को भी सुबह में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही स्कूल के वाहनों को भी सड़कों में विजिबिलिटी कम होने के कारण वाहन चलाने में समस्या हो रही है।



## NEWS इन ब्रीफ

### राशन डीलरों के विरुद्ध उपायुक्त का कार्रवाई जारी

**मेदिनीनगर।** अनियमितता एवं राशन गबन करने वाले राशन डीलरों पर उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे का कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को पांकी के सुड़ी पंचायत के राशन डीलर पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। ज्ञातव्य है कि कुछ दिनों पूर्व सुड़ी के ग्रामीणों ने उपायुक्त से मिलकर राशन डीलर अनिल कुमार यादव पर 40 मृतकों के नाम पर सैकड़ों क्विंटल सरकारी अनाज हड़पने को लेकर शिकायत की थी। जिसके आलोक में उपायुक्त ने टीम गठित कर पूरे मामले की जांच करवायी। जांच के क्रम में डीलर अनिल कुमार यादव के विरुद्ध शिकायत सही पाया गया जिसके पश्चात उपायुक्त ने पांकी के अंचलाधिकारी को उक्त राशन डीलर पर प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर निर्देशित किया था।

### हार्ट अटैक से युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू फोटो एसोसिएशन के संरक्षक सह थाना रोड स्थित पलामू कलर लैब के प्रोपराइटर विजय कुमार कश्यप के बड़े बेटे राजीव कुमार कश्यप की हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन कल रांची में हो गया। वह 39 वर्ष के थे। उन्हें अचानक हृदय में दर्द हुआ। डॉक्टरों ने उनका इलाज किया पर वह नहीं बच सके। उनके निधन का समाचार सुन शहर में शोक की लहर छा गई है। आज उनका अंतिम संस्कार मेदिनीनगर स्थित राजा हरिश्चंद्र घाट पर किया गया। राजीव के निधन पर शहर के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, समाजसेवियों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। इस दौरान पलामू फोटो एसोसिएशन के सदस्य भी मौजूद रहे।

### पारसनाथ को तीर्थ स्थल बनाया जाये : अरविंद

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के संगठन प्रभारी सह भाजपा पलामू जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि जैन समाज के साथ अन्याय ना हो। पारसनाथ को पर्यटन स्थल नहीं तीर्थ स्थल ही रहने दिया जाए। पारसनाथ जैन समाज के करोड़ों लोगों का आस्था का केंद्र रहा है। जैन मुनि तीर्थ, तपस्या और मोक्ष की प्राप्ति इसी स्थान पर की है। उन्होंने कहा कि सम्मेद शिखर की पवित्रता बनाए रखने के लिए झारखंड सरकार को तत्काल फैसला वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य का पूरा वैश्य समाज जैन समाज के साथ है। गौरतलब है कि झारखंड सरकार के द्वारा पारसनाथ के सम्मेद शिखर को पर्यटक स्थल में विकसित करने की निर्णय के बाद जैन समाज में आक्रोश व्याप्त है और लगातार इसके विरोध में प्रदर्शन भी किया जा रहा है।

### आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा मांग पत्र

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर माननीय मुख्य मंत्री के नाम से मांग पत्र सौंप। उपरोक्त विषय पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों में मरांग गोम के जयपाल सिंह मुण्डा के जन्म दिवस 3 जनवरी को झारखण्ड आंदोलनकारी दिवस घोषित करें। झारखण्ड आंदोलनकारीयों को तीन महिने के अन्दर चिन्हित कर उन्हे मान सम्मान नियोजन पेंशन स्वास्थ शिक्षा तथा बोर्ड का अध्यक्ष बनाकर सम्मानित करें। उनके सिकायत पर तत्काल कार्यवाई करें। स्व. माता सावित्रि बाई फुले के नाम से झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा एक पुस्तकालय खोलना चाहता है। त्वरित कार्यवाई करते हुए जमीन उपलब्ध करवाने का कृपा करें। स्युक्त बिहार झारखण्ड में बरवाडीह प्रखण्ड के ग्राम- मोरवाई टोला बढ़नीया से तीन छात्राऐं है कि खेलने के लिए बिहार एलेवन टीम में चयनित हुई थी यहाँ पर हॉकी खेल को प्रोतसाहन देने पर राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी भी निकल सकते है। बरवाडीह मे आधुनिक हॉकी स्टेडीयम का निर्माण कराया जाए।

## मार्च में हो सकती है मैट्रिक -इंटर की परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के मैट्रिक और इंटर के विद्यार्थियों के लिए मार्च माह में वार्षिक परीक्षा होने की संभावना बताई जा रही है। इसके लिए जैक बोर्ड की तैयारी चल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य सरकार के निर्देश के बाद जैक बोर्ड के चेयरमैन ने मैट्रिक और इंटर परीक्षा को लेकर जानकारी दी है। जिसमें उन्होंने बताया है कि मैट्रिक-इंटर की परीक्षा का डेटशीट जल्द जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 14 मार्च से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा आयोजित की जा सकती है। ज्ञात हो कि पिछले दो वर्षों में कोरोना के कारण मैट्रिक और इंटर की परीक्षा बाधित हुई है लेकिन इस बार कोरोना के प्रभाव कम है। जिसे देखते हुए मार्च में परीक्षा देने की योजना बनाई जा सकती है। **एक ही टर्म में आयोजित होगी परीक्षा :** जैक बोर्ड के चेयरमैन के अनुसार होली के बाद मैट्रिक और इंटर की परीक्षा ली जा सकती है। परीक्षा एक ही टर्म में आयोजित की जाएगी। जिसमें पूरे सिलेबस से सवाल पूछे जाएंगे। उन्होंने बताया कि पिछले साल के मुकाबले इस बार परीक्षा केंद्रों की संख्या कम हो सकती है।

### नौडीहा में महिला का शव बरामद, पति गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र की लक्ष्मीपुर पंचायतअंतर्गत ग्राम मांडर से पुलिस ने एक अधेड़ महिला का शव उसके घर से बरामद किया है। जिसकी पहचान 35 वषीर्या टूकसी देवी (पति राजदेव भुईयां) के रूप में की गई है। महिला के मायके वालों ने उसके पति और ससुराल वालों के खिलाफ थाने में लिखित आवेदन देकर टुकशी देवी की हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के पिता सरयू भुईयां ने कहा कि टुकशी के पति राजदेव भुईयां हमेशा इसके साथ मारपीट करता था। उन्होंने कहा कि पड़ोसियों से पता चला कि टुकशी लापता है। जब वे उसके ससुराल पहुंचे तो उसका शव पड़ा पाया।

## अभाविप की प्रदेश कार्यकारिणी में पलामू के कई छात्र शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, झारखंड प्रदेश का 23वां प्रांतीय अधिवेशन 24 से 27 दिसंबर का हजारीबाग में जिला स्कूल मैदान में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में पूरे प्रदेश भर से लगभग 1200 से अधिक छात्र - छात्राएं शामिल हुए। अधिवेशन में मुख्य अतिथि केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा थे। अधिवेशन में कार्यकर्ताओं द्वारा तीन प्रस्ताव पारित किए गए। सम्मेलन में तय हुआ कि झारखंड के शैक्षणिक परिदृश्य, सामाजिक परिदृश्य एवं स्वावलंबी झारखंड को लेकर अगले 1 वर्ष तक विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता समाज और छात्र समुदाय के मध्य कार्य करेंगे। चार दिनों तक चले इस अधिवेशन में सत्र 2022-23 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें पलामू के रोहत देव को प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख, स्नेहा रानी को प्रदेश छात्रा सह प्रमुख, आनंद पांडेय को प्रांतीय विश्वविद्यालय कार्य सह प्रमुख, अभय वर्मा को प्रदेश खेल सहसंयोजक, रामा शंकर पासवान को जनजातीय छात्रावास सह प्रमुख और दीक्षा कुमारी को पलामू विभाग छात्रा प्रमुख की जिम्मेवारी दी गई। साथ ही विनित पांडेय को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं कुमारी आरती, गोविंद मेहता और विवेक तिवारी को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेवारी दी गई। पलामू जिले के इतने कार्यकर्ताओं पर भरोसा जताने के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया एवं सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी। शुभकामना देने वालों में जिला एसएफएस प्रमुख सुमित पाठक, नगर सह मंत्री नीतीश दुबे, प्रकाश पांडे, अभिषेक रवि, गौतम कुमार, गीतांजलि कुमारी, रजनीकांत मिश्रा, विपीन यादव, धीरज कमार सहित कई छात्रछात्राएं रहें।



## परशुराम सेना के युवा वाहिनी के अर्जुन ने पांच लाख दान में दिये

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय कथा वाचक राजन महाराज के कथा आयोजन कमेटी को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) ने पांच लाख एक हजार रुपये की दान राशि सौंपा। श्री पांडेय ने चैनपुर प्रखंड के ग्राम बंदुआ स्थित अपने आवास पर मंगलवार को दान राशि सौंपने के क्रम में बताया कि धर्म के कार्यक्रम में प्रत्येक सनातनी को भाग लेना चाहिए। ज्ञात हो की जिला गढ़वा के ग्राम हुर में 22 जनवरी से राजन महाराज का भव्य कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है। दान राशि सौंपने के क्रम में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, प्रदेश अनुशासन कमेटी के अध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, जिलाध्यक्ष विकास दूबे, बबलू पांडेय, हूर पंचायत के मुखिया बसंत चौबे, नारायण पाण्डेय, प्रदीप चौबे, अशोक तिवारी, धर्मजीत चौधरी, बालकृष्ण धर दूबे, संजयधर दूबे, सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।



## वनभोज रोजमर्रे की एकरसता को खत्म कर समरसता लाती है : अविनाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के संचालक अविनाश देव ने नया वर्ष पर पिकनिक का आयोजन किया। मौके पर उपस्थित अविनाश देव ने कहा कि रोजमर्रे की जिंदगी में जीविकोपार्जन के लिए श्रम करते हैं तो लम्बे प्रक्रिया के बाद मानसिक रूप से थकान ऊबन और असहज महसुस करने लगते हैं और काम में गिरावट आने लगती है। ऐसी हालत से उबरने और काम को गुणात्मक गति देने के लिए जैविक जरूरत है। मानसिक संतुलन दिमागी एकाग्रता और शारिरिक आराम अपनो के बीच अपनापन स्नेह, भीड़ से कोसो दूर प्राकृतिक के गोद में एकांतवास मनोरंजन जो दिल व दिमाग को ताजगी प्रदान कर सके। सबो ने इस सुंदर प्राकृतिक स्थल का अवलोकन करते हुए एक-एक पल को मेमोरी के रूप में कैद किया और आभा की सुंदरता को निहारा। इन तमाम मनोवैज्ञानिक कारणों का हल है वनभोज नए साल के बहाने जश्न रोमांस। उपरोक्त स्थितियों के मद्देनजर संत मरियम विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका कर्मचारी, पदाधिकारीयों को वनभोज पर ले जाया गया। पलामू का बहुत ही शानदार जलाशय पहाड़ पठार खान खनिज के बीच एक जगह है मलय डैम जहां पड़ाव डाल सभी शिक्षकों ने खूब मस्ती किया। बोटिंग किया, लजीज आहार का लुत्फ उठाया और मन को हल्का किया। यह जगह सबों को खूब भाया सरकार एवं पर्यटन विभाग से सोशल मीडिया के जरिए शैलानियों के लिए बेहतर व्यवस्था आकर्षक आकार स्थापित हेतु संदेश प्रेषित किया। युवाओं नव जोड़ो के लिए खूब बढ़ियां सम्भावना है जहां से सरकार को राजस्व की प्रप्ति भी होगी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, उप प्रधानाचार्य एस बी साहा, छात्रावास अधीक्षक रीना कुमारी अतिथि आफताब आलम सहित दो सौ सम्मानित शिक्षक कर्मचारियों की धमाकेदार उपस्थित रही।



## ओबीसी मोर्चा ने मनाया सवित्री बाई फुले की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यालय में माता सावित्रीबाई फुले की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता समेत कई लोगों ने देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। श्री गुप्ता ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने देश में कठिन संघर्ष कर महिलाओं के लिए शिक्षा का द्वार खोलने का काम किया था। जिसका परिणाम है कि आज भारत की नारियां देश ही नहीं विदेश में परचम इस लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा झारखंड सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता है कि सरकार ने सावित्री बाई समृद्धि योजना का शुभारंभ किया है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने माता सावित्रीबाई फुले के नाम पर विभिन्न योजनाओं का नामांकरण करने, स्कूल कॉलेज में उनकी तस्वीर लगाने और सार्वजनिक स्थलों पर उनकी आदम कद प्रतिमा लगाने की मांग क थी। श्री गुप्ता ने सरकार से मांग की कि जिस तरह से देश में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। उसी तरह से देश में महिला दिवस मनाया जाय ताकि बच्चों को उनके बारे में जानकारी प्राप्त हो सके। अवसर पर अभय प्रसाद, राम लखन साहू, संतोष शर्मा, श्याम सुंदर प्रसाद, शिव प्रसाद साहू सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।



## जयपाल सिंह मुंडा झारखण्ड आंदोलन के अग्रणी नेता थे : उदय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में संविधान सभा के सदस्य एवं हॉकी के प्रसिद्ध खिलाड़ी जयपाल सिंह मुण्डा की 116 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कि संचालन संजय कुमार ने किया। सर्वप्रथम जगपाल सिंह के तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर कार्यक्रम कि शुरूआत की गई। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि जयपाल सिंह मुण्डा झारखण्ड आंदोलन के अग्रणी नेता थे। अलग राज्य के आंदोलन के आवाज बुलंद करने वाले पहले क्रांतिकारी थे। जिनका जन्म 3 जनवरी 1903 ई. को राँची में हुआ था। जयपाल सिंह मुण्डा भारतीय हॉकी खिलाड़ीयों में से एक थे। वर्ष 1928 से 1956 तक का समय भारतीय हॉकी के लिए स्वैणिमयुग था। जयपाल सिंह को वर्ष 1928 में एमस्टर्डम में आयोजित ओलम्पीक खेल में भारतीय हॉकी टिम का कप्तान नियुक्त किया गया था। ओलम्पीक में जयपाल सिंह के नेतृत्व में देश के लिए स्वर्ण पदक जिता था। संविधान सभा में जयपाल सिंह ने आदिवासीयों के हक अधिकार के लिए आवाज बुलंद किया था।

## अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन सम्मान समारोह रांची में भाग लें : देवेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल वैश्य महासम्मेलन के कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद गुप्ता ने वैश्य के सभी 54 उपजातियों से आग्रह किया है। वहीं आगामी 8 जनवरी 2023 को दिगंबर जैन भवन रांची में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन रांची प्रदेश कमेटी द्वारा आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पलामू प्रमंडल के गढ़वा, पलामू, लातेहार से तमाम वैश्य परिवारों से आग्रह किया है। महासम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश कुमार संघी एवं महामंत्री गोपाल मौर्य समेत अन्य प्रमुख पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में वैश्य जाति के नवनिर्वाचित प्रमुख पूर्व विधायक मेयर व डिप्टी मेयर, पार्षद व समाज के सभी प्रमुख लोगों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं झारखंड के समस्त वैश्य समाज को संगठित करने का मुख्य उद्देश्य होगा एवं आगामी निकाय चुनाव में वैश्य की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित हो इस पर विचार विमर्श किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश कुमार संघी द्वारा 2023 के दौरान 9 राज्यों के विधानसभा में होने वाले चुनाव एवं झारखंड में नगर निकाय चुनाव को लेकर वैश्य के तमाम उप जातियों को हौसला अफजाई करते हुए जागरूक करेंगे।

**समाधान** | एसडीओ को कार्रवाई करने का दिया सख्त निर्देश

## जनता दरबार का आयोजन,सुनी समस्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में उपायुक्त श्री दोड्डे ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे 25 से अधिक लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन, जमीन मापी,जबरदस्ती जमीन कब्जा, भुगतान, राशन नहीं मिलने, माइंस बंद करने, डीप बोर व जमीन को सरकारी अतिक्रमण मुक्त करवाने से संबंधित मामलों पर सुनवाई हुई।

**पाटन के उताकी में संचालित स्टोन माइंस को कैंसिल करने की मांग :** जनता दरबार में पाटन के उताकी में संचालित सतीश तिवारी का स्टोन माइंस कैंसिल करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया.इस आवेदन में स्थानीय 50 ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षर कर उक्त स्टोन माइंस को बंद करने को लेकर आवेदन दिया गया। दिए गये आवेदन के अनुसार उक्त स्टोन माइंस रद्द को रद्द किये जाने को लेकर भी कारण मौजूद है। बावजूद इसके यह संचालित किया जा रहा है।



विश्रामपुर अंचल के ग्राम तोलरा से आयी श्यामा देवी ने उपायुक्त को बताया कि उनके पड़ोसी मुखदेव तिवारी ने उनके हिस्से के जमीन पर जबरदस्ती घर बना लिया है। श्यामा देवी ने उपायुक्त को बताया कि इस मामले को लेकर वो सीओ, थाना प्रभारी व एसडीओ के पास कई बार गयी एवं उक्त जमीन पर धारा 144,145,146,188 सब हुआ। बावजूद इसके उनके पड़ोसी ने जबरदस्ती घर का निर्माण कार्य जारी रखा। महिला ने उपायुक्त को बताया कि उनके पति मातृभूमि की सेवा में बॉर्डर पर है और यहां उनके पुश्तैनी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा किया जा रहा है। श्यामा देवी ने उपायुक्त से जमीन की मापी करवाने की मांग की। इसपर उपायुक्त ने सदर एसडीओ को कॉल कर पूरे मामले की जांच करने एवं जांच के पश्चात दोषी पाए जाने पर पड़ोसी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया। इसी तरह चैनपुर के भगन भुइयां ने उपायुक्त से कहा कि पिछले एक वर्ष से अपने जमीन का रसीद कटवाने को लेकर परेशान हूं। बावजूद इसके चैनपुर अंचलाधिकारी द्वारा रुचि नहीं दिखाया जा रहा है। वहीं उपायुक्त ने चैनपुर सीओ को अविलंब रसीद काटने हेतु निर्देशित किया।

## लकड़ी दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के दो नंबर टाउन स्थित मिथिलेश शर्मा के लकड़ी दुकान में बीती रात 10:00 बजे आग लगने से लाखों के सामान जलकर राख हो गए। इसके बाद मकान मालिक ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही दो नंबर टिओपी 2 के प्रभारी रूद्रानंद सरस घटनास्थल पर पहुंचकर इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड का वहां घटनास्थल पर पहुंचकर आग को बुझाने में सफल रहे।

### इप्टा ने नुक्कड़ नाटक से किया प्रचार

**मेदिनीनगर।** इप्टा के द्वारा मंगलवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के द्वारा सफदर हाशमी के शहादत दिवस मनाया गया। इप्टा के कलाकारों ने लोकगीत के माध्यम से अपने राष्ट्रीय सम्मेलन का प्रचार-प्रसार भी किया। इप्टा के कलाकारों के द्वारा सड़कों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सफदर हाशमी के सहादत को बताया गया।

NEWS इन ब्रीफ

## बढ़ती ठंड से राहत के लिए अलाव की व्यवस्था की गयी



**रमना।** 2जनवरी से बढ़ती ठंड के मद्देनजर जिला प्रशासन के आदेश के आलोक में प्रखंड मुख्यालय के सर्वेश्वरी चौक और शहीद भगत सिंह चौक के समीप आम जनता को ठण्ड से राहत प्रदान करने के लिए अलाव जलाने का काम शुरू कर दिया गया है। रमना अंचल के सीओ सतीश कुमार सिन्हा ने बताया कि उपायुक्त रमेश घोलप के आदेश व आम जनता की मांग को देखते हुए मंगलवार शाम से ही दो स्थानो सर्वेश्वरी चौक और शहीद भगत सिंह चौक के समीप अलाव जलाया गया। यह सुबह और शाम को अब लगातार जारी रहेगा जब तक ठण्ड कम नहीं हो जाता । रमना मे अलाव जलाए जाने पर स्थानिय मुखिया दुलारी देवी, झामुमो नेता नागेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य लोगों ने सराहना की है।

## झामुमो प्रखंड अध्यक्ष की पहल पर दिव्यांग को मिला ट्राई साइकिल




**भवनाथपुर।** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चंदन ठाकुर के पहल पर बीडीओ जयपाल महतो ने मकरी पंचायत के कड़ियां निवासी सत्येंद्र साव को ट्राई साइकिल एवं सुरेश राम को विलचेयर प्रदान किया। बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा गरीब, असहाय, वृद्ध एवं विकलांगो के लिए सरकार के द्वारा अनेको जन उपयोगी योजना चलाई जा रहीं है। साथ ही समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जन उपयोगी योजनाओं को पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। मौके पर आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका रिंकी कुमारी, सुचित्रा देवी, पिंटू आलम, मौजूद थी।

## पेड़ से गिरकर ग्रामीण घायल

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के सरस्वतिया गांव निवासी शेख नूर आलम मंगलवार को पेड़ से गिरकर घायल हो गया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार शेख नूर आलम बबूल के पेड़ पर दतुअन तोड़ने के लिए चढ़ा था। इस दौरान पैर फिसलने से वह नीचे गिरकर घायल हो गया। उसके कमर में चोट लगी है।

# स्वास्थ्य : ठंड में बुजुर्गों की सेहत का रखें विशेष ख्याल: डॉ अरशद

## हर साल ठंड में पैरालिसिस के मरीजों की संख्या गर्मियों की अपेक्षा बढ़ जाती है



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** हाड़ कंपाने वाली ठंड ने केवल बुजुर्ग बल्कि युवाओं को भी दिन भर गर्म कपड़े पहनने को विवश कर दिया है। रोजाना लोगों को कड़कड़ाती ठंड सताने लगी है। बदलते मौसम में बीमारियां होना स्वभाविक है। तवा हॉस्पिटल के संचालक डॉ अरशद अंसारी ने बताया कि ऐसे समय में बुजुर्गों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों हार्ट अटैक, दमा, पैरालिसिस के अटैक का खतरा ज्यादा रहता है।



### पैरालिसिसि

हर साल ठंड में पैरालिसिस के मरीजों की संख्या गर्मियों की अपेक्षा बढ़ जाती है। इस बीमारी में दिमाग की नसों में ब्लाक होने से खून का जमाव हो जाता है। ब्लड का प्रवाह नहीं होने से रक्त नालिका से जुड़े शरीर के अन्य भाग काम करना बंद कर देते हैं। डॉक्टरों के अनुसार ब्रेन स्ट्रोक यानि पैरालिसिस का ठंड से सीधा संबंध है। सर्दियों में ब्लड गाढ़ा हो जाता है।


### कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर पर नियंत्रण रखें

शरीर को गर्म रखने के लिए रक्तचाप भी बढ़ जाता है, वहीं ठंड के मौसम में लोग बेहतर स्वास्थ्य के लिए ज्यादा कैलोरी युक्त भोजन लेने लगते हैं। इससे कोलेस्ट्रॉल काफी तेजी से बढ़ता है। यह बीमारी अक्सर 50 से ऊपर उम्र वालों को ही होती है। इसके साथ-साथ तनाव मुक्त जीवन जीने की सलाह दी जाती है। तनाव का भी असर ब्रेन स्ट्रोक पर पड़ता है। सर्दियों में इस बीमारी से बचने के लिए लोगों को चाहिए कि वे अपने कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर पर नियंत्रण रखें।



### लोगों से तनाव मुक्त जीवन जीने की सलाह

### ब्रेन स्ट्रोक का खतरा ज्यादा



मौसम के मुताबिक लोगों के ब्लड सकुर्लेशन सिस्टम में जरूरी बदलाव होने से लकवे का खतरा बढ़ जाता है। डायबिटीज, हृदय रोग, मिर्गी और ब्लड प्रेशर कम अथवा ज्यादा होने की बीमारी से पीड़ित मरीजों को सर्दियों में ब्रेन स्ट्रोक का खतरा ज्यादा होता है। ब्रेन स्ट्रोक होने की स्थिति में व्यक्ति के शरीर के किसी भाग में अचानक कमजोरी, तुतलाना, बेहोशी या कम दिखाई देने आदि के लक्षण नजर जाते हैं। इस स्थिति में डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए।

### बचाव के उपाय

- बाहर निकलने से पहले माथे और शरीर को गर्म कपड़ों से अच्छी तरह से ढंके।
- मार्निंग वॉक के दौरान शरीर से पसीना निकलने पर गर्म कपड़ों को शरीर से अलग करें।
- दो-दो सप्ताह के अंतर से ब्लड प्रेशर की जांच कराएं।

### खून जमने से फट सकती है शरीर की नसें

- तेजसर्दी से एक्सपोजर होने पर ब्लड में काटीसील हार्मोन का लेवल बढ़ जाता है। इससे खून जमने लगता है। ठंड से सिकुड़ी नसों में गाढ़े खून का प्रेशर बढ़ने पर फट जाता हैं।

# आदमखोर तेंदुआ



## 4 लोगों को अपना शिकार बना चुका है, आसानी से पकड़ में नहीं आया तो होगा... एनकाउंटर

### पकड़ने की सारी कोशिशें फेल

एक महीने में गढ़वा और लातेहार में 4 बच्चों की जान ले चुका तेंदुए पूरे इलाके के लिए बड़ा खतरा है। गढ़वा जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी शशि कुमार, रंका प्रक्षेत्र के गोपाल चंद्रा और विभाग के रमाशंकर प्रसाद और राजीव पांडेय टीम के साथ तेंदुए को पकड़ने में लगे हैं। अब तक विभाग को सफलता नहीं मिली है। तेंदुआ बार- बार अपना लोकेशन बदल रहा है।

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में लगातार चार लोगों की जान लेने वाले तेंदुए को आदमखोर घोषित कर दिया गया है। वन विभाग की टीम ने कई दौर की बैठक के बाद यह फैसला लिया है। गढ़वा का जंगली इलाका पलामू, छत्तीसगढ़, लातेहार से सटा हुआ क्षेत्र है।

फिलहाल तेंदुए को पकड़ने की कोशिश की जाएगी। अगर वो आसानी से टीम की पकड़ में नहीं आएगा तो उसका एनकाउंटर किया जाएगा। हैदराबाद से मशहूर ट्रैंकुलाइज शूटर नवाब शफत अली खान को बुलाया गया है। अब तेंदुए को शूटर की मदद से ट्रैंकुलाइज किया जाएगा। इसके बाद उसे बेहोशी की हालत में ही रेस्क्यू सेंटर लाया जाएगा। विभाग अंतिम विकल्प के तौर पर उसे मारने का निर्णय लेगा।

### तेंदुआ अब तक 4 लोगों को अपना शिकार बना चुका है

पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में 100 से ज्यादा तेंदुए हैं। गढ़वा के रंका, रमकंडा, भंडरिया,चिनिया इलाके में तेंदुए का सबसे ज्यादा खौफ है। अब तक वन विभाग उस तेंदुए की पहचान में असफल रहा है जो आदमखोर है। इलाके में एक नहीं तीन- तीन तेंदुओं के निशाना मिले हैं। ऐसे में वन विभाग के सामने एक बड़ी चुनौती है कि पहले तेंदुए की पहचान की जाए। अब तक आदमखोर तेंदुए की पहचान नहीं हो पाई है।

### गांवों में पिंजरे और ट्रैपिंग कैमरे लगाये गये

#### 50 कैमरों से रखी जा रही है नजर

कोमंगराही गांव में पिंजरे और ट्रैपिंग कैमरे लगाए गए थे। इसी बीच एक पेंच फंस गया। विभाग का मानना था कि एक ही तेंदुआ अलग-अलग जगह बच्चों पर हमला कर रहा है। पर, अब ड्रोन कैमरे में एक साथ तीन तेंदुए दिखे। 50 कैमरों से इलाके की निगरानी की जा रही है। अब इन तीनों में कौन सा तेंदुआ आमदखोर है, उसकी पहचान करना विभाग के लिए चुनौती बन गया है।

#### गन तो है चलाने वाला एक्सपर्ट नहीं

तेंदुए को बेहोश करने के लिए वन विभाग के पास ट्रैंकुलाइजर गन तो है, लेकिन उसे चलाने के लिए झारखंड में कोई एक्सपर्ट नहीं है। कितनी मात्रा में दवा दी जाती है, गन का निशाना क्या होना चाहिए इसे लेकर भी जानकारी होनी चाहिए।

## नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षरता कर्मियों के साथ बैठक

**खरौंधी।** बीडीओ गणेश महतो की अध्यक्षता में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत प्रखंड के सभी प्रेरक सह एमटी की एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ ने सभी प्रेरक सह एमटी से परिचय प्राप्त किया एवं नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक सभी लोगों को बताया। बीडीओ ने जिला साक्षरता मिशन से प्राप्त निर्देश के आलोक में सभी प्रेरक सह एमटी को 5 जनवरी तक सर्वे कर असाक्षरो की सूचि एवं पंचायत साक्षरता समिति का पुनर्गठन कराते हुए रिपोर्ट प्रखंड साक्षरता कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया।

### दिये कई निर्देश

बीडीओ ने इस कार्यक्रम के लिए लोक शिक्षा केंद्र के संयोजक को भी पत्र के माध्यम से निर्देश दिया है। बैठक में प्रखंड साक्षरता कर्मी सह केआरपी रंजू गुप्ता प्रेरक सह एमटी स्वीटी देवी, अखिलेश साह, नजरे आलम, सुशील कुमार यादव, संगीता कुमारी, संध्या देवी,रविता कुमारी, लीलावती देवी, माया आजाद, ललिता देवी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# महोत्सव: फरवरी या मार्च में होने की संभावना है: भाजपा



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय,नगर प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे ने गुलाब मेमोरियल मार्केट परिसर में मंगलवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर कहा कि लोकप्रिय सांसद विष्णु दयाल राम तथा विधायक भानुप्रताप शाही के अथक प्रयास से बंशीधर महोत्सव आयोजित करने की स्वीकृति मिली है। यह जिलावासियों के लिये नव वर्ष का सबसे बड़ा उपहार है। नेताओ ने कहा कि कोरोना काल मे बंशीधर महोत्सव नही हो पाया था,जिससे यहां के लोगों में मायूसी थी। स्वीकृति मिलने के बाद एक बार फिर से महोत्सव आयोजित होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। महोत्सव फरवरी या मार्च में होने की संभावना है कि बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा मिल चुका है।

### घटना की कड़ी निंदा

हमारी सरकार मंदिर को पर्यटन पटल पर स्थापित करने को लेकर कार्य कर रही है। सांसद बीड़ी राम ने लोकसभा में मंदिर को श्री कृष्ण सर्किट से जोड़ने की मांग कई बार कर चुके हैं नेताओ ने विशुनपुरा में मनोज गुप्ता द्वारा बनाये गये चाहरदीवारी को गिराये जाने की घटना की कड़ी निंदा किया है नेताओ ने कहा कि कुछ सामंतवादी विचारधारा के लोगो द्वारा चाहरदीवारी गिराया गया है।नेताओ ने प्रशासन से उचित कार्रवाई करने की मांग किया है।प्रेसवार्ता में संजय कसेरा, विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सोबराती खां, राम लखन गुप्ता, संजय कुमार चौबे, प्रो0 महमूद आलम,अविनाश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक पर बाउंड्री ध्वस्त करने का आरोप

# कानून को हाथ में ले रहे सामंतवादी लोग

नवीन मेल संवाददाता

**विशुनपुरा/गढ़वा।** पूर्व विधायक राज राजेन्द्र प्रताप के द्वारा अर्ध निर्मित बाउंड्री को ध्वस्त करने का मामला तूल पकड़ लिया है।

मालूम हो कि पिछले दिनो विशुनपुरा निवासी मनोज गुप्ता के द्वारा निर्माण कराया गया चार दीवारी को पूर्व विधायक राजराजेंद्र प्रताप देव के द्वारा अर्धनिर्मित चहारदीवारी को ध्वस्त कर दिया था। जिसकी जानकारी मिलने पर वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही ने संज्ञान में लिया है। विधायक के निर्देश पर भाजपा की एक टीम घटना स्थल पर पहुच कर जानकारी लिया।

### घटनास्थल पहुंचे जिलाध्यक्ष

वही घटना स्थल पर पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि यह बहुत ही गम्भीर मामला है। सामंतवादी विचार धारा के लोग आज भी कानून को हाथ मे लेकर ऐसी घटना को अंजाम दे रहे है।

इसका ताजा प्रमाण है कि व्यवसायी मनोज गुप्ता के द्वारा अर्ध निर्मित बाउंड्री का निर्माण कराया गया था, जिसे पूर्व विधायक बंशीधर नगर गढ़ के बड़े राजा राज राजेन्द्र प्रताप के द्वारा ध्वस्त करवा दिया गया।

### प्रशासन मूकदर्शक बन कर रहा गया : विकास

वही भाजपा जिला महामंत्री विकास स्वदेसी ने कहा कि हेमन्त की सरकार में प्रशासन मुख दर्शक बन कर रह गया है। ऐसी घटना के वावजूद अभी तक प्रसासन के द्वारा कोई कारवाई नही किया गया। वताते चले कि बाउंड्री ध्वस्त करने पर भुक्तभोगी मनोज गुप्ता ने थाना में आवेदन दिया था, लेकिन अभी तक प्राथमिकी दर्ज नही की गई है। उन्होंने कहा कि 24 घण्टे में प्रशासन उचित कारवायी नही करती है। तो भाजपा व्यवसायियों के साथ खड़ा हो कर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान भाजपा के जिला कार्यकर्ताओ ने घटना को लेकर थाना एवम अंचल कार्यालय जाकर मामले की जानकारी लि। वताते चले कि संध्या मोड़ स्थित आम बगीचा में अर्ध निर्मित बाउंड्री निर्माण को ध्वस्त करने को लेकर भुक्तमोगी मनोज गुप्ता ने आरोप लगाते हुए थाना में लिखित आवेदन दिया था। जिसके बाद यह मामला विशुनपुरा अंचल में चल रहा है। बाउजूद कानून को अपने हाथ में लेते हुए बाउंड्री को ध्वस्त करने की मामले पर व्यवसायियों एवम ग्रामीणों में काफी आक्रोश ब्याप्त है।

# डंडई : राजस्व कर्मचारी ने कराया अलाव का व्यवस्था

नवीन मेल संवाददाता

**डंडाई।** प्रखंड क्षेत्रों में ठंड की कनकनी बढ़ते ही प्रशासनिक कवायद तेज हो गई है ।जगह जगह पर उनके द्वारा अलाव जलाना शुरू कर दिया गया है । मंगलवार को राजस्व कर्मचारी इंद्रेश्वर बैठा के द्वारा अपने हल्का के 2 पंचायतों में अलाव जलाना शुरू कर दिया गया। इस दौरान उनके द्वारा डंडई पंचायत के ग्राम डंडई स्थित मुख्य सड़क सिरिस पेड़ के पास और सोनेहरा पंचायत के मुख्य बाजार में अलाव जलाने का काम किया गया। अलाव ताप रहे लोगों ने बताया कि इस वर्ष के ठंढ के प्रति अंचल काफी सजग और सक्रिय है । उन्होंने कहा कि ठंड पढ़ते ही तुरंत अलाव का जलना अंचल अधिकारियों की सक्रियता को दशार्ता है । वहीं राजस्व कर्मचारी इंडेश्वर ने बताया कि इससे पूर्व



अलाव तापने लायक थाना क्षेत्र में कहीं भी ठंढ नही पड़ रहा था ।जैसे ही ठंढ गिरना शुरू हुआ कि हम लोग उसकी तैयारी में लग गए । साथ ही कहा कि मंगलवार के दिन ठंढ को देखते हुवे अपने हल्का के 2 पंचायतों में अलाव जलाना शुरू कर दिया हूं। उन्होंने ने बताया कि जरूरत पड़ी तो डंडाई पंचायत में उक्त अस्थल के अलावा और एक दो जगह पर अलाव का व्यवस्था किया जा जाएगा । मौके पर दयानंद प्रसाद ,चंद्र शेखर प्रसाद, महावीर राम आदि मौजूद थे।

## छात्र-छात्राओं के बीच किट का वितरण



**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलैती खैर के रानी चोरी गांव में अवस्थित उर्दू मध्य विद्यालय में मंगलवार को पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव की उपस्थिति में कक्षा 1 से लेकर 6 क्लास तक के बच्चों के बीच की कीट के रूप में पोशाक का वितरण किया गया है । इस मौके पर पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव ने छात्र-छात्राओं वह अभीभावको को संबोधित करते हुए कहा कि यहां उपस्थित सभी अभिभावक अपने बच्चों को नियमित समय से विद्यालय भेजें सरकार बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए हर तरह की सुविधाएं मुहैया करा रही है। इन सुविधाओं का लाभ लेकर बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में अपने स्कूल तथा गांव प्रखंड का नाम रोशन करें। मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह व प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी के द्वारा छात्र छात्राओं को पोशाक वितरण कर लोगों के बीच संबोधन किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह, प्रखंड प्रमुख सुनाना देवी, उप मुखिया रानी कुमारी वार्ड सदस्य चिंता देवी विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आरजू हसन, विद्यालय के प्रधानाध्यापक नथुनी सिंह, रवि प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# चिकित्सकों ने वेतन भुगतान को बायोमेट्रिक पद्धति से जोड़ने के निर्णय का किया विरोध

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** राज्यस्तरीय संगठन के आह्वान पर झासा, गढ़वा के कार्यकारिणी सदस्यों की आपातकालीन बैठक मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता झासा गढ़वा के सचिव डा.कमलेश कुमार ने की। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने चिकित्सकों के वेतन भुगतान को बायोमेट्रिक पद्धति से जोडने के निर्णय को अव्यवहारिक बताते हुए इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। वे लोग झासा के राज्य संगठन द्वारा लिए गए निर्णय का पूर्णतः समर्थन करते हैं। जबकि पदोन्नति, केंद्र की तर्ज पर डीएसीपी एवं सेवा संपुष्टि के समयबद्ध तरीके से करने आदि पर



भी चर्चा की गई। बैठक में झासा की जनरल बाडी की बैठक करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा.अवधेश सिंह, संयुक्त सचिव डा.टी पीयूष, प्रवक्ता डा.अमित कुमार, डा.संध्या टोपनो, डा.विजय कुमार प्रसाद, डा.डीके सिंह, डा. कुमार पीयूष प्रमोद, डा.रमेश प्रसाद, डा.रवि कुमार आदि उपस्थित थे।

## पहल मुखिया संघ के अध्यक्ष ने अलाव की व्यवस्था करने को कहा

# पारा गिरा, प्रभावित हुआ जनजीवन

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी(गढ़वा)।** मंगलवार को दोपहर 2 बजे तक प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में कोहरा छाया रहा। कोहरा छाए रहने से तापमान में अचानक गिरावट आई है। जिससे प्रखंड में कनकनी के साथ ठंड बढ़ गई है। प्रखंड के किसानों, व्यवसायियों, छात्रों के साथ साथ आम लोगो का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। इसके अलावे प्रखंड क्षेत्र में संचालित छोटी बड़ी वाहन किसी दुर्घटना से बचने के लिए लाइट का उपयोग कर रहे थे। कोहरा से बढ़ी ठंड से ज्यादा परेशानी किसान तथा मजदुरो को दैनिक कार्य करने मे हो रहा है। प्रखंड के किसान तथा मजदूर दैनिक कार्य करने की बजाय घर में दुबके थे/ आग तापते दिखाई दिए।

### कोहरा से किसानों के फसल प्रभावित होने की संभावना



#### अलाव की व्यवस्था की मांग

तीन दिनों से कोहरा छाया हुआ है। तापमान में भारी गिरावट आई है। प्रखंड मुख्यालय में अलाव की व्यवस्था की गई । मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद राम ने बीडीओ गणेश महतो को आवेदन देकर प्रखंड मुख्यालय सहित गांव के चौक चौराहे पर अलाव की मांग की है। जिससे आम जनजीवन को ठंड से राहत मिल सके।

**ठंड को देखते हुए अंचल कार्यालय से अलाव की व्यवस्था ग्रामीण के लिए की गई है। प्रखंड क्षेत्र के चौक-चौराहों पर लोगो के लिए अलाव की सुविधा बहाल की जा रही है ताकि लोगों को ठंड से राहत प्रदान हो।**

**गणेश महतो,**
**बीडीओ खरौंधी**

#### क्या कहते हैं स्थानीय किसान

राजी, सुंडी सिसरी,अरंगी पंचायत के किसानों ने बताया कोहरा का बुरा प्रभाव फसलो पर भी पड रहा है। प्रखंड में प्रयाप्त वारिश नही होने से सुखाड़ हो गया था। जिससे प्रखंड में धान सहित भदई फसल की खेती नही के बराबर हुई थी। प्रखंड के किसान चैती फसल पर आश्रित है। लेकिन मौसम को देखकर यही अभास हो रहा है कि चैती फसल रहर, गेहूं, सरसो, आलू भी प्रभावित हो जायेगा। जबकि प्रखंड में 70 से 80 प्रतिशत लोग खेती पर ही आश्रित है।

## एसडीओ ने प्लस टू उच्च विद्यालय के जमीन की मापी की



**श्री बंशीधर नगर।** अनुमण्डल पदाधिकारी सह प्लस टू उच्च विद्यालय के एसएमसी के उपाध्यक्ष आलोक कुमार के निर्देश पर मंगलवार को उच्च विद्यालय के जमीन की मापी किया गया अंचल कार्यालय सूत्रों के अनुसार मापी के क्रम में व्यवसायी अशोक प्रसाद के द्वारा बनाया गया चारदीवारी का पश्चिम भाग विद्यालय की जमीन में पाया गया। जानकारी के अनुसार अनुमण्डल पदाधिकारी के निर्देश पर अंचलाधिकारी अरुण कुमार मुंडा,अंचल निरीक्षक दुखन राम ने सुबह विद्यालय पहुंचकर एसडीओ की उपस्थिति में विद्यालय व व्यवसायी के कागजात को देखा। इसके बाद विद्यालय की भूमि की मापी की गई जानकारी के अनुसार विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिरेन्द्र पांडेय द्वारा अनुमण्डल पदाधिकारी से विद्यालय की भूमि में अशोक प्रसाद द्वारा चारदीवारी बनाये जाने की शिकायत किया गया था। इस सम्बंध में सीओ अरुण कुमार मुंडा ने कहा कि विद्यालय भूमि की मापी किया गया है। विद्यालय की भूमि में चाहरदीवारी का निर्माण किया गया है। जांच प्रतिवेदन अनुमण्डल पदाधिकारी को सौंपा जायेगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### केवाईसी नहीं होने से खाता धारक परेशान

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र स्थित भारतीय स्टेट बैंक में केवाईसी नही होने से खाता धारक परेशान है। खाताधारकों ने इस संदर्भ में कहा है कि बैंक में कागज को जमा करा कर हमे वापस घर भेज दिया जाता है। बताया जाता है कि केवाईसी हो जायेगा, लेकिन नही किया जाता है। वही महुआडांड़ अंतर्गत ग्राम डीपाटोली की अजमेरी बीबी ने बताया कि तीन महीने से दौड़ रही हूं, लेकिन केवाईसी नही किया जा रहा है। इस दौरान दो बार कागज जमा किया गया है, केवाईसी नही होने से बहुत परेशानी हो रही है।

### महुआडांड़ में दो दिनों से बिजली नही

**महुआडांड़।** पिछले दो महीने से लोकल फाल्ट, मेंटनेंस, मौसम खराब आदि के नाम पर प्रखंड में लगातार बिजली गुल कर दी जा रही है। 24 घटें में मुश्किल से आठ घंटे भी उपभोक्ता को बिजली नही मिल रहा है। वही प्रखंड में दो दिन से बिजली गुल है, उपभोक्ता परेशान है। सुधार होन के बजाय प्रखंड में बिजली आपूर्ति की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ ही रही है। बिजली कब चली जाए कोई ठिकाना नहीं होता है। 36 घंटे से बिजली नही होने पर लोगो के मोबाइल चार्ज नही हो पा रहे है, रात में बच्चों की पढ़ाई नही कर पा रहे है।

### जनता दरबार में लोगों ने गिनायी समस्याएं

**लातेहार।** डीसी के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आए ग्रामीणों से अपर समाहर्ता द्वारा क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी गई एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया।

### सेवानिवृत्त पंचायत सेवक का निधन

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के जिरूवाखूर्द सलगी निवासी 90 वर्षीय कैलाश पाठक का निधन मंगलवार सुबह हो गया। हंसमुख मृदु स्वभाव और मिलनसार स्वभाव के धनी कैलाश पाठक पंचायत सेवक से सेवानिवृत्ति के बाद समाज के लिए समर्पित जीवन व्यतीत कर रहे थे। इनके निधन की खबर सुनते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। भारी संख्या में क्षेत्र के लोग घर पहुचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया। निधन पर सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, जिला परिषद सदस्य देवनंदन साव, एटक नेता विनोद बिहारी पासवान, आजसू नेता मनोज चन्द्रा, भाजपा नेता सुभाष सिंह आदि ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आम लोगों की समस्याएं
# समस्याओं को जल्द निष्पादित करें




**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** मंगलवार को ससमाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने पूर्व से निर्धारित जिला स्तरीय जनता दरबार में आमजनों की समस्याएं सुनी। एक-एक कर लोगों द्वारा अपनी समस्यओं को उपायुक्त से मिल रखी। मुख्य रूप से भूमि से संबंधित मामले, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, शिक्षा विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। उपायुक्त ने आमजनों से समस्याओं से जुड़े आवेदन लेते हुए जल्द समस्याओं के समाधान का भरोसा जताया। उन्होंने आम जनों से प्राप्त आवेदनों को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं का निष्पादन करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उपायुक्त ने समाहरणालय सभा कक्ष में जनता दरबार के माध्यम से अभी तक प्राप्त आवेदनों के निष्पादन को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए निष्पादित मामले एवं लंबित मामलो को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक कर जल्द से जल्द नियमानुसार लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जनता दरबार में काफी दूर से लोग उम्मीद के साथ मामले का निष्पादन को लेकर मिलने आते हैं। इस में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बताते चले की सप्ताह के मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन निराकरण किया जाता है।

## बीडीओ ने मासिक समीक्षा बैठक की



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा)।** मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने पंचायत सचिव व मुखिया के साथ समीक्षा बैठक की। प्रखण्ड में चल रहे प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास की प्रगति, मनरेगा में अधिक से अधिक मनरेगा मजदूर लगाकर योजना पूर्ण करने, 15 वें वित्त से संचालित योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण कराने, मुख्यमंत्री जनकल्याण कारी योजनाओं में लाभुकों के प्राप्त आवेदनों को निष्पादन करने का निर्देश बीडीओ ने सम्बंधित पंचायत सचिव व मुखिया को दिया। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड में सभी प्रकार के समस्यओं को निष्पादन को ले अगले सप्ताह में गांव-गांव में शिविर आयोजित करने की बात कही। बैठक में पंचायत सचिव मिथलेश कुमार सिंह, चितरंजन शर्मा, महेश मिस्त्री, उजवल सिंह, मुखिया सरिता देवी, सुमीरा कुमारी, बेबी देवी, जगदीश यादव, डेगन गंझू सहित अन्य उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार: सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता, अधिकारी मौन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों विकास कार्यों में भारी अनियमितता बरती जा रही है, जिसे देखने व सुनने वाला कोई नहीं है। निर्माण कार्य से जुड़े विभागीय एजेंसी और संवेदक के मनमानी से आम जनता परेशान हो रही है। चाहे कार्य प्रधान मंत्री ग्राम सड़क निर्माण का हो या आरईओ विभाग के अलावा अन्य विभाग के साथ-साथ सांसद व विधायक मद हो। सभी के क्रियान्वयन में विभागीय बाबुओं व संवेदक का हीं बोलबाला चलता है। जिसे भुगतना भोली भाली जनता को पड रहा है।

### कड़ी मशक्कत के बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू

ज्ञात हो लगभग बीस वर्ष बाद आमरण अनशन व सड़क जाम करने के उपरांत प्रखंड क्षेत्र के मुख्य सड़क पचमों से नरचाही नदी के अलावा अन्य सड़क निर्माण कार्य शुभारंभ किया गया। उसमें भी संबंधित विभाग के बाबुओं व संवेदक की मिलीभगत से निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही और गुणवत्ता से खिलवाड़ की जा रही है। स्थानीय मुखिया व अन्य समाजसेवी गुणवत्तायुक्त निर्माण की मांग तो कर रहे, पर इसका असर ढाक के तीन पात जैसा हो रहा है। सरकारी बाबुओं के अलावा सांसद व विधायक के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा है। स्थिति ऐसी हो रहा की सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ मरम्मती कार्य भी शुभारंभ हो जा रही है। कदगावंकला पंचायत अंतर्गत आरईओ रोड से दिग्ही तक वर्ष 2020-21 में नैनो टेक्नोलॉजी से प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य किया गया, जो बनने के महज छः माह में जमीन दोज हो कर दलदल में तबदील हो गया। कमोवेश ऐसी दर्जनो सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ जर्जर स्थिति में तबदील है।

## मुखिया ने किया कंबल का वितरण

**मयूरहंड(चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत मंझगावां मुखिया मंजित सिंह ने मंगलवार को पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में निजी खर्च से लगभग दो सौ जरुरतमंद वृद्धों के बीच निःशुल्क कंबल का वितरण किया। कंबल का वितरण मुखिया श्री सिंह द्वारा सभी वार्ड सदस्यों के उपस्थिति में करवाया गया। ताकि कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कंबल के लाभुक इसका दोबारा लाभ न ले। इस कडकडाती ठंढ में कंबल मिलने पर वृद्धों ने मुखिया श्री सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कंबल मिलने से बहुत राहत मिला है। चुनाव जितने से पूर्व भी मुखिया श्री सिंह गरीब व जरुरतमंद लोगों के प्रति संवेदनशील रहे हैं। श्री सिंह ने बताया की कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध लगभग 75 कंबल प्रखंड कार्यालय से मिला था। जिसे सभी वार्ड सदस्यों के सहयोग से वितरण किया गया। परंतु आबादी अधिक होने के कारण अधिकतर जरुरतमंद कंबल से वंचित रह रहे थे।

## प्रतापपुर डीलर संघ ने अपनी मांगों को लेकर की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रतापपुर (चतरा)।** मंगलवार को जनवितरण दुकानदारों (डीलर संघ) एक आवश्यक बैठक प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित पुराने शिव मंदिर परिसर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता संजय माथुर ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, संरक्षक पंकज दुबे एवं महासचिव मोहन यादव उपस्थिति थे। बैठक में आय व्यय पर समीक्षात्मक चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि प्रत्येक महीने के 2 तारीख को डीलर संघ की बैठक अनिवार्य रूप से की जाए। जनवरी 2023 का आवंटन यदि संशोधन होकर प्रदेश से जब तक नहीं आता है तब तक कोई डीलर सामग्री का न तो उठाओ करेंगे और न वितरण। वहीं विभिन्न मांगों को लेकर मोराबादी मैदान में प्रदेश स्तरीय डीलर्स महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रखंड स्तर पर शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित किए जाने का निर्णय लिया गया। भारत सरकार के नए नियमावली के अनुरूप एनएसएफए का खाद्यान्न का वितरण निःशुल्क किया जाना है। इसके लिए कमीशन बढ़ाने या मानदेय दिये जाने तथा 19 महीनों से लंबित पीएनजीआरएवाई के कमीशन अविलंब भुगतान करने की मांग की गई। बैठक में संजय केसरी, जितेंद्र यादव, गजेंद्र कुमार, बैजनाथ साव, सीता यादव, धनेश्वर यादव, रामकिशोर यादव, टोंगा शिबू जाधव, मुख्तार अहमद, अशरफ आलम, मदन पासवान, प्रमोद कुमार, शंकर गुप्ता, नरेश भैया, रमाशंकर गुप्ता, मोहम्मद शमशाद आदि उपस्थित थे।

## पहल : पंचायत स्तर पर सप्ताह में दो दिन लगेगी जनता दरबार
# ग्रामीणों की समस्या का होगा निदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** बीडीओ राकेश सहाय ने सोमवार को अपने कार्यालय परिसर में बैठक आयोजित कर नये साल से ग्रामीणों की पंचायत स्तर तक उनकी समस्याओं के निदान हेतु प्रत्येक पंचायत में सप्ताह में 2 दिन जनता दरबार आयोजन करने का निर्णय लिया है।

### सोमवार और गुरुवार को को जनता दरबार

बीडीओ ने कहा जनता का यह हक है व अधिकार है कि उसके कार्यों का निपटारा पंचायत भवन में हो इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रखंड प्रशासन ने यह तय किया है कि सप्ताह में 2 दिन सोमवार और बृहस्पतिवार को प्रत्येक पंचायत भवन में नियमित रूप से दिन 11बजे से 2:00 बजे तक जनता दरबार लगेगा। उन्होंने कहा कि और सभी प्रखंड और अंचल कर्मी उसमें संबंधित पंचायत में उपस्थित रहेंगे। सप्ताह में 2 दिन प्रत्येक पंचायत में जनता दरबार लगेगा जिसकी जिम्मेदारी संबंधित पंचायत के मुखिया की होगी।

### सुनिश्चित होगा कि नियमित रूप से पंचायत भवन खुले

बीडीओ ने कहा कि जनता दरबार में मुखिया के पंचायत से बाहर रहने पर उसके बदले में उप मुखिया उस दिन जनता दरबार लगाएंगे। बैठक में बीडीओ ने कहा इसके आलावा प्रखंड कार्यालय में उपायुक्त के आदेश अनुसार मंगलवार और शुक्रवार को जनता का दरबार पूर्व की तरह जारी रहेगा उसमें कोई हेरफेर नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन जनता के प्रति समर्पित हो और नियमित रूप से पंचायत भवन खुले यह भी सुनिश्चित किया जाएगा। इसका आदेश का उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई किया जाएगा। बीडीओ ने कहा कि उस दिन पंचायत कर्मियों व प्रखंड कर्मियों अपनी उपस्थिति जीपीएस कैमरा से दर्ज करेंगे। बैठक में आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण सभी पंचायतों के पंचायत सचिव समेत सभी कर्मी उपस्थित थे।

## गांगपुर गांव से पुलिस ने दो ट्रैक्टर कोयला किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा)।** एसपी राकेष रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गिद्धौर थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल ने बीते देर रात गांगपुर गांव से दो ट्रैक्टर कोयला जब्त किया। थाना थाना प्रभारी ने बताया कि ईंट भट्टा के लिए अवैध कोयला गिराये जाने की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उपरोक्त स्थल से अवैध रूप से रखे दो ट्रैक्टर कोयला जब्त कर थाना लाया गया है। हालांकि बताया गया कि कोयला एक वर्ष पहले गिराया गया था। जिसका कागजात भी थाना को उपलब्ध कराया गया है। थाना प्रभारी ने कोलये की कागजात को चतरा डीएमओ से जांच कराने की बात कही। वहीं दूसरी तरफ चोरी के कोयला से कई बांग्ला ईट भट्ठा में उपयोग किया जा रहा रहा है। बताया जाता है कि ईट भट्ठा में कोयले की आपूर्ति अधिकतर मोटरसाइकिल से किया जा रहा है।

## बीडीओ ने हाथी प्रभावित गांव तिलैयादामर का किया दौरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी विजय कुमार मंगलवार को प्रखंड के चकला पंचायत अंतर्गत तिलैयादामर गांव पहुंचे और हाथियों द्वारा पहुँचाये गए नुकसान का जायजा लिया। बीडीओ श्री कुमार ने कहा कि जल्द ही हाथियों के द्वारा पहुंचाये गए नुकसान का आकलन कर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का कार्य किया जायेगा। उन्हें आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्राचार करने की भी बात कही है।

### पीड़ित परिवार के बीच राहत किट का वितरण

पीड़ित परिवार को तत्काल प्रशासन की ओर से राहत किट और कंबल का वितरण किया गया।मौके पर चकला मुखिया रंजीता एक्का, हिंडाल्को सीएसआर हेड लोपामुद्रा मिश्रा, अभय कुमार शर्मा,उत्तम कुमार, अहमद खान, शाहरुख खान, मंटू राम, झमेंद्र यादव, सुदेश गंझु समेत स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## जरूरतमंदों के बीच समाजसेवी ने किया गर्म वस्त्र का वितरण

**कुंदा(चतरा)।** मजदूर संघ के प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कुंदा प्रखंड अंतर्गत सिंदरी गांव के असहाय, गरीब एवं जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया। वहीं जरूरतमंदों ने गर्म कपड़े पाकर उत्साहित हुए व समाजसेवी का आभार व्यक्त किया। समाजसेवी ने बताया कि सर्दी ज्यादा पड़ रही है, इसे देखते हुए जरूरतमंदों के बीच निजी खर्च से गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। वही कई लोगों ने समाजसेवी द्वारा निःस्वार्थ भाव से गर्म वस्त्र वितरण करने की प्रशंसा करते हुए कहा की लोग गर्म वस्त्र को लेकर स्थानीय प्रशासन से आस लगाए रहते हैं पर समय से उन्हें गर्म वस्त्र नहीं मिल पाता है। ऐसे में समाजसेवी मसीहा बनकर जरूरतमंदों की मदद पहुंचाई है।

## कार्रवाई: 6 टन अवैध लोहा लदे पिकअप वाहन जब्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला बाना स्थित बंद अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट से लोहा चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को भी पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर अवैध लोहा लदे एक पिकअप वाहन जेएच 01 ईएस 5966 को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। जब्त वाहन में लगभग 6 टन अवैध लोहा लदा है। जब्त लोहा बंद अभिजीत पॉवर प्लांट का बताया जाता है, जिसे अन्यत्र ले जाने की तैयारी थी। पुलिस ने पिकअप वाहन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें कार्तिक उंराव पिता रामकिशुन राम (33)वर्ष धाधु बालूमाथ, किरण उंराव पिता रामकिशुन उंराव (28) वर्ष नगर चंदवा दोनो जिला लातेहार शामिल हैं। गिरफ्तार दोनो युवकों को विभिन्न धाराओं के तहत जेल भेज दिया गया है। छापेमारी अभियान में एएसआई सुनील कुमार राय समेत चकला पिकेट के जवान शामिल थे।

## जनता दरबार में पहुंचे वृद्ध लोगों को बीडीओ ने बांटे कंबल

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को उपायुक्त के निर्देश पर साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में बीडीओ राकेश सहाय ने दूर-दराज से पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान जहां वृद्धा पेंशन, पीएम आवास समेत अन्य समस्याओं से संबंधित दो दर्जन से अधिक आवेदन पत्र जनता दरबार में प्राप्त हुए। जिसमें वृद्धा पेंशन के आवेदनों का तत्काल निष्पादन किया गया। वही मिले अन्य आवेदनों को निष्पादन हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। जनता दरबार में दूर दराज से पहुंचे अत्यंत वृद्ध, व असहाय लोगों के बीच बीडीओ एवं उपस्थित 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने ठंड से निजात हेतु कंबल का वितरण किया। बीडीओ ने दूरदराज से पहुंचे ग्रामीणों को पंचायतों में लगने वाले सप्ताह में 2 दिन लगने वाली जनता दरबार की जानकारी देते हुए। उसने अपनी-अपनी समस्याओं को रखने की बात कही। जनता दरबार में सहायक सुषमा कुमारी, अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद समेत प्रखंड व अंचल के कई कर्मी शामिल थे।

## अवैध शराब बेचने वालों की अब खैर नहीं: चंद्रशेखर चौधरी

**लातेहार।** अवैध शराब बेचने वालो के खिलाफ इन दिनों लातेहार पुलिस के द्वारा लगातार छापेमारी किया जा रहा है। यह छापामारी पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर उत्पाद विभाग एवं जिला पुलिस द्वारा की जा रही है। इसी कड़ी में लातेहार सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बहेराताड़, खालसा बरियातू, बेरियाताड़ टुपुखुर्द, रेलवे स्टेशन सिमरियाटांड़, डीही मुरुप में अवैध रूप से चल रहे शराब भट्ठी में छापा मारा गया। छापामारी के दौरान जावा महुआ 160 kg को नष्ट किया गया है। चूलाई शराब 40 लीटर, विदेशी शराब 144 लीटर, बियर 715 लीटर बरामद किया गया है। मौके पर अवैध शराब बेचने वाले डीही मुरूप निवासी प्रेम कुमार को गिरफ्तार किया गया है। जबकि दो फरार चल रहे हैं। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि अवैध शराब बेचने वाले लोगों को नकेल कसने को लेकर छापेमारी अभियान लगातार जारी है। इससे पहले भी नए साल को लेकर लोग वाहनों में शराब को लेकर पिकनिक मनाने जाते हैं और नशे में धुत होने के कारण वाहन चलाते के दौरान दुर्घटना के संभावना बनी रहती है। इसी की रोकथाम को लेकर लातेहार पुलिस के द्वारा जगह-जगह पर छापामारी अभियान चलाया गया, जहां पर वाहनों की जांच करने पर शराब भी बरामद किया गया है।

## अंबे माइनिंग के कामगारों ने जीएम को पत्र लिखकर दी हड़ताल की चेतावनी

**टंडवा (चतरा)।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में कोल खनन कार्य करने वाली कंपनी के कामगारों ने पूर्व में बनी सहमति का अनुपालन नहीं करने पर 8 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है। मजदूरों के प्रतिनिधि रमेश वर्मा ने बताया कि 24 दिसंबर को इस बावत पत्र लिखकर परियोजना महाप्रबंधक को अवगत करा दिया गया है। बताया गया कि पिछले 21 जुलाई 22 को कंपनी के अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों व कामगारों के प्रतिनिधियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई थी। जिसमें अक्टूबर 2022 से वेतन वृद्धि, एचपीसी वेतनमान में प्रोन्नत एवं मजदूर के आश्रितों को रोजगार से संबंधित मांगों पर बनी सहमति के बावजूद अंबे माइनिंग द्वारा सिर्फ छलावा किया जा रहा है। वहीं जीएम को ध्यानाकर्षित करते हुए पूर्व के विभिन्न घटनाओं का जिक्र कर कामगारों के मांगों पर बनी सहमति के कई पत्र भी संलग्न किए गए हैं।

## निर्वाचन संबंधी तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता सह वरीय निर्वाचन शाखा पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में डीएमसीएई की बैठक आयोजित की गई।

### दिव्यांगों को मिलेगी विशेष सुविधाएं

बैठक में आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित कराने एवं भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिव्यांग मतदाताओं को सुविधाएं मुहैया करवाने हेतु आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में जिला अंतर्गत सभी योग्य दिव्यांग नागरिकों को मतदाता सूची में निबंधित करने एवं मार्किंग करने हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई तथा कई दिशा निर्देश दिए गए। आगामी चुनाव को देखते हुए दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के पूर्व एवं मतदान के दिन उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए श्री बिन्देश्वरी तातमा, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री बंधन लांग, सिविल सर्जन श्री दिनेश कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती रेणु रवि, जिला शिक्षा पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी,लातेहार, एवं अन्य सदस्य उपस्थित थें

## विकास कार्य | विधायक ने रखी नये एफसीआई गोदाम कीआधारशिला
# ग्राहकों को समय पर मिलेगा राशन

### एक करोड़ 20लाख की लागत से गोदाम का होगा निर्माण

**1000 मीट्रिक टन गोदान की होगी क्षमता**

**छह माह का राशन रखने की होगी क्षमता**

**नियमित रूप से हो सकेगी राशन आपूर्ति**




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह एक सादे समारोह में नवनिर्मित एफसीआई गोदाम के नये भवन का आधारशिला रखी। कार्यक्रम में विधायक रामचंद्र सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहारा, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय समेत अन्य अतिथियों ने बारी-बारी से नारियल फोड़कर कर प्रखंड कार्यालय परिसर में भवन निर्माण विभाग द्वारा लगभग एक करोड़ 20लाख की लागत से बनने वाली 1000 मेट्रिक टन क्षमता वाले के नये एफसीआई गोदाम का शिलापट्ट अनावरण कर आधारशिला रखी। कार्यक्रम में आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार सारण, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य रविंद्र राम, कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी,अनिल कुमार सिंह, प्रेम कुमार सिंह, सुरेश प्रसाद यादव, शिवानंद तिवारी, निजाम अंसारी, राहुल गुप्ता, सुरेश मिश्रा, हुलास कुमार सिंह, कुलेश्वर सिंह, शुभम दुबे,अजीत कुमार, निर्माण कार्य के अभिकर्ता फंटूश समेत काफी संख्या में विधायक के समर्थक व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### क्या कहते है विधायक

विधायक ने कहा कि राशन रखने में हो रही परेशानियों को देखते हुए 1000 मीट्रिक टन क्षमता वाले नए भवन का निर्माण कराया जा रहा है । जिससे गोदाम में प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के लिए लगभग 6 माह का राशन हमेशा रखा जा सकता। नए भवन बनने से आपूर्ति विभाग के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को नियमित रूप से राशन की आपूर्ति हो सकेगा। उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण होने से दुकानदारों को राशन निकासी में हो रहे विलंब से निजात मिल सकेगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### जपलंगा में ऑटो पलटने से युवक की हुई मौत

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जपलंगा गांव में सोमवार की देर शाम ऑटो के पलटने से ऑटो में सवार 16 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि चालक को हल्की चोट आई। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश ने बताया कि जपलंगा निवासी लालू बड़ाईक अपने घर से किसी काम को लेकर जा रहा था। इसी दौरान अचानक जपलँगा के पास नियंत्रण खोकर ऑटो पलट गई और उसके माथे में गंभीर चोट लगी जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई।

### संवेदक संघ सिमडेगा का वार्षिक मिलन समारोह 7 को

**सिमडेगा।** सिमडेगा संवेदक संघ की आवश्यक बैठक सोमवार की देर शाम हुई। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की संवेदक संघ सिमडेगा की वार्षिक मिलन सह वनभोज का कार्यक्रम 07 जनवरी दिन शनिवार सुबह 10:00 पर्यटन स्थल केलाघाघ डैम परिषर में होगा। बैठक में अध्यक्ष संवेदक संघ अनूप केसरी, सचिव मनोहर प्रसाद, कोषाध्यक्ष जागेश्वर नाग, और राधेश्याम प्रसाद, बजरंग प्रसाद, शंभू केसरी, हरि सिंह, इम्तियाज (टुनू), मिनहाज अंसारी, रामकिशन केसरी, अन्य लोग शामिल हुए।

### बागवानी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**कैरो/लोहरदगा।** कैरो प्रखंड सह अंचल सभागार मे मंगलवार को बागवानी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मनरेगा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मृणाल प्रकाश के द्वारा प्रति एकड़ भूमि पर फलदार वृक्ष एवं इमारती पौधा लगाने की प्रतिशत, पौधा लगाने के लिए गढ़े की गहराई, खाध की मात्रा, पौधा का रख रखाव, जीवित घेरान, पौधा के सिचाई की समय अवधि सहित विभन्न विषयो पर प्रशिक्षण दिया। मौके पर ऑपरेटर अमित कुमार, पंचायत सचिव श्यामधयाल उरांव, सुहैल अहमद, रोजगार सेवक नन्दा भगत, जयंती देवी आदि उपस्थित थे।

### नेत्रहीन महिला का शव कुआं से बरामद



**कैरो/लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र के गुड़ी बाघी गांव के स्व. बुधवा उरांव 55 वर्षीय नेत्रहीन पुत्री जितनी उराईन का शव गांव के खेत में स्थित हबीब अंसारी के कुंआ से मिली। सूचना मिलने पर कैरो थाना प्रभारी संखनाथ उरांव, एसआई ऋषिकांत कुमार व एन तिर्की दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक जांच पड़ताल करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। वहीं परिवार व आसपास के लोग का कहना है कि महिला के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया गया है जिसके बाद आरोपियों ने महिला की कुंआ में डालकर हत्या कर दी।

### विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के चार कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**गुमला।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल गुमला के 4 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में काजल कुमार ने बी पॉजिटिव, मिथिलेश कुमार ने ए पॉजिटिव, पंकज वर्मा ने ए पॉजिटिव, मोहित साहू ने ओ पॉजिटिव रक्तदान कियो बजरंग दल जिला संयोजक रवींद्र सिंह ने बताया कि सभी कार्यकर्ताओं ने ब्लड बैंक में ब्लड की कमी को देखते हुए जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान किया है। मौके पर मुकेश सिंह, रवींद्र सिंह, लैब टेक्नीशियन अंजू किंडो, राकेश कुमार,रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

# तिसिया में दो ट्रक की आपस में जोरदार भिड़ंत, कोई हताहत नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को।** इन दिनों किस्को रिचुघुटा मुख्य पथ पर आये दिन हो रहे सड़क दुर्घटना को लेकर चर्चा में

### घटना की सूचना मिलने पर छानबीन में जुटी किस्को पुलिस

है। बता दें कि किस्को थाना क्षेत्र के लोहरदगा किस्को रिचुघुटा जाने वाली मुख्य सड़क में तेज रफ्तार से आ रही दो ट्रकों के आपस में भिड़ंत अहले सुबह हो गई हालांकि दोनों ट्रक चालक सुरक्षित हैं किसी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचा।जानकारी के मुताबिक ट्रक संख्या जेएच 08 एफ 7208 ने जेएच 02 एन 0757 के बीच जोरदार टक्कर हुआ। बता दें कि बिमरला बॉक्साइट माइन्स से बॉक्साइट लोड कर रिचुघुटा अनलोड करने जाने के दौरान तिसिया पुलिया के समीप यह दुर्घटना घटी है। उल्लेखनीय है कि वाहन संख्या जेएच 08 एफ 7208 का कागजात भी फेल पाया गया है रोड टैक्स फिटनेस जैसी कागजात नहीं होने के बावजूद भी बाक्साइट माइंस से ट्रक को लोड दिया जाता है जो कंपनी की लापरवाही को दशार्ता है। इस संदर्भ में किस्को थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो ने कहा कि घटना की सूचना मिलने पर गंभीरता से छानबीन की जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि ट्रक संख्या जेएच 08 एफ-7208 के सभी कागजात की जांच की जाएगी त्रुटि पाये जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार बोलेरो ने विपरीत दिशा में जाकर टेम्पो को मारी जोरदार टक्कर

**लोहरदगा।** जिले के शहरी क्षेत्र स्थित मिशन चौक में तेज रफ्तार बोलेरो ने सड़क किनारे खड़ी ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टेंपू ऑटो और बोलेरो की भिड़ंत में कोई हताहत नहीं हुआ। वही हादसा की आवाज सुनकर अगल बगल के लोग भारी संख्या में जुट गए। हादसा इतना भयावाह था की ऑटो और बेलोरो के आगे की परखचा उड़ गई। अच्छी बात ये रही की इस हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई और दोनों वाहनों में सवार सभी लोग सुरक्षित है। जानकारी के अनुसार लातेहार जिले के महुआडांड़ से बोलेरों जेएच 01 बी वाई 9841 रांची कोकर जा रही थी। इसी बीच लोहरदगा मिशन चौक के पास सड़क



किनारे खड़ी ऑटो को बोलेरो अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा में जाकर सामने से टक्कर मार दी। इसके बाद बोलेरो वाहन सड़क पर एकतरफा पलट गया जिसे स्थानीय लोगों ने सीधा किया जबकि बोलेरो के धक्के से टेम्पो सड़क से लगभग 6 फीट अलग घिसक गई और सड़क किनारे नाली के ऊपर जा गिरा। मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई।

# अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस ने चलाया छापामारी अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के अवगा एवं तलमंगा गांव में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस ने किया छापामारी एवं भारी मात्रा में महुआ जावा नष्ट किया गया। इस मौके पर बोलबा प्रखंड के आवगा तूरी टोली, बाजार टोली, स्कूल टोली सहित तलमंगा स्कूल टोली, हरिजन बस्ती मैं अवैध शराब बिक्री के खिलाफ बोलबा पुलिस ने किया छापामारी। इस मौके पर भारी मात्रा में महुआ



जावा नष्ट किया गया। साथ ही शराब बनाने वाले बर्तनों को भी तोड़ दिया गया। थाना प्रभारी मनीष कुमार पांडे ने बताया कि अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाया जाएगा। वहीं जनप्रतिनिधि शमशेरा पंचायत के मुखिया सुरजन बड़ाईक ने कहा कि पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाया जाने से इस वर्ष नया साल के मौके पर दुर्घटना एक भी नहीं हुई है पुलिस की पहल बहुत ही सराहनीय है।

### खतियानी जोहार यात्रा को लेकर बैठक

# 23 जनवरी को मुख्यमंत्री आएंगे सिमडेगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** खतयानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण में दिनांक 23 जनवरी 2023 दिन सोमवार को मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन का सिमडेगा में आगमन होगा। इस खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए केंद्रीय समिति झामुमो द्वारा सिमडेगा जिला समिति एवं केंद्रीय समिति सदस्य सिमडेगा को मार्गदर्शन हेतू मंगलवार को रांची केंद्रीय कार्यालय बुलाया गया था। जिसमें जिला समिति सिमडेगा एवं केंद्रीय समिति सदस्य पहुंचे। मौके पर पार्टी के महासचिव विनोद पांडे ने कहा कि सिमडेगा में खतियानी जोहार यात्रा आगामी 23 जनवरी को मुख्यमंत्री के द्वारा किया जाएगा जिसको लेकर पार्टी भी व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करते हुए तैयारी करें ताकि होने वाले इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग पहुंचे और मुख्यमंत्री जी की जो दूरदर्शी सोच है उसे जन जन तक पहुंचाने का कार्य हो। मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना, सचिव सफीक खान, उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, ओस्कार डांग, कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, संगठन सचिव बिपिन कुल्लू, कल्याण मिंज, सयुक्त सचिव सिकंदर बरवा, पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा, बिरजो कंडुलना, मो शाहिद, फिरोज अली सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जयपाल सिंह मुंडा जयंती को आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया। अमर पुरोधा जयपाल सिंह मुंडा एवं क्रांतिज्योति सावित्री बाई ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन की गई। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा केन्द्रीय समिति के महासचिव कयूम खान ने कहा कि झारखंड निर्माण का नींव मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ने रखी, वहीं से झारखंड अलग राज्य आंदोलन की शुरूआत हुई। जयपाल सिंह के शोषणमुक्त झारखंड के सपने अधूरे हैं। अलग राज्य निर्माण के उपरांत झारखंड में विभिन्न सरकारों ने बड़ी-बड़ी योजनाओं के लाभ पर लूट मच गया। जिले के सीनियर आंदोलनकारियों में एक जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत ने क्रांतिज्योति सावित्री बाई ज्योतिबा



फुले और मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों एवं शहीदों के सपनों के अनुसार राज्य सरकार योजना बनाकर झारखंडी समाज का सुविकसित किया जाए। प्रवक्ता अनिल कुमार भगत ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जन्म से लेकर झारखंड राज्य की नींव रखने तक की पूरी जीवन दर्शन सामने रखीं। कहा कि अपने मान-सम्मान पहचान नियोजन पेंशन के मामले को लेकर पिछले कई वर्षों से 11 सूत्री मांगों की लड़ाई लड़ी जा रही है, पर सरकार की ओर से सहानुभूति नहीं दिखाई गई। संबोधित करने वालों में सीता उरांव, चैतू मुंडा, इसरार अहमद, जिला सचिव विशेषण भगत आदि शामिल थे। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी दिवस के अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी अपने मान- सम्मान पहचान नियोजन व पेंशन की लड़ाई के लिए तीव्र आंदोलन की रणनीति भी तय जल्द तय किया जाएगा। इस अवसर पर सूरज मोहन लकड़ा, जिला महासचिव शाहिद अहमद, जगदीश उरांव, सोमनाथ भगत, सुखदेव उरांव, दीपक वर्मा, आदि समेत बड़ी संख्या में आंदोलनकारी शामिल थे।

## विधायक ने जख्मी हालत में पड़े युवक को अपने वाहन से पहुंचाया अस्पताल

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा जख्मी हालत में सड़क में पड़े एक युवक को सेवई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। साथ ही वहां से प्राथमिक उपचार होने के बाद रेफर करवाते हुए सदर अस्पताल में भी भर्ती करवाने में सहयोग किया। बताया गया कि सोमवार की रात बाड़ा केरसई से एक कार्यक्रम में शामिल होकर अपने वाहन से लौट रहे थे। इसी क्रम में टैसेरा के पास सड़क किनारे जख्मी हालत में एक युवक दिखाई दिया। विधायक ने दरियादिली दिखाते हुए तुरंत गाड़ी रोकी और उतरकर युवक का हालत देखा। जख्मी हालत में युवक को देख तुरंत अपनी गाड़ी में घायल युवक को बैठाते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेवई में भर्ती करवाया। साथ ही यहां से सदर अस्पताल भी भेजवाने में सहयोग किया। घायल युवक की पहचान पालेडीह निवासी रोहित बाड़ा के रूप में की गई है। मौके पर अजित लकड़ा, बन्नू, सुमित आदि उपस्थित थे।

# युवक ने किया खुदकुशी का प्रयास, इलाज जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र अंतर्गत पाड़ो के बादलूंग गांव में मंगलवार की सुबह 23 वर्षीय गांव के ही युवक के द्वारा अपने घर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालांकि परिवार वालों ने दरवाजा तोड़कर उसे बचाते हुए बेहतर इलाज के लिए बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की पहचान मंजेश सुरीन के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंजेश धनबाद में रहकर पढ़ाई कर रहा था और उसकी जेवियर कॉलेज में इस वर्ष नामांकन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से नहीं हुई जिसको लेकर वह काफी दुखी रहता था। इधर नववर्ष मनाने के लिए अपने गांव आया था और अचानक किसी बात को लेकर मंगलवार की सुबह अपने ही घर में रस्सी के सहारे फांसी लगा कर झूल गया। जैसे इसकी जानकारी मिली उसकी मां और उसके पिताजी घर पहुंच कर दरवाजा को तोड़ते हुए उसे निकाला जिसके बाद उसे बानो लाया जहां से सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया है। बताया गया कि फांसी में झूलने की वजह से गर्दन में सूजन के अलावा मुंह से खून निकल रही थी। इधर सदर अस्पताल में उसकी इलाज चल रही है।

## भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक 11 को

**सिमडेगा।** भाजपा की बैठक जिला कार्यालय में मंगलवार को हुई जिसमें आगामी कार्यसमिति बैठक की सफलता के निमित्त चर्चा हुई। कार्यसमिति की बैठक दिनांक 11 जनवरी दिन बुधवार समय 11:00 बजे से स्थान- जिला कार्यालय सिमडेगा में होगी। जानकारी देते हुए जिला महामंत्री दीपक पुरी ने बताया की हर वर्ष के प्रथम मास में प्रदेश के निर्देशानुसार जिला कार्यसमिति की बैठक होती है इस वर्ष 11 तारीख को कार्यसमिति की बैठक तय की गई है, जिसमें संगठन के सशक्तिकरण को लेकर कार्य योजना बनेगी साथ प्रदेश से आए हुए पदाधिकारियों का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को मिलेगा। बैठक में जिला के पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक जिले के सांसद प्रतिनिधि, पूर्व प्रत्याशी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, सदस्य प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अपेक्षित हैं।

# 114 बांस के कारीगरों के बीच बंबू टूलकिट का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिशुनपुर।** गुमला हिंडालको सीएसआर द्वारा बंबू टूल किट वितरण कार्यक्रम प्रखंड कार्यालय सभागार में 114 बांस के कामगारों के बीच किया गया। मौके पर जिला श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य, अंचल अधिकारी धनंजय पाठक, मानव संसाधन विकास विभाग के सहायक महाप्रबंधक सुधीर चौधरी, सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार, गुमला लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के जिला समन्वयक सूरज कुमार मुख्य रूप उपस्थित रहे। मौके पर जिला श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज ने कहा कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आप लोगों के लिए आमदनी बढ़ाने के लिए हिंडालको सीएसआर के मद से बांस के कारीगरों के बीच टूल किट वितरण कर रही है, जो सराहनीय पहल है। श्रम विभाग भी कई योजनाएं संचालित कर रही है। जिनमें कारीगर पहचान पत्र सेफ्टी किट, टूल किट, विवाह एवं आपातकालीन सहायता भी प्रदान कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित बीडीओ छंदा भट्टाचार्य ने कहा कि हिंडालको सीएसआर द्वारा टूल किट का उपयोग उत्पादन और आमदनी बढ़ाने में सहायक है। अंचल अधिकारी धनंजय पाठक ने बांस के कारीगरों को प्रेरित करते हुए कहा कि इन टूलकिट्स के माध्यम से आप की आमदनी बढ़ेगी।

# फूड लाइसेंस के लिए 9 को होगा विशेष कैंप

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** खाद्य व्यापारियों के लिए सिमडेगा एसडीओ कार्यालय में आगामी 9 जनवरी को दिन के 11:00 बजे विशेष कैंप आयोजित करते हुए फूड लाइसेंस बनाया जाएगा जानकारी देते हुए एसडीओ महेंद्र कुमार ने बताया है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत किसी भी प्रकार का खाद्य व्यवसाय यथा- उत्पाद, भंडार, वितरण, प्रसंस्करण, लेवलिंग पैकेजिंग, परिवहन, आयात-निर्यात इत्यादि हेतु फुड लाईसेस/रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। उन्होंने शिविर में पहुंचकर अपनी लाइसेंस अथवा रजिस्ट्रेशन कराने को लेकर अपील की है। उन्होंने बताया कि जिसका सालाना टर्नओवर 12 लाख तक है उनको



आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस एवं पासपोर्ट साईज कलर फोटो, व्यवसाय स्थल का पता का प्रमाण पत्र एवं फूड लाईसेंस जिसका सालाना टर्नओवर 12 लाख से अधिक है उन्हें आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस आदि , व्यवसाय स्थल का पता का प्रमाण पत्र बिजली बिल आदि जीएसटी पेपर, पेयजल गुणवत्ता प्रमाण पत्र, मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र आदि लगेंगे उन्होंने कहा है फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के बिना खाद्य कारोबार करते हुए पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत सुसंगत धाराओं के अधीन कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

# असैनिक निर्माण कार्य में अवैध बालू का भंडारण

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** ओडगा ओपी थाना मुख्यालय में ओडगा रेलवे स्टेशन में हो रहे असैनिक निर्माण कार्य के लिए निर्माण कम्पनी द्वारा अवैध बालू का जमकर भंडारण किया गया है। इससे बड़ी रकम के रुप में राजस्व की हानि हो रही है। इसे रोकने के लिए न तो खनन विभाग सामने आ रही है ना ही स्थानीय जिम्मेवार पदाधिकारी देख रहें। बताते चलें कि हटिया राउरकेला रेल मार्ग दोहरीकरण निर्माण कार्य में ओडगा में रेलवे स्टेशन के समीप निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। जिसमें संवेदक खुलेआम नजदीकी देव नदी से जेसीबी मशीन के माध्यम से अवैध तरीके से बालू का उठाव एवं भंडारण कर रहे हैं। अन्यास ही



ग्रामीण कहते हैं आखिर प्रशासन कहां है। प्रशासन सब जानते हुए भी अनजान बनी हुई है। गौरतलब हो सिमडेगा जिले में अभी तक नदी घाटों में बालू का टेंडर नहीं हुआ है और ऐसे में सरकारी कार्य सहित गैर सरकारी कार्यों में भी धड़ल्ले से बालू का उठाव जारी है जिससे कि सरकार के राजस्व का नुकसान हो रहा है लेकिन इस मामले में प्रशासनिक अधिकारी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिससे कही न कही विभाग की संलिप्तता नजर आती है।

**रणनीति** | भंवर पहाड़गढ़ पर्यटन स्थल निगरानी समिति की बैठक

# विकास योजनाओं के लिए डीसी को सौंपेंगे ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा में भवंर पहाड़ गढ़ पर्यटन स्थल निगरानी समिति की बैठक मंगलवार को उपाध्यक्ष अमरनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, नावाटोली पंचायत की मुखिया कल्पना देवी और पंचायत समिति सदस्य मोनिका देवी का समिति के सदस्यों और भवंर पहाड़गढ़ के आम जनता के द्वारा अभिनन्दन किया गया। इस बैठक में सर्वप्रथम नये वर्ष की सभी को बधाई दी गईं और 2023 में भवंर पहाड़ गढ़ पर्यटक स्थल में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य कराने का



निर्णय लिया गया। इसमें सांसद, विधायक और सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों से सहयोग करने का आग्रह समिति के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंचायत जनप्रतिनियों के द्वारा हर प्रकार से सहयोग करने की बात कही गईं। निर्णय लिया गया कि जल्द हीं पंचायत जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में समिति का एक प्रतिनिधि मंडल सिमडेगा उपायुक्त महोदया से मिलकर भवंर पहाड़ गढ़ के विकास से संबंधित एक ज्ञापन सौंपेग।

बैठक में जिला विभागीय सांसद प्रतिनिधि रणधीर कुमार, गौरी सिंह, रामनरायण प्रधान, अशोक इंदवार, जनेश्वर बिरहोर, दिलेश्वर सिंह, कृष्णा सिंह, बंशीधर सिंह, अभिमन्यु सिंह, अमर प्रसाद, फिरनाथ सिंह, सुरेश सिंह, लखन सिंह, संजीत सिंह, कृष्णा दास, रामनाथ सिंह, हीरामनी देवी, गणेश सिंह, जसमती देवी, सुलोचनी देवी, मीणा देवी, क्लावती देवी, सुनीता देवी के अलावे भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। यह जानकारी अमरनाथ सिंह ने दिया।

# डीएवी स्कूल के बच्चों ने नए वर्ष में लिया नया संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रो द्वारा नव वर्ष के शुभारंभ में विशेष प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन करवाया गया। समय ना ही कभी किसी की प्रतीक्षा करता है और ना ही सदैव एक समान होता है। समय बदलाव को स्वीकारते हुए निरंतर गतिमान रहता है। हमारे जीवन में भी सुख और दुख आते जाते रहते हैं। आवश्यकता है हमें स्वयं में सकारात्मक बदलाव लाते हुए बच्चों को सकारात्मकता की ओर ले चले। नव वर्ष के पावन अवसर पर हमें अपने जीवन में नई अच्छाइयों को शामिल करने तथा बुराइयों और कमजोरियों का त्याग करने हेतु संकल्प करना चाहिए। बच्चों में इसकी शुरूआत करने के





उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा एलकेजी से कक्षा द्वितीय तक के बच्चों के मध्य एक विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था 'नव वर्ष में 'मेरा नव संकल्प'। प्रतियोगिता में बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी नव वर्ष में ऐसे नव संकल्प लेने हेतु प्रेरित किया गया जो बच्चों के सकारात्मक विकास के लिए आवश्यक हो, क्योंकि नन्हे बच्चे बड़ों का अनुकरण करते हैं। बच्चों ने इस प्रतियोगिता में नए वर्ष में अपनी दिनचर्या, खानपान व अपने आदर्शों में नए बदलाव का संकल्प लेते हुए नव वर्ष ग्रीटिंग कार्ड बनाया तथा उसमें अपने संकल्पों को लिखा इस प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी में प्रथम स्थान ईशान्वी राज, काव्या तरूशी,एसके सुहान, अथर्व कृत, प्रतिष्ठा गोराई, कक्षा यूकेजी में प्रथम स्थान अनोखी उरांव, ब्रीष्टी गोस्वामी, अनन्या गर्ग व ईजान अख्तर ने कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान शिवम कुमार वर्मा, रीत कुमार, प्रनीत भगत, नव्या तारुषि, जीविषा बोचीवाल व विशेष प्रकाश ने तथा कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान उत्कर्ष गुप्ता, मान्या गुप्ता, सनाया श्री, प्राची कुमारी, अर्पिता राज, जुनेद अंसारी, तानिया श्री, नारायणी, अहन इकबाल, अहंत्य दुबे, आराध्या झा व संजना सोनी ने अर्जित किया इस प्रतियोगिता में शिक्षक अश्विन पात्रों, संगीता मित्तल, सोमिता दास व रजनी प्रसाद ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## ग्लोबल मंदी के बीच मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर प्रभावित होने की आशंका

# भारत कैसे बनेगा मैन्युफैक्चरिंग हब

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पिछले कुछ वर्षों में नरेंद्र मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया अभियान के साथ भारत को दुनिया के लिए एक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के अपने इरादों को मजबूत किया है। हालांकि, मंदी के बीच ग्लोबल डिमांड में कमी आ रही है, जिससे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर दबाव में है। जिसकी वजह से भारत का निर्यात प्रभावित हो सकता है। इन चिंताओं को दूर करने के लिए केंद्र को आगामी बजट में अपनी



पॉलिसी को बदलने की आवश्यकता हो सकती है। विश्लेषकों ने सुझाव दिया है कि ग्लोबल मंदी के बीच कम बाहरी मांग से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर प्रभावित होने की संभावना है। ग्लोबल इकोनॉमी में गिरावट के लिए जियो पॉलिटिकल टेंशन और हाई इंफ्लेशन के कारण कमोडिटी की बढ़ती कीमतों के साथ कई विपरीत परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। मोदी की अगुआई वाली

**मोदी की अगुआई वाली सरकार भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हॉटस्पॉट बनाने का टारगेट बना रही है**

सरकार भारत को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हॉटस्पॉट बनाने का टारगेट बना रही है, हालांकि, कम बाहरी मांग एक बाधा बन सकती है। ग्लोबली बिजनेस में मंदी के बीच रत्न और आभूषण, चीनी मिट्टी और कांच के बने सामान, चमड़े और चमड़े के उत्पाद, ड्रग्स और फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग और बिजली के सामान और कपड़ा और वस्त्र सहित भारत के एक्सपोर्ट सेंट्रिक सेक्टर्स पर प्रमुख रूप से प्रभाव पड़ने की संभावना है। कपड़ा और वस्त्र, रत्न और आभूषण और चमड़े के उत्पाद जैसे सेक्टर भी अत्यधिक श्रम प्रधान हैं। इसलिए, इन क्षेत्रों में मंदी का अर्थव्यवस्था में रोजगार पर भी प्रभाव पड़ता दिखाई दे सकता है। निर्यात पर जोर देने वाले इन उद्योगों के बेनिफिशियरीज बजट से पहले कुछ मांगें करते रहे हैं। काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट्स ने शिपमेंट को बढ़ावा देने के लिए वेट ब्लू क्रस्ट और तैयार चमड़े पर बुनियादी सीमा शुल्क छूट की बहाली की मांग की।। इसने बिना किसी निर्यात शुल्क के सभी प्रकार के क्रस्ट लेदर के निर्यात की अनुमति देने के अलावा रॉ हाइड और वेट ब्लू पर 40 फीसदी निर्यात शुल्क को बहाल करने और बनाए रखने का भी सुझाव दिया।

# पोस्ट ऑफिस में लगा पैसा, तो सिर्फ 3 महीने में हो जाएगा डबल

नयी दिल्ली। पोस्ट ऑफिस आपके लिए शानदार स्कीम लेकर आया है, जिसमें आपका पैसा सिर्फ 3 महीने में ही दोगुना हो जाएगा। अगर आप भी सरकारी स्कीम के जरिए अपने पैसे को डबल करने का प्लान बना रहे है तो यह शानदार मौका है। केंद्र सरकार ने नए साल में सरकारी स्कीम की ब्याज दरों में इजाफा किया है, जिसके बाद जल्द ही आपका पैसा दोगुना हो जाएगा। आप किसान विकास पत्र स्कीम में निवेश करके जल्द ही पैसे को डबल कर सकते हैं। सरकार ने ङश्ढ पर ब्याज दरों में 20 बेसिस प्वाइंट का इजाफा कर दिया है। नई दरें 1 जनवरी 2023 से लागू हो गई हैं। ब्याज दरों में हुए इजाफे के बाद 123 की जगह सिर्फ 120 महीनों में ही आपके 5 लाख 10 लाख में बदल जाएंगे। किसान विकास पत्र स्कीम में अब से आपको 7 ।20 फीसदी की दर से ब्याज का फायदा मिलेगा। इस स्कीम की खास बात यह है कि आप सिर्फ 1000 रुपये से ही निवेश की शुरूआत कर सकते हैं। इसके बाद में आपको इसमें 100 रुपये के मल्टीपल में निवेश करना होता है। फिलहाल इस स्कीम में निवेश की कोई अधिकतम सीमा नहीं है। आप इस स्कीम में सिंगल अकाउंट भी ओपन करा सकते हैं। इसके साथ ही 3 वयस्क मिलकर भी इसे ज्वाइंट अकाउंट की तरह ओपन करा सकते हैं। इसमें आपको नॉमिनी की सुविधा का भी फायदा मिलता है।

# सोना फिर हुआ महंगा, चांदी की कीमत में भी आई तेजी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) से लेकर सर्राफा बाजार में सोना-चांदी के भाव में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है। ऐसे में अगर आप सोने की खरीदारी करने का सोच रहे हैं तो यह पता कर लें कि आज सोना या चांदी की खरीदारी आपके लिए कितना फायदेमंद साबित हो सकता है। मंगलवार को भारतीय बाजार में 24 कैरेट शुद्धता वाले सोना 500 रुपये से अधिक महंगा हो गया है। जिसके बाद सोने का रेट 55,730 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं कल सोने का भाव 55,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचकर बंद हुआ था। इसके साथ ही चांदी की कीमत में भी आज तेजी देखी जा रही है। अगर चांदी की बात करें तो आज चांदी की कीमत 700 रुपये बढ़कर 72,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। जबकि इससे पिछले दिन चांदी 71,300 के भाव पर बिक रही थी। दिल्ली में 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव 55,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने का भाव 51,100 रुपये प्रति 10 ग्राम है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 55,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 50,950 रुपये प्रति 10 ग्राम बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने का रेट 52,285 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने का रेट 47,927 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे की बढ़त के साथ 82.69 पर खुला

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे की बढ़त के साथ 82.69 पर आ गया। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से भारतीय रुपया को समर्थन मिला है। इसको लेकर विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा है कि विदेशी पूंजी की लगातार हो रही निकासी की वजह से रुपए की बढ़त सीमित रही है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 82.69 के लेवल पर खुला, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे की बढ़त को दशार्ता है। आपको बता दें कि अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे की गिरावट के साथ 82.78 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की कमजोरी या मजबूती की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.03 प्रतिशत बढ़कर 103.55 पर आ गया है। वैश्विक तेल सूचकांक ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स 0 ।30 फीसदी गिरकर 85.65 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। आज घरेलू शेयर बाजार में गिरावट के साथ कारोबार की शुरूआत हुई। आज दोनों बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी सपाट नोट पर खुले। हालांकि बाद में शेयर बाजार थोड़ा संभलता नजर आया है। एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों सोमवार को पूंजी बाजार में शुद्ध विक्रेता बने रहे। इस दौरान उन्होंने 25.74 मिलियन डॉलर मूल्य के भारतीय शेयरों की बिक्री की है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम– 1. पिन्टु अगरिया, पिता–लक्ष्मण अगरिया, सा0–गरबांध, थाना–नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, आपको सूचित किया जाता है कि आप भवनाथपुर थाना कांड सं0–34/21 दिनांक–07.03.2021, धारा–366(ए)/34, भा0द0वि0 एवं 4 पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त है, और उक्त कांड में अबतक फिरार है। माननीय विशेष न्यायाधीश, पोक्सो कोर्ट, गढ़वा के द्वारा आपके के विरुद्ध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप अपने स्थायी पता से भी फिरार हैं। आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय द्वारा निर्धारित अवधि के अंदर आत्मसमर्पण करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक
गढ़वा

PR 286525 Police (22-23)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

पत्रांक ........... /लोहरदगा दिनांक ...........................

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या RDD/SD/LOHARDAGA/E-16/2021-22 (3rd call) (लोहरदगा प्रखण्ड में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह– अंचलाधिकारी/पर्यवेक्षक/तृतीय/चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध कार्य) जिसका पी0 आर0 सं0 PR 285569 Lohardaga (22-23)_D को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
लोहरदगा

PR 286526 Lohardaga (22-23)_D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,पलामू

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

हरिहरगंज थाना कांड सं0–26/17 दिनांक 18.04.17 एवं हरिहरगंज थाना कांड सं0–113/17 दिनांक 28.11.17 के अभियुक्त नितेश जी उर्फ उर्फ इरफान उर्फ नन्दू यादव उर्फ सूरज यादव पे0 स्व0 बबई यादव सा0 तरवाडीह थाना मैगरा जिला जिला गया (बिहार) के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा ईश्तेहार निर्गत किया गया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि अप्राथमिकी अभियुक्त नितेश जी उर्फ उर्फ इरफान उर्फ नन्दू यादव उर्फ सूरज यादव के बारे में पता चलने पर इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी छत्तरपुरः– 9431706241
थाना प्रभारी, हरिहरगंजः– 9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 286530 Police(22-23).D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, मेदिनीनगर पलामू

**गुमशुदा**



पलामू जिला के गुमशुदा चॉदनी कुमारी उम्र–17 पे0 बाबुलाल विश्वकर्मा सा0–बगैया थाना–छत्तरपुर जिला–पलामू की रहने वाली है जो दिनांक 21.11.2022 से लापता है। जिसका हुलिया निम्न प्रकार हैः– लम्बाई 05 फिट 02 इंच, रंग–सॉवली, कथी रंग की सूट पहनी हुई है तथा हिन्दी, भोजपुरी एवं खोरठा भाषा बोलना जानती है। इस संबंध में छत्तरपुर थाना कांड सं0–247/2022 27.11.2022 धारा–366ए भा0द0वि0 दर्ज किया गया है। लापता चॉदनी कुमारी के संबंध में किसी प्रकार का कोई सूचना प्राप्त हो तो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, छत्तरपुर के मोबाईल नं0 9431706241 एवं थाना प्रभारी, छत्तरपुर का मोबाईल नं0 9431706259 पर सूचित करने का कष्ट करें।

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 286529 Police(22-23).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

**अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण**

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-29/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा जिलान्तर्गत प्रखण्ड सेन्हा के ग्राम नौदी में अम्बागढ़ा नाला में आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण | 99,51,100.00 | 2,00,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |

2 वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 09.01.2023
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 16.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4 ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय :- 17.01.2013 अपराह्न 02:30 बजे तक
5 निविदा खोलने का स्थान :- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
6 तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 18.01.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
8 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :- 9934523795 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 286575 Lohardaga (22-23)_D

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

**नोटिस**

**जिला परिषदीय दुकानों के बकायेदार हेतु आवश्यक सूचना।**

दिनांक 14.07.2021 को सम्पन्न कार्यकारी समिति, जिला परिषद, पलामू की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में कार्यालय ज्ञापांक 426/जि0प0, दिनांक 20.07.2021, ज्ञापांक 633/दिनांक 29.10.2021, ज्ञापांक 705/दिनांक 07.12.2021 एवं ज्ञापांक 862/जि0प0, दिनांक 29.10.2022 द्वारा जिला परिषदीय सैरात के विभिन्न बकायेदारों को सम्पूर्ण बकाया राशि जमा करने हेतु प्रेस नोटिस निर्गत किया गया है। परन्तु कुछ बकायेदारों द्वारा इरादतन बकाया भुकतान हेतु रूची नहीं ली जा रही है। इससे स्पष्ट होता है कि बकाया किराया जमा करने हेतु इनकी कोई मंशा नहीं है।

**प्रखण्ड सतबरवा अन्तर्गत अधिकतम राशि के बकायेदारों की सूची निम्नवत है :–**

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड | दुकान नम्बर | आवंटी का नाम | बकाया अवधि | कुल माह | बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सतबरवा | A/8 | प्रिया देवी पति सिकेन्द्र कुमार | जनवरी 2022 से दिसम्बर 2022 तक | 12 | 8640.00 |
| 2 | सतबरवा | A/9 | रंजीत कुमार पिता नन्दलाल महतो | जनवरी 2022 से दिसम्बर 2022 तक | 12 | 8640.00 |
| 3 | सतबरवा | A/13 | विजय कुमार सिंह पिता इन्द्र कुमार सिंह | जनवरी 2019 से दिसम्बर 2022 तक | 48 | 34560.00 |

अतः बाध्य होकर अधिकतम राशि के बकायेदारों को अंतिम नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.01.2023 तक अपना संपूर्ण बकाया किराया की राशि जिला परिषद कार्यालय में जमा कर दें अन्यथा आपके विरूद्ध निलाम पत्र वाद दायर कर सम्पति कुर्की की कार्रवाई की जायेगी तथा दुकान आवंटन रद्द करते हुए नये आवेदकों को दुकान आवंटित कर दिया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 286532 (District) 22-23 (D)

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

**शुद्धि – पत्र**

इस प्रमण्डल अन्तर्गत इस कार्यालय से आमंत्रित निविदा सूचना संख्या– **EE/RDSD/PALAMAU-10/2022-23** (जिसका P.R.संख्या 285460 है) से प्रकाशित निविदा सूचना अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है। निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

PR 286563 Rural Development(22-23)#D

## झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
### 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची
### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्याः- **210/2022-23/RWD/DALTONGANJ**
दिनांक :- **02.01.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ DALTONGANJ/ 22/2022-23 | डंडीला ग्राम में रामजी कहार के घर से हैदरनगर प्रखण्ड के सडेया ग्राम आंगनबाड़ी केन्द्र तक पथ निर्माण कार्य (लं– 4.550 कि0मी0) | 4,74,45,500.00 | चार करोड़ चौहत्तर लाख पैंतालीस हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 2. | RWD/ DALTONGANJ/ 23/2022-23 | पिपरा प्रखण्ड के सरैया पंचायत के होलया चेरवा ग्राम आर0सी0डी0 रोड से पुनपुन उदगम स्थल कुंड होते हुए बारा बानाडीह ग्राम तक पथ निर्माण कार्य (लं– 4.200 कि0मी0) | 3,95,32,000.00 | तीन करोड़ पनचानवे लाख बत्तीस हजार रू0 मात्र | 18 माह |
| 3. | RWD/ DALTONGANJ/ 24/2022-23 | पी0डब्लू0डी0 रजवाडीह मुख्य पथ से महादेव माड़ा होते हुए खैराही तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.100 कि0मी0) | 3,34,31,700.00 | तीन करोड़ चौंतीस लाख इकतीस हजार सात सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 4. | RWD/ DALTONGANJ/ 25/2022-23 | पंचायत आसेहर के पीपल चौक से बनई होते हुए भवरदह सिवान तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.300 कि0मी0) | 2,32,32,500.00 | दो करोड़ बत्तीस लाख बत्तीस हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 5. | RWD/ DALTONGANJ/ 26/2022-23 | उंटारी रोड पिपराखांड़ से लकराही होते हुए प्रतिमांझी तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.000 कि0मी0) | 2,15,40,800.00 | दो करोड़ पन्द्रह लाख चालीस हजार आठ सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 6. | RWD/ DALTONGANJ/ 27/2022-23 | खरकटी पी0डब्लू0डी0 पथ से पुल होते हुए बंदन प्रजापति के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.300 कि0मी0) | 2,14,54,200.00 | दो करोड़ चौदह लाख चौवन हजार दो सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 7. | RWD/ DALTONGANJ/ 28/2022-23 | एन0एच0–75 चियांकी सक्रेट हार्ट स्कूल होते हुए कृषि अनुसंधान केन्द्र से पीपल पेड़ होते हुए पंचायत सचिवालय चियांकी से मेन रोड चियांकी पार्क तक पथ का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 2.868 कि0मी0) | 1,96,57,100.00 | एक करोड़ छियानवे लाख सनतावन हजार एक सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 8. | RWD/ DALTONGANJ/ 29/2022-23 | पंचायत दुब के बरवईया बगीचा से गैस गोदाम तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.000 कि0मी0) | 1,94,87,900.00 | एक करोड़ चौरानवे लाख सतासी हजार नौ सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 9. | RWD/ DALTONGANJ/ 30/2022-23 | एन0एच0–75 चियांकी रोड से बैगा टोला, चन्द्रिका सिंह के घर एवं दशगात्र मण्डप होते हुए अमरेश यादव के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.030 कि0मी0) | 1,85,50,100.00 | एक करोड़ पचासी लाख पचास हजार एक सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 10. | RWD/ DALTONGANJ/ 31/2022-23 | लिढ़की से केकतुआ एवं प्रजाप्रति मुहल्ला होते हुए हरिजन मोहल्ला तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.700 कि0मी0) | 1,68,99,600.00 | एक करोड़ अड़सठ लाख निनानवे हजार छः सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 11. | RWD/ DALTONGANJ/ 32/2022-23 | पंचायत तेतरई आर0सी0डी0 मेन रोड धानुक टोला से शेख मुहल्ला होते हुए सांई टोला तीन मुहान तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.100 कि0मी0) | 1,55,72,900.00 | एक करोड़ पचपन लाख बहत्तर हजार नौ सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 12. | RWD/ DALTONGANJ/ 33/2022-23 | सूरज पाण्डेय के घर से जय दुबे के घर होते हुए चेड़ाबार मोड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.100 कि0मी0) | 1,55,08,100.00 | एक करोड़ पचपन लाख आठ हजार एक सौ रू0 मात्र | 12 माह |
| 13. | RWD/ DALTONGANJ/ 34/2022-23 | हरिहर प्रजाप्रति के घर से कुम्हार टोला होते हुए वृन्दावन तिवारी के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.570 कि0मी0) | 1,46,70,500.00 | एक करोड़ छियालीस लाख सत्तर हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 09 माह |
| 14. | RWD/ DALTONGANJ/ 35/2022-23 | ग्राम पहलदेवा आजाद बिगहा से कालीपुर देवी स्थान तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.500 कि0मी0) | 1,24,61,200.00 | एक करोड़ चौबीस लाख इकसठ हजार दो सौ रू0 मात्र | 09 माह |
| 15. | RWD/ DALTONGANJ/ 36/2022-23 | मेन रोड आर0ई0ओ0 मोड़ से मनोज चौरसिया के घर एवं राजबिहारी चौरसिया के घर होते हुए छप्परदागा सिवाना तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.200 कि0मी0) | 1,20,63,900.00 | एक करोड़ बीस लाख तिरसठ हजार नौ सौ रू0 मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 17.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 25.01.2023 अपराहन 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, डालटनगंज में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः–
27.01.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 30.01.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज के पक्ष में एवं डालटनगंज में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 286600 Rural Work Department(22-23)D

**ज्ञान की बात**

**अगर आपको सच में ज्ञान की प्राप्ति करनी है तो अपने माता-पिता के पास बैठें। उनसे उनके संघर्ष के दिनों की गाथा सुनें। जरूरत पड़े तो नोट भी करते जाएं। आपके माता-पिता की संघर्ष की दास्तान आपको भविष्य के लिए 100 प्रतिशत तैयार कर देगी, आप कभी हारेंगे नहीं। माता-पिता का संघर्ष बेटे को समर्थ बनाने में अहम भूमिका निभाता है, इसे नोट कर लें। *-शिव खेड़ा***

# मतदान की दिशा में क्रान्तिकारी कदम

**मताधिकार** की सफलता इसी बात में है कि हर नागरिक इसका उपयोग कर सके। मगर पढ़ाई-लिखाई, नौकरी, रोजगार, दिहाड़ी मजदूरी आदि के चलते बहुत सारे लोग अपना मूल स्थान छोड़ कर विभिन्न राज्यों में रहने को विवश हैं, इसलिए वे चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाते। निर्वाचन आयोग के मुताबिक पिछले आम चुनाव में करीब तीस करोड़ लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं कर पाये। ऐसा हर चुनाव में होता है। इसलिए लंबे समय से मांग उठती रही थी कि ऐसे लोगों के लिए मतदान का कोई व्यावहारिक उपाय निकाला जाना चाहिए। उसी के मद्देनजर निर्वाचन आयोग ने घरेलू प्रवासियों के लिए रिमोट वोटिंग मशीन यानी आरवीएम शुरू करने का प्रस्ताव पेश किया है। इस पर विचार-विमर्श के लिए अगले महीने सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है। आयोग का कहना है कि इस मशीन को त्रुटिहीन बनाया और इंटरनेट से नहीं जोड़ा जायेगा। हालांकि इस प्रक्रिया को लागू करने की राह में कई कानूनी और तकनीकी रोड़े हैं, जिन्हें दूर करना जरूरी होगा। मगर आयोग फिलहाल इसे प्रायोगिक तौर पर लागू करना चाहता है और फिर इस दिशा में आगे बढ़ा जा सकेगा। कई चुनाव विशेषज्ञ इसे एक क्रांतिकारी पहल मान रहे हैं। सैद्धांतिक तौर पर यह पहल निस्संदेह सराहनीय है। मगर जिस तरह अभी तक ईवीएम को लेकर भ्रम बने हुए हैं और हर चुनाव के बाद कुछ आवाजें मतदान में हुई गड़बड़ी को लेकर उठती रहती हैं, उसमें स्वाभाविक ही आरवीएम भी संदेह से परे नहीं होगी। जब मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने का प्रस्ताव आया, तब भी इसी शंका के चलते सवाल उठे थे कि कोई भी बाहरी व्यक्ति मतदान में गड़बड़ी कर सकता है। इसलिए आरवीएम को पूरी तरह भरोसेमंद बनाना होगा। विपक्षी कांग्रेस ने इसे लेकर शुरू में ही विरोध जाहिर किया है कि इससे मतदान के प्रति लोगों का भरोसा कमजोर होगा। जाहिर है, दूसरे दलों की तरफ से भी ऐसे एतराज उठने की संभावना है। मगर यह प्रस्ताव अगर किन्हीं वजहों से व्यावहारिक रूप नहीं ले पाता, तो ऐसे करोड़ों लोगों का मताधिकार प्रश्नांकित होता रहेगा। अब हर चुनाव में गिरता मतदान प्रतिशत निर्वाचन आयोग के लिए चुनौती बना हुआ है। तमाम

**आयोग का कहना है कि इस मशीन को त्रुटिहीन बनाया और इंटरनेट से नहीं जोड़ा जायेगा। हालांकि इस प्रक्रिया को लागू करने की राह में कई कानूनी और तकनीकी रोड़े हैं, जिन्हें दूर करना जरूरी होगा...**

अपीलों और जागरूकता अभियानों के बावजूद हर चुनाव में कई निर्वाचन क्षेत्रों में पचास प्रतिशत से भी कम मतदान हो पाता है। इस तरह जन प्रतिनिधित्व का मकसद ही अधूरा हो जाता है। चुनावों में गिरते मत प्रतिशत के पीछे अपने मूल स्थान से दूर शहरों या कस्बों में जा बसे लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग न कर पाना भी बड़ा कारण है। अगर ऐसे लोगों को मतदान में शरीक कर लिया जाता है, तो निस्संदेह मत प्रतिशत बढ़ेगा। मगर दिक्कत यह है कि ऐसे लोगों की पहचान सुनिश्चित करना और वे जहां रह रहे हैं, वहां मतदान केंद्र स्थापित कर पाना कैसे संभव होगा।

# कम्युनिस्ट व नेपाली गठजोड़ नया नहीं



**दस** जनवरी को जब प्रधानमंत्री प्रचंड प्रतिनिधि सभा में भारी बहुमत से विश्वास मत हासिल करेंगे तब नेपाली कांग्रेस के लिए इस क्षण को देख और सह पाना शायद सबसे मुश्किल होगा। जनता ने यह क्षण नेपाली कांग्रेस और प्रचंड के गठबंधन को मुहैया कराया था। नेपाली कांग्रेस ने इसे कैसे गंवा दिया इसके पीछे भारत की असफल कूटनीति एक कारण हो सकता है लेकिन नेपाल की सत्ता में छः छः बार प्रधानमंत्री रह चुके शेर बहादुर देउबा का राजनीतिक अधकचरा पन भी सामने आया जिनकी अदूरदर्शिता ने अपने धुर विरोधी के हाथ में सत्ता जाने दिया। नेपाली कांग्रेस गठबंधन सरकार में प्रचंड प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति दोनों में से कोई एक पद अपने हिस्से में चाह रहे थे लेकिन देउबा को 88 सीटों के साथ बड़ा दल होने का घमंड था, इस वजह से वे दोनों में से एक पर भी राजी नहीं हुए। प्रचंड, जिनमें भारत के प्रति बदलाव आने लगा था, उन्हें यह लग चुका है कि नेपाली कांग्रेस गठबंधन में प्रधानमंत्री न बन पाने में अकेले देउबा नहीं हैं, भारत की भी इसमें भूमिका है जो उनसे पहले देउबा को प्रधानमंत्री के रूप में देखने को इच्छुक था। बदली हुई परिस्थितियों में भारत के प्रति उनके रुख में क्या बदलाव आता है, इसे देखना होगा। इधर राजशाही के वक्त से ही कम्युनिस्टों के प्रति नेपाली कांग्रेस के अविश्वासी संबंधों की परतें भी उकेरी जाने लगी है,और यह भी कि 1993 में नेपाली कांग्रेस ने किस तरह अपने समर्थन वाले स्व.मनमोहन अधिकारी के नेतृत्व में पहली कम्युनिस्ट सरकार को मात्र नौ महीने में ही गिरा दिया था। दरअसल इस नौ महीने में ही कम्युनिस्ट प्रधानमंत्री मनमोहन अधिकारी ने नेपाल में 'अपना गांव खुद बनाएं' जैसी गांव के विकास की बड़ी योजना के अतिरिक्त वृद्धा पेंशन, भुमि सुधार, निरक्षरता उन्मूलन, सिंचाई, विद्युतीकरण, रोजगार आदि जनहित कारी योजनाएं लागू कर नेपाली जनता को परिवर्तन की अनुभूति करवाई थी। मनमोहन अधिकारी के ऐसी तमाम योजनाओं से नेपाली कांग्रेस घबरा गई और उसे अपनी जमीन खिसकने का डर सताने लगा लिहाजा उसने मनमोहन अधिकारी सरकार से समर्थन वापस ले कर सरकार गिरा दिया। प्रचंड सरकार मनमोहन अधिकारी की सरकार जैसी योजनाएं लागू कर पाये तो नेपाल के लिए यह बड़ा परिवर्तन होगा। नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्टों के बीच अविश्वास का खेल नया नहीं है। लंबे संघर्ष के बाद 1951 में 104 साल के राणा शाही से नेपाल मुक्त हो सका था। राजा त्रिभुवन ने बहुदलीय संसदीय व्यवस्था के साथ संविधान सभा का निर्वाचन कर नये गणतांत्रिक संविधान का निर्माण करने की घोषणा की थी। लेकिन राजा घोषणा के इतर राजनीतिक दलों के सत्ता लोलुप नेताओं को इधर उधर भटका कर संविधान सभा के चुनाव को टालने और अपनी शक्तियों को मजबूत करने की साज़िश रचते रहे। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के तत्कालीन बड़े और अनुभवी नेता पुष्प लाल राजा के इस चाल को समझ गये और संविधान सभा का चुनाव शीघ्र कराने की आवाज बुलंद की। लेकिन नेपाली कांग्रेस के स्व.वीपी कोइराला, कृष्ण प्रसाद भट्टाराई, सुवर्ण शमसेर जैसे नेता राजा के इस चाल को नहीं समझ सके। वे राजा विरोधी कम्युनिस्टों के साथ नहीं आए। नेपाली कांग्रेस ने कम्युनिस्टों के राजा विरोधी स्वर को प्रजातंत्र के विरुद्ध कम्युनिस्टों का षड्यंत्र कहते हुए राजा द्वारा लागू निरंकुश संविधान के तहत चुनाव को स्वीकार किया। तब प्रतिनिधि सभा में 109 सीटें ही थी। इसमें 88 सीटों पर नेपाली कांग्रेस को जीत हासिल हुई थी। इस चुनाव में कम्युनिस्ट पार्टी बेमन से मैदान में उतरी थी। 88 सीटें जीतकर नेपाली कांग्रेस के नेता वीपी कोइराला को भ्रम था कि वे मजबूत निर्वाचित सरकार के मुखिया हैं इसलिए राजा उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। लेकिन वीपी कोइराला की यह सोच एक बड़ी भूल थी। राजा के पक्षधर लोगों ने देश में ऐसा माहौल बनाया कि जनमानस में सत्ता रूढ़ नेपाली कांग्रेस के खिलाफ आवाज उठने लगी। वीपी कोइराला की चुनी हुई सरकार को अपदस्थ करने में अमरीका सहित अन्य पश्चिमी शक्तियां राज की मदद में थी। वीपी कोइराला निःसंदेह भारत परस्त थे। जिस वजह से भी पश्चिमी शक्तियों ने खुलकर राजा की मदद की। बहरहाल राजा के षड्यंत्रों के जरिये वीपी कोइराला की चुनी हुई सरकार को भंग कर सत्ता हथियाने की राजा की कोशिश को एक बार फिर कम्युनिस्ट नेता पुष्प लाल भांप गए और उन्होंने नेपाली कांग्रेस का आवाहन किया कि कम्युनिस्ट और नेपाली कांग्रेस मिलकर राजा के इस षड्यंत्र के खिलाफ संघर्ष शुरू करें। वीपी कोइराला इसे भी प्रजातंत्र के खिलाफ कम्युनिस्टों की चाल करार देकर पीछे हट गए।

**नेपाली कांग्रेस गठबंधन सरकार में प्रचंड प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति दोनों में से कोई एक पद अपने हिस्से में चाह रहे थे। देउबा को 88 सीटों के साथ बड़ा दल होने का घमंड था, इस वजह से वे दोनों में से एक पर भी राजी नहीं हुए। प्रचंड, जिनमें भारत के प्रति बदलाव आने लगा था, उन्हें यह लग चुका है कि नेपाली कांग्रेस गठबंधन में प्रधानमंत्री न बन पाने में अकेले देउबा नहीं हैं, भारत की भी इसमें भूमिका है...**

इन दिनों



यशोदा श्रीवास्तव

## बोधि वृक्ष

### सुनें कहानी श्री हनुमान की

**(गतांक से आगे)**

वरुण ने कहा कि वह लंबी उम्र के बावजूद पानी के प्रभाव से अप्रभावित रहेंगे। यम देवता ने कहा कि उन्हें कभी यमयातना से डरना नहीं पड़ेगा। विश्वकर्मा ने उन्हें वरदान दिया के उनके द्वारा बनाये गए किसी भी शस्त्र से उन्हें कभी कोई आहत नहीं कर सकेगा। कुबेर ने उन्हें गदा प्रदान की और युद्ध में विजयी बने रहने का आशीर्वाद दिया। इस प्रकार देवताओं द्वारा दी गई शक्तिओं से हनुमाजी धन्य-धन्य हुए। हनुमानजी थोड़े बड़े हुए तो बड़े शरारती हो गए। वह जंगल में रहनेवाले ऋषिओं को बड़ा परेशान करते थे। उनके नटखटपन से परेशान होकर एक ऋषि ने उनको श्राप दे दिया कि वे अपनी सारी शक्तियों को इसी क्षण भूल जायें। माता अंजनी को जब ये पता चला तो उन्होंने बालक की भूल का प्रश्चाताप किया और ऋषि से क्षमा मांगी। तब ऋषि ने बताया कि जब इसे शक्ति की सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी तब उसे कोई याद दिलाएगा। तब उसे अपनी सारी शक्तियों का स्मरण हो जायेगा। जब श्री राम अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ वन में थे, (अपने पिता राजा दशरथ को अपनी सबसे छोटी रानी कैकेयी को दिए गए वरदान का पालन करने के लिए) तब सीता का अपहरण लंका के राक्षस-राजा रावण ने किया था। जरूरत के इस समय में हनुमानजी ने श्री राम और लक्ष्मण से मुलाकात की और उन्हें किष्किंधा के निर्वासित राजा सुग्रीव के पास ले गए।

**(क्रमशः)**

# अंग्रेजी से फैलेगा दुनिया में भारत का तत्व ज्ञान

**बहुत** छोटा था जब पुस्तकें मेरी दोस्त बन गई थीं। नाना, दादा, पिताजी अक्सर मेरे लिए छोटी-छोटी कहानियों की किताबें लेकर आते। मैं उन्हें बहुत चाव से पढ़ता। किसी में जंगल के जानवरों की, तो किसी में लोक-जीवन से जुड़ी सुंदर कथायें होतीं। सभी में कुछ न कुछ संदेश होता। किसी में दोस्ती की ताकत का, किसी में सच की जीत का, किसी में घमंड, बेईमानी, बुराई व दुष्टता की हार का, तो किसी में प्रेम, आस्था, समर्पण, परोपकार, त्याग, तप, साधना और विवेक जैसे खुशनुमा स्वरों का संगीत लहराता। उनमें ऐसे सुंदर नैतिक गुण छुपे होते, जिन्हें हर कोई जीवन में गूंथ ले तो चारों ओर सुख ही सुख के सूरज खिल उठते। थोड़ा बड़ा हुआ, तो इन किताबों के अगल-बगल विश्व साहित्य की चुनिंदा कृतियों ने भी अपना स्थान बना लिया। रोज देर रात तक पढ़ता और उनमें खिंचीं दुनिया की रंग-बिरंगी तस्वीरों से रोमांचित होता। यह नशा ही कुछ अलग सा था। सागर में कोई जितना गहरा उतरता है, सागर का सौंदर्य उतना ही मनोरम, उतना ही अनुपम होता जाता है। बहुत जल्द मैं पिता के पुस्तक-संग्रह से पुस्तकें लेकर उनके भीतर डुबकी भरने लगा। पिता इंजिनियर थे, पर उन्हें अध्यात्म, जीवन दर्शन, नैतिकता, धर्म और तत्वज्ञान जैसे गूढ़ विषयों में गहरी दिलचस्पी थी। वेद, पुराण, उपनिषद्, श्रीमदभगवदगीता, विवेकानंद और अरविंद साहित्य, बौद्ध धर्म, जैन धर्म से जुड़ी अनेक रचनाएं उनकी लाइब्रेरी में थीं। मैं उन्हें उठाता और अपने कमरे में ले आता। रात के खाने के बाद उनमें देर तक डूबा रहता। कुछ समझ में आता, कुछ नहीं। जो समझ न आता, उसे फिर से पढ़ता। जो समझ में आता, उसे भी दोबारा पढ़ता। हर बार कुछ नया मिलता। मैथिलीशरण गुप्त ने अपनी काव्य रचना भारत भारती में कहा है- 'जिनकी महत्ता का न कोई पा सका है भेद ही

संसार में प्राचीन सबसे है हमारा वेद ही।' सच कहूं तो ये अजर-अमर कृतियां ज्ञान का सूरज हैं। जीवन यात्रा में सत्य-असत की पहचान, कर्तव्य व अधिकार का बोध, ज्ञान-विज्ञान का आलोक, आत्म साधना और जीवन को सुंदर बनाने का आध्यात्मिक प्रकाश उनमें ये सभी गुण अंतर्निहित हैं। बृहदारण्यक उपनिषद् हमें 'असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय' के ज्ञान-मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चित दुःखभाग भवेत' की सहस्त्रों साल पुरानी सर्वमंगलकारी सोच 1978 की विश्व समुदाय की 'हेल्थ फॉर ऑल' आल्मा आटा घोषणा से कहीं अधिक सुंदर और गहरी है। कार्यों और कारणों के संबंध को बताने वाला सच्चा ज्ञान, पूर्वजों और मनीषियों के मन की समाधि की सच्ची पूंजी, अज्ञेय से ज्ञेय की यात्रा जैसे अनन्य आत्म-तत्व इन आादि ग्रंथों में सुरक्षित हैं। हम इन तत्वों को ग्रहण करें, आत्मसात करें और उन पर आचरण करें, उनकी सार्थकता इसी में निहित है। उनका सच्चा लक्ष्य प्राण अमृत तत्व का साक्षात्कार है, न कि बौद्धिक कुतूहल जागृत करना। यह ज्ञान जन-जन के लिए साफ-सुथरी, सरल भाषा और सरल अभिव्यक्ति में उपलब्ध हो, तभी हर कोई उससे लाभ पा सकता है। मेंडारिन (चीनी) के बाद दुनिया में सबसे अधिक बोली, समझी, पढ़ी जाने वाली अंग्रेजी में भी यह आध्यात्मिक साहित्य उपलब्ध हो तो कितना अच्छा होगा। ऐसा नहीं कि यह साहित्य पहले अंग्रेजी में अनूदित नहीं हुआ, लेकिन जो हुआ है वह प्रायः आम बोलचाल की भाषा में नहीं, बल्कि अधिकांशतः विद्वतापूर्ण कृतियों के रूप में हुआ है। आवश्यकता उसे सरल रोचक ढंग से जीती-जागती तस्वीरों के साथ प्रस्तुत करने की है, जिससे अधिक से अधिक लोग उसका रस ले सकें, उसे आत्मसात कर सकें और यह दुनिया सुंदर बन सके। जीवन का संपूर्ण सौंदर्य तभी खिलता है, जब हम उच्च कोटि का जीवन जीने की कला सीख लेते हैं।

**(लेखक सफदरजंग हॉस्पिटल में सीनियर डॉक्टर और प्रोफेसर हैं)**

**मेंडारिन (चीनी) के बाद दुनिया में सबसे अधिक बोली, समझी, पढ़ी जाने वाली अंग्रेजी में भी यह आध्यात्मिक साहित्य उपलब्ध हो तो कितना अच्छा होगा। ऐसा नहीं कि यह साहित्य पहले अंग्रेजी में अनूदित नहीं हुआ, लेकिन जो हुआ है वह प्रायः आम बोलचाल की भाषा में नहीं, बल्कि अधिकांशतः विद्वतापूर्ण कृतियों के रूप में हुआ है।**

बचपन इन दिनों



डॉ. यतीश अग्रवाल

## फोटो की दुनिया

**Rakesh Sinha**
23 h ·

Parliament Library(संसद पुस्तकालय ) में



## ट्वीट-ट्वीट

**Hemant Soren** @Hema... · 4h

संविधान सभा में आदिवासी अधिकारों की आवाज उठाने वाले झारखण्ड की माटी के सपूत, महान नेता और हॉकी कप्तान मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा जी की जयंती पर शत-शत नमन।
खुशी है, आज मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति के तहत वंचित वर्ग के युवा विदेश में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

## फेसबुक वॉल से

दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी और गोरखपुर के सांसद रविकिशन हरिद्वार में गंगा स्नान के बाद।



# बायोवेपंस की होड़ से जीवन के अस्तित्व पर लगता ग्रहण

**नये** साल के आगमन पर देश के विभिन्न पर्यटन तथा धार्मिक स्थलों पर लोगों ने दिल खोलकर जश्न मनाया। होटल, रेस्टोरेन्ट, फार्म हाउस, क्रूज, ऐतिहासिक इमारतों के परिसर, प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर स्थान, आस्था के केन्द्रों पर पुराने साल की आखिरी शाम से ही लोगों की भीड जमा होने लगी थी। हर ओर उत्साह का माहौल रहा। कोरोना का डर ढिढुरती ठंड में जम गया था और लोगों के दिलों की गर्मजोशी परवान चढ रही थी। बीते साल की खट्टी-मीठी यादों का कारवां कहने-सुनने की राह पर निकल चुका था। भीड का अंग बने ज्यादातर लोग कोरोना के लिए चीन को उत्तरदायी मानते, विश्व स्वास्थ्य संगठन के पक्षपातपूर्ण रवैये की आलोचना करते और आने वाले समय में जैविक युद्ध की संभावनायें व्यक्त करते रहे। वहीं दूसरी ओर दवा माफियों, चिकित्सा के ठेकेदारों और चन्द उत्तरदायी अधिकारियों की तिकडी के व्यक्तिगत लाभ की स्थिति को रेखांकित करते हुये उन्हें षडयंत्रकारी तक निरूपित करने वालों की कमी नहीं थी। चर्चाओं का बाजार गर्म होता रहा। लोगों को देशवासियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पूरा भरोसा है। उनके विश्वास की मानें तो दुनिया भर में कोहराम मचाने वाला चीनी वायरस भारत में आकर दम तोड देगा। आमजन की सोच के सकारात्मक स्वरूप से आत्मविश्वास का ग्राफ निरंतर बढता चला गया। वहीं भारत की राह पर चलते हुए अमेरिका, ताइवान, साउथ कोरिया, जापान, इजराइल, स्पेन, ब्रिटेन, इटली, फ्रांस ने भी चीन से आने वालों पर प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही की घोषणा कर दी। अपने आंकडों से लेकर वास्तविक स्थिति को छुपाने वाले षडयंत्रकारी चीन का पक्षधर रहे विश्व स्वास्थ्य संगठन को मजबूरन कठोरता का संकेत देना पडा। आगामी 3 जनवरी को आयोजित बैठक में चीन को अपने जीनोम सीक्वेंसिंग के डेटा प्रस्तुत करने के आदेश जारी हुए। ड्रैगन के लाल आंकडों में कितनी सच्चाई होगी, यह तो आने वाला समय ही बतायेगा। क्रास मानीटरिंग के बिना चीन की धरातली स्थिति की वास्तविकता कभी सामने नहीं आ सकती और चीन क्रास मानीटरिंग के लिये कभी तैयार नहीं होगा। चीन के हुबेई प्रांत की राजधानी वुहान स्थित वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलाजी लैब हमेशा से ही कोरोना की जन्म स्थली के रूप चर्चित रहा है। इस लैब में काम कम चुके अमेरिका के वैज्ञानिक एड्रंयू हफ ने अपनी पुस्तक द ट्रुथ आबाउट वुहान में स्पष्ट किया है कि कोरोना तथा उससे विकसित अन्य वायरस वुहान लैब में मानव निर्मित हैं। वायरस की सुरक्षा के पर्याप्त उपाय न होने से इसका रिसाव हो गया और फिर इसे रोका नहीं जा सका। यह लैब वुहान शहर से 10.4 किलोमीटर दूर है जहां पहुचने के लिए लगभग 21 मिनिट का समय लगता है। पहाडों की तलहटी पर सन 1956 में स्थापित किये गये। इस इंस्टीट्यूट का विस्तार काफी बड़े क्षेत्र में है जहां पर अनेक भवनों में विभिन्न विभाग काम करते हैं। सन 2003 में इस इंस्टीट्यूट को बायोसेफ लैब में परिवर्तित करने का प्रस्ताव रखा गया। प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लक्ष्यों को साधने के लिए 44 मिलियन डॉलर के भारी भरकम बजट से सन 2018 से यहां रिसर्च आपरेशंस शुरू हो गये। यह स्थान भूकम्प, बाढ़ तथा प्राकृतिक आपदाओं की संभावनाओं से परे है। पूरा इलाका अत्याधिक संवेदनशील होने के कारण अत्याधुनिक घातक हथियारों से लैस सेना के सुरक्षा कवच में रहता है। कहा जा रहा है कि यहां चमगादडों में पाये जाने वाले वायरसों पर लैब का गेन आफ फंक्शन खतरों से भरा पड़ा है। सन 2020 में अमेरिका, कनाडा और आस्ट्रेलिया सहित अनेक देशों ने कोरोना वायरस को फैलाने के लिए चीन को उत्तरदायी ठहराया था। इस लैब को 4 कैटेगरी में बांटा गया है। पहली कैटेगरी में काम करने वालों को फेस शील्ड रखना पडता है। दूसरी कैटेगरी को बीएसएल 2 कहा जाता है जो पहली की तुलना में ज्यादा खतरनाक होता है। यहां फेस के साथ साथ बाडी शील्ड करना पड़ती है। तीसरी कैटेगरी में फेस, बाडी और शू कवर भी पहना अनिवार्य होता है और चौथी कैटेगरी सबसे घातक है जहां डेल्टा सूट पहना पडता है।

**पहाडों की तलहटी पर सन 1956 में स्थापित किये गये। इस इंस्टीट्यूट का विस्तार काफी बड़े क्षेत्र में है जहां पर अनेक भवनों में विभिन्न विभाग काम करते हैं। सन 2003 में इस इंस्टीट्यूट को बायोसेफ लैब में परिवर्तित करने का प्रस्ताव रखा गया। प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लक्ष्यों को साधने के लिए 44 मिलियन डॉलर के भारी भरकम बजट से सन 2018 से यहां रिसर्च आपरेशंस शुरू हो।**

दुनिया-समाज



डॉ. रवीन्द्र अरजरिया

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय** : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# मर्चेंट नेवी में बनाना है कॅरियर तो जानें कोर्स व सैलरी

12 वीं कक्षा पूरी करने के बाद इच्छुक उम्मीदवार इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (IMU CET) या ऑल इंडिया मर्चेंट नेवी एंट्रेंस एग्जाम के लिए उपस्थित हो सकते हैं। यह परीक्षा आमतौर पर मई के महीने में आयोजित की जाती है। क्या आपको समुद्र पसंद है, क्या आपको सागर की ऊंची ऊंची लहरों को निहारना अच्छा लगता है या आप जहाज पर स्थानों की यात्रा करना पसंद करते हैं? तो करिये न अपने इस शौक को पूरा! पर कैसे? मर्चेंट नेवी बनकर आप इसे अपनी नौकरी के हिस्से के रूप में कर सकते हैं। मर्चेंट नेवी ऑफिसर का काम देश की कमर्शियल शिपिंग की देखभाल करना होता है। भारत जैसा देश जो प्रकृति में प्रायद्वीपीय है, उसके कई बंदरगाह हैं। इतना ही नहीं जलमार्ग के माध्यम से बहुत सारे स्वदेशी उत्पाद दूसरे देशों को निर्यात किए जाते हैं। इसलिए मर्चेंट नेवी का एक अधिकारी अपने चालक दल के साथ सामान को एक जगह से दूसरी जगह ले जाना संभव बनाता है।

चूंकि आयात-निर्यात व्यवसाय प्रकृति में बहुत बड़ा है, इसलिए ये व्यापारी जहाज माल को उसके वांछित गंतव्य तक ले जाने के लिए बड़ी संख्या में मर्चेंट नेवी के अधिकारियों को नियुक्त करते हैं। उच्च पारिश्रमिक के अलावा, दुनिया भर में यात्रा करने का अवसर और समुद्र पर रोमांच का आकर्षण मर्चेंट नेवी में कॅरियर बनाने के लिए कई युवाओं को आकर्षित करता है। मर्चेंट नेवी इस अर्थ में नौसेना से अलग है कि यह नौसेना के विपरीत वाणिज्यिक सेवाएं प्रदान करती है।

अगर संक्षेप में कहा जाये तो मर्चेंट नेवी के कॅरियर में आमतौर पर सामान का एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित परिवहन शामिल होता है। एक मर्चेंट नेवी अधिकारी अपना अधिकांश जीवन जमीन पर नहीं बल्कि समुद्र के माध्यम से नौकायन करने वाले जहाज पर बिताता है। इसलिए यह कॅरियर से ज्यादा लाइफस्टाइल है।

### मर्चेंट नेवी में शामिल होने के लिए निम्नलिखित योग्यता होनी चाहिए

- उम्मीदवार को भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित के साथ कक्षा 12 उत्तीर्ण होना चाहिए।
- उम्मीदवार को अविवाहित भारतीय नागरिक (पुरुष या महिला) होना चाहिए।
- सामान्य दृष्टि की आवश्यकता होती है लेकिन प्लस या माइनस 2.5 तक के चश्मे की अनुमति दी जा सकती है।
- एडमिशन एक एंट्रेंस के माध्यम से होता है जिसके बाद एक स्क्रीनिंग टेस्ट और एक मुख्य लिखित परीक्षा होती है।
- टेस्ट क्लियर करने के बाद इंटरव्यू और मेडिकल टेस्ट होता है।
- आपको रोजगार से पहले एक जहाज-प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी पूरा करना होगा। पाठ्यक्रम आम तौर पर अल्पकालिक होता है जहां उम्मीदवारों को यात्रा की बुनियादी सुरक्षा पहलुओं को सिखाया जाता है।

कुछ निजी संस्थान हैं जो मर्चेंट नेवी के लिए भी प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। ये संस्थान छात्रों को डेक कैडेट और समुद्री इंजीनियरिंग जैसी नौकरियों के लिए तैयार करते हैं।

**12वीं के बाद मर्चेंट नेवी में कैसे शामिल हों?**




कक्षा 12 के बाद आप निम्नलिखित मर्चेंट नेवी पाठ्यक्रमों का अध्ययन कर सकते हैंः

- बीएससी समुद्री विज्ञान
- बी.ई. मरीन इंजीनियरिंग
- बी.ई. नौसेना वास्तुकला और अपतटीय इंजीनियरिंग
- बी.ई. पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
- बी.ई. मैकेनिकल इंजीनियरिंग
- बी.ई. हार्बर एंड ओशन इंजीनियरिंग
- बी.ई. सिविल इंजीनियरिंग
- बी.ई. इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग
- बीएससी मरीन कैटरिंग
- इलेक्ट्रो तकनीकी अधिकारी पाठ्यक्रम

**मर्चेंट नेवी के लिए प्रवेश परीक्षा**

12 वीं कक्षा पूरी करने के बाद इच्छुक उम्मीदवार इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (IMU CET) या ऑल इंडिया मर्चेंट नेवी एंट्रेंस एग्जाम के लिए उपस्थित हो सकते हैं। यह परीक्षा आमतौर पर मई के महीने में आयोजित की जाती है। अन्य परीक्षाएं जो समुद्री इंजीनियरिंग के लिए प्रवेश द्वार के रूप में भी काम कर सकती हैं, वे हैं JEE, MERI प्रवेश परीक्षा, ळक्टरअळ। इसके लिए पात्रता मापदंड इस प्रकार हैः

- जीपी रेटिंग कोर्स के लिए 10वीं पास
- डेक कैडेट और इंजन कैडेट के लिए 10+2 पीसीएम 60% के साथ उत्तीर्ण

परीक्षा के लिए आवेदन ऑनलाइन किया जा सकता है। आवेदन पत्र के साथ आवेदकों को 100 शब्दों का एक संक्षिप्त सारांश प्रस्तुत करना होगा जो बताता है कि वे मर्चेंट नेवी के लिए आवेदन क्यों करना चाहते हैं। यह परीक्षा भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान और रीजनिंग जैसे विषयों पर आधारित एक एमसीक्यू पैटर्न परीक्षा है।

**मर्चेंट नेवी में नौकरी की संभावनाएं**

इस क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं होती हैं। मर्चेंट नेवी में बेसिक कोर्स पूरा करने वाले उम्मीदवारों को विभिन्न सलाहकारों और प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से बहुत आसानी से नौकरी मिल सकती है। मर्चेंट नेवी के बेड़े में मालवाहक जहाज, कंटेनर जहाज, टैंकर, थोक वाहक, रेफ्रिजरेटर जहाज, यात्री जहाज, साथ ही जहाजों पर रोल ऑफ / रोल ऑन शामिल होते हैं। अन्य की तुलना में मालवाहक जहाजों में रोजगार मिलने की संभावना अधिक होती है।

व्यापारिक जहाजों को चलाने वाली कंपनियों को ऐसे प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता होती है, जो जहाजों को संचालित और रखरखाव कर सकते हैं। इनमें से कुछ कंपनियां हैं- यूएसए की शेवरॉन एंड मोबिल, हांगकांग की वॉलेम शिप मैनेजमेंट, यूके की डेनहोम, के लाइन, बिब्बी शिप मैनेजमेंट, डी'एमिको आदि। भारत में भी कई शिपिंग कंपनियां हैं, जैसे शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग, एस्सार और चौगुले शिपिंग। जहाज के तीन मुख्य विभागों के लिए प्रशिक्षित लोगों की आवश्यकता होती हैः डेक, इंजन और सेवा विभाग।

### मर्चेंट नेवी जॉब प्रोफाइल

- डेक अधिकारी (नेविगेशन अधिकारी)
- इलेक्ट्रो-तकनीकी अधिकारी (ईटीओ)
- इंजीनियर
- रेटिंग - रेटिंग कुशल नाविक होते हैं जो सभी अधिकारियों को दैनिक कार्यों में मदद करते हैं
- खानपान और आतिथ्य दल (पर्सर्स, स्टीवर्ड, शेफ, हाउसकीपर इत्यादि)

### मर्चेंट नेवी- पे पैकेज

मर्चेंट नेवी में वेतन 12000 रुपये से 8 लाख रुपये प्रति माह के बीच हो सकता है, हालांकि वेतन संरचना कंपनी से कंपनी, शहर से शहर, निर्यात-आयात की जरूरत, वरिष्ठता आदि में भिन्न भिन्न होती है। सभी चालक दल के सदस्य और अधिकारी को बोर्ड पर मुफ्त भोजन दिया जाता है और वरिष्ठ अधिकारी अपनी पत्नियों को यात्रा के लिए साथ ले जा सकते हैं। इसके अलावा आपको आयातित शराब, सिगरेट, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, सौंदर्य प्रसाधन बोर्ड पर फ्री में उपलब्ध होते हैं। आप हर साल चार महीने की छुट्टी के भी हकदार होते हैं। दिलचस्प बात यह है कि मर्चेंट नेवी पेशेवर की कमाई पर कोई आयकर रिटर्न नहीं लगाया जाता है।

❖ जे. पी. शुक्ला

# जामिया आरसीए के सफल छात्रों का सम्मान

जामिया मिलिया इस्लामिया की आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) ने अपने उन छात्रों को सम्मानित किया है जिनका चयन यूपीएससी, केंद्रीय एवं राज्य संबद्ध सेवा परीक्षा में हुआ है। जामिया आरसीए की खासियत यह है कि अभी तक यहां से कोचिंग प्राप्त 270 से अधिक छात्र सिविल सर्वेंट्स और अन्य केंद्रीय सेवाओ में चुने जा चुके हैं। वहीं राज्य सेवाओं में 400 से अधिक अधिकारियों का चयन हुआ है। जामिया मिल्लिया इस्लामिया की प्रतिष्ठित रेजिडेंशियल कोचिंग अकादमी (आरसीए), के सोलह उम्मीदवारों ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) 2021 की परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। इसके अलावा अकादमी से दो उम्मीदवारों का चयन यूपीएससी सीएसई 2021 में आरक्षित सूची के माध्यम से किया गया है। जामिया आरसीए के एक छात्र का ओडिशा सिविल सेवा परीक्षा के लिए भी चयन हुआ है। गौरतलब है कि 2021 की यूपीएससी टॉपर श्रुति शर्मा भी आरसीए से थीं। वहीं छात्रा संचिता शर्मा ने यूपीपीएससी-2020-पीसीएस परीक्षा में टॉप किया था। जामिया मिल्लिया इस्लामिया स्थित आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) की कुल नौ छात्राओं ने यूपीएससी की परीक्षा भी उत्तीर्ण की थी। इनमें से श्रुति शर्मा ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा- 2021 में प्रथम स्थान हासिल किया था। जामिया आरसीए से कोचिंग लेने वाले 270 छात्र अभी तक सिविल सर्वेंट्स बन चुके हैं। प्रोफेसर आबिद हलीम, प्रोफेसर इंचार्ज-आरसीए ने आसीए के छात्रों को सर्वोत्तम मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए आने वाले दिनों में क्रियान्वित की जाने वाली भविष्य की योजनाओं की एक संक्षिप्त रिपोर्ट को रेखांकित किया। उन्होंने मौजूदा पुस्तकालय की बैठने की क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला और इसके समर्थन का अनुरोध किया। आरसीए 24 घंटे खुलने वाले पुस्तकालय की सुविधा और एक इकोसिस्टम के साथ वंचित छात्रों को मुफ्त कोचिंग और प्रशिक्षण प्रदान करता है जो सिविल सेवा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के उम्मीदवारों के लिए देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में से एक है। पात्रता, परीक्षा केंद्रों और अन्य विवरणों के बारे में विस्तृत जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार में उप सचिव व आईएएस अधिकारी डॉ. शाह फैसल ने जामिया की वाइस चांसलर प्रो. नजमा अख्तर के गतिशील नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने आरसीए को मार्गदर्शन और समर्थन दिया और इसे उत्कृष्टता की अकादमी बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने हर संभव तरीके से अकादमी का समर्थन करने की इच्छा भी दिखाई। प्रो. नजमा अख्तर ने आरसीए के सभी सफल उम्मीदवारों को बधाई दी। उन्होंने इस तथ्य की ओर इशारा करते हुए भी खुशी व्यक्त की कि 2021 की यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की टॉपर श्रुति शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिला उम्मीदवारों ने अकादमी का नाम रोशन किया है जामिया को गौरवान्वित किया है। छात्रों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए आरसीए के अपने अनुभवों को भी साझा किया कि कैसे अकादमी ने उनके व्यक्तित्व को विकसित करने में मदद की है।

# कांग्रेस का 137 वर्ष का सफरनामा व कम्युनिस्टों की भूमिका

*हालांकि* भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अंग्रेज नौकरशाह और राजनीतिज्ञों की समझबुझ की उपज थी। लेकिन सच्चाई है कि भारत में चल रहे आजादी के आंदोलन के गर्भ से ही कांग्रेस निकला था। 1885 में बम्बई में उमेश चन्द्र बनर्जी की अध्यक्षता में बुद्धिजीवियों का सम्मेलन हुआ और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का जन्म हुआ। उमेषचन्द्र बनर्जी पहले अध्यक्ष थें। देश की आजादी चाहने वाले राष्ट्रभक्तों ने कांग्रेस में शामिल होकर कांग्रेस की काया को भारतीय स्तर के पार्टी में तबदील कर दिया। महात्मागांधी, लाला लाजपत राय, विपिन चन्द्र पाल, बाल गंगाधर तिलक जैसे लोग अगुवा भूमिका में आ गये। सन 1917 की रूस की क्रांति ने परतंत्र भारत में राजनीतिक भूचाल ला दिया। 1920 में अखिल भारतीय टेज्ड युनियन की स्थापना हुई जिसमें मजदूर नेता के साथ बीबी गिरी और लाला लाजपत राय शामिल हुए। 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन कलकत्ता में हुआ जिसके अध्यक्ष लाला लाजपत राय थें। महात्मागांधी स्वराज्य चाहते थे। उसी समय मोती लाल नेहरू, चितरंजन दास, राजेन्द्र प्रसाद जैसे उच्च कोटी के वकीलों ने वकालत छोड़ दी और आजादी के आंदोलन में शामिल हो गये। गांधी जी ने सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया जो कांग्रेस के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ। 1921 में अहमदाबाद में कांग्रेस का अधिवेषन हुआ जिसमें हसरत मोहानी ने यह प्रस्ताव पेश किया कि स्वराज्य का अर्थ सारे विदेशी नियंत्रण से मुक्त पूर्ण स्वाधीनता होगा। गांधी जी के चलते यह प्रस्ताव पास नहीं हुआ। फिर भी आंदोलन जारी रहा। कम्युनिस्ट कांग्रेस के अधिवेशन में यह सवाल उठाते रहे। 1922 में गया अधिवेषन में कम्युनिस्ट नेता सिंगारवेलु चेट्टियार ने भी मांग को दोहराया व्यापक समर्थन मिला। 1927 आते आते तक पं. जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चन्द्र बोस नेता के रूप में उभर चुके थें। कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन दिसम्बर 1929 में पूर्ण स्वाधीनता संग्राम की बात की गई और 26 जनवरी को स्वाधीनता दिवस मनाने, राष्ट्रीय झंडा फहराने और देष को स्वाधीन करने की प्रतिज्ञा लेने का आदेश हुआ। 1925 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की वजाप्ता स्थापना हो चुकी थी। कम्युनिस्ट कांग्रेस के अधिवेशन में बैठते थे। उस समय भारत के आजादी आंदोलन की राजनीति का कांग्रेस पार्टी सर्वे मंच था। जो आजादी चाहते थें वे इस अधिवेशन में शामिल होते थें। जमायते इस्लामी, आरआरएस और हिन्दू वादी संगठन कभी भी ना तो कांग्रेस के अधिवेशन में शामिल हुए ना तो आजादी के पक्षधर थें। कांग्रेस, कम्युनिस्टि, समाजवादी सभी कांग्रेस के साथ मिलकर आंदोलन की रूपरेखा तय करते थें। यानि आंदोलन के मुख्यधारा के साथ थें। ब्रिटिष शासकों ने कम्युनिस्टों का प्रभाव खत्म करने के लिए कई कदम उठाए। ब्रिटिश लेबर पार्टी के नेताओं तथा टेज्ड युनियन ऐक्ट के जरिए उन्होंने मजदूर आंदोलन को अपनी मुट्ठी में करने की कोशिश की। सितम्बर 1928 में कम्युनिस्टों के कार्यों को रोकने के लिए उन्होंने केन्द्रीय विधानसभा में जनरक्षा विधयेक पेश किया। इसका विरोध इस कदर केन्द्रीय विधानसभा में हुआ कि पक्ष और विपक्ष में बराबर - बराबर मत आए।

विधानसभा के अध्यक्ष विट्ठल भाई पटेल ने अपना मत विपक्ष में दिया और विधेयक पास ना हो सका। ब्रिटिश शासको ने उसे अब आर्डिनेंस का रूप दिया और जनवरी 1929 में उसे कुछ परिर्वतन के साथ फिर केन्द्रीय विधानसभा में पेश किया। इसका भी विरोध विधानसभा में हुआ। इसका विरोध करते हुए मोती लाल नेहरू ने जो भाषण दिया था वह मार्के का था। उन्होंने कम्युनिस्टों को दृढ़सिद्धान्तवादी और साहसी बताते हुए कहा कि प्रत्येक संतुलित मस्तिष्क का व्यक्ति कम्युनिष्टों का आदर करेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि इस विधयेक के जरिये आप कम्युनिस्ट विचारों का प्रचार नहीं रोक सकते। इन संशोधनों का बहस के दौरान ही दो महत्वपूर्ण घटनाएं घटी। पहली यह कि ब्रिटिश शासकों ने सारे देश में कम्युनिस्टों की गिरफ्तारी शुरू कर दी और दूसरी यह की सरदार भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने केन्द्रीय विधानसभा में बम फेंक कर इंकलाब जिन्दाबाद और नौकरशाही मुदार्बाद के नारे बुलंद किए। हॉलाकि 1919 से 1925 तक भारत के बड़े शहरों में कलकत्ता, मद्रास, बम्बई, कानपुर, लाहौर में कम्युनिष्ट पार्टी बन गयी थी लेकिन 26 दिसम्बर 1925 को बजाप्ता कम्युनिष्ट पार्टी की स्थापना हुई।



- केडी सिंह

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहला अध्यक्ष से लेकर वर्तमान अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे तक कम्युनिष्ट कांग्रेस का संबंध एकता और संघर्ष (युनिटी एण्ड स्ट्रगल) का रहा है। आज भी देश के अन्दर कई प्रादेशिक पार्टी बनने के बाद भी सबकी एकता बन सकती है। लेकिन भाजपा दिगर है। जनसंघ 1977 में जनतादल में शामिल हुई थी जनसंघ नाम हटाकर 1990- 91 में भाजपा बीपी सिंह के सरकार में शामिल हुई लेकिन मंडल के नाम पर कमण्डल लेकर अलग हो गई। आज भी भाजपा भारतीय राष्ट्र की काया को विभाजित देखना चाहती है। 1929 में मेरठ षडयंत्र केस में कम्युनिस्ट एवं ट्रेडयूनियन नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया था उसमें एसए डांगे, मुज्जफर अहमद गंगाधर अधिकारी पी. सीजो सीएमएस मिरजकर तथा अन्य नेता थें। तब उनके बचाव में पूरा राष्ट्र एकजुट हो गया था। जवाहर लाल नेहरू खुद बचाव समिति के अध्यक्ष बने। उन्होंने विरोध में आंदोलन संगठित कराया। मेरठ के बंदियों के साथ एकजुटता की भावना इतना अधिक मजबुत था कि स्वयं गांधी जी ने जेल जाकर उन लोगों के साथ मैत्रीपूर्ण बात की थी। शहीद भगत सिंह के गिरफ्तारी के बाद भी नेहरू जी ने बचाव की पहल की थी।

बाद में नमकतोड़ों आंदोलन ने गांधी जी को काफी लोकप्रिय बना दिया। कांग्रेस के रूप को इस प्रकार बदलने का ज्यादा श्रेय गांधी जो को है। खुद गांधी जी ने किसानों का भेश अपनाया घुटनों तक धोती और एक चादर। देशवासी उन्हें महात्मागांधी कहने लगे। उस समय आजादी के आंदोलन में फरंटीयर गांधी अब्दुल गफार खान का प्रवेष हुआ।

जवाहर लाल नेहरू सामाजवादी विचार धारा के नेता थे। लेकिन परिस्थिति ने उन्हें सत्याग्रह और अहिंसा को ही आंदोलन का हथियार बनाने के लिए बाध्य किया। 1936 में लखनऊ में अखिल भारतीय किसानसभा का गठन हुआ जिसमें पं. नेहरू और जिन्ना भी शामिल थे।

स्वामी शहजानन्द सरस्वती अध्यक्ष चुने गये थें जो कम्युनिस्ट थे। कांग्रेस सरकर के नेतृत्व में दर्जनों मजदूरों के हित में कानून बने। टेज्ड युनियन को अधिकार मिला। राजीव गांधी के समय आर्थिक सुधार शुरू हुए। तकनीक की दुनिया में भारत को ले जाने का प्रयास हुआ लेकिन उसके माध्यम से पूंजीपतियों ने नये ढंग से सत्ता के गलियारे में पैर जमाना शुरू किया। बाद में 1991 में नरसिंहा राव की नई आर्थिक नीति उदारवादी नीति ने देश विदेश के पूंजीपतियों को भारत की राजनीति में दखल देने का मौका दिया। यूपीए की सरकार में मनरेगा सूचना का अधिकार और अधिग्रहण कानून 2013 बना जो भारत के मजदूर किसान और लोकतंत्र के लिए बड़ा हथियार बना। लेकिन आर्थिक नीति ने भारतीय अर्थ व्यवस्था को उलट पुलट कर रख दिया। कांग्रेस में दो तरह के नेता मौजूद थें। सामाजवादी, पूंजीवादी फिर भी कांग्रेस ने लगातार प्रयास किया कि देश की एकता और अखण्डता महफुज रहे। यह भी कहा जा सकता है कि जब तक सामाजवादी सोच के कांग्रेसियों की पकड़ संगठन पर रहा कांग्रेस उतार चढ़ाव के बाद भी बुलंदी का पताका फहराता रहा। देश की संस्कृतिक विरासत की हिफाजत होती रही। बुजुर्गों को सम्मान मिलता रहा। मजदूरों के लिए कल्याणकारी कानून बनते रहे। सांप्रदायिकता का विरोध होता रहा। हम कह सकते हैं कि 137 साल की कांग्रेस का इतिहास आजादी का आंदोलन, नागरिक स्वतंत्रता विकास, धर्मनिरपेक्षता, सफल विदेशनीति और शहादत का इतिहास रहा है।

महात्मा गांधी से लेकर किसानों के लिए संवेदनशील राजीव गांधी की शहादत तक। जिसने भारत को विष्व के क्षितीज पर सम्मानित कर दिया और भारतीय जनगण को एक साथ जीने की सलाहियत पैदा कर दी।

जनवाद के लिए संघर्षरत सभी कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता, शुभेच्छु को लम्बे सफर के लिए शुभकामना। इस अवसर पर शिक्षक नेता श्याम नारायण सिंह ने एक स्मारिका प्रकाशित किया है। इसके लिए कांग्रेस शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष नेता श्याम नारायण सिंह को धन्यवाद। आज जरूरी है कि देश का नये ढंग से निर्माण नागरिकों की गरिमा संविधान की हिफाजत के लिए कांग्रेस वाम जनवादी धर्म निरपेक्ष ताकतों की एकता बनायी जाय।

# बायोएथेनॉल बनाने में उपयोगी एंजाइम

ईंधन के रूप में बायोएथेनॉल के औद्योगिक उत्पादन के लिए पौधों से प्राप्त लिग्नोसेल्युलोज को जैविक उत्प्रेरक (एंजाइम), जिसे सेल्यूलेस कहा जाता है, का उपयोग करके विखंडित किया जाता है, और फिर किण्वित किया जाता है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने रुमिनोकोकस फ्लेवफैसियंस नामक बैक्टीरिया से एक विशिष्ट बैक्टीरियल एंडोग्लुकेनेस एंजाइम का पता लगाया है, जो लकड़ी-जन्य बायोमास को तोड़कर बायोएथेनॉल में रूपांतरित कर सकता है। शोधकर्ताओं ने RfGH5_4 नामक एंजाइम के प्रभाव का अध्ययन किया गया है, जो वुडी जैव-उत्पाद को साधारण शर्करा में तोड़ सकता है, जिसको बायोएथेनॉल उत्पादन के लिए किण्वित किया जा सकता है। बायोएथेनॉल एक भरोसेमंद अक्षय ईंधन है, जो पेट्रोलियम आधारित ईंधन प्रणालियों की जगह ले सकता है। औषधि में भी इस एंजाइम के विस्तारित अनुप्रयोग हो सकते हैं। ईंधन के रूप में बायोएथेनॉल के औद्योगिक उत्पादन के लिए पौधों से प्राप्त लिग्नोसेल्युलोज को जैविक उत्प्रेरक (एंजाइम), जिसे सेल्यूलेस कहा जाता है, का उपयोग करके विखंडित किया जाता है, और फिर किण्वित किया जाता है। इसी प्रकार का एक एंजाइम एंडोग्लुकेनेस भी है। लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोमास को बायोएथेनॉल में बदलने की अड़चन इन एंजाइमों की खराब दक्षता है। लेकिन, लिग्नोसेल्यूलोसिक बायोमास में सेल्युलोस के साथ-साथ हेमिकेलुलोस होता

## शोधकर्ताओं की खोज

है, जिसे अधिकांश एंडोग्लुकेनेस द्वारा तोड़ा नहीं जा सकता। शोधकर्ताओं ने बायोएथेनॉल में रूपांतरण के लिए लिग्नोसेल्यूलोसिक और हेमिकेलुलोसिक बायोमास को तोड़ने में RfGH5_4 नामक एंडोग्लुकेनेस की प्रभावकारिता दिखाई है। इस एंजाइम को रुमिनोकोकस फ्लेवफैसियंस नामक बैक्टीरिया से प्राप्त किया गया है। गाय और जुगाली करने वाले अन्य पशुओं की आंतों में पाये जाने वाले रुमिनोकोकस फ्लेवफैसियंस को सेल्यूलोसिक दबाव का सामना करने के लिए जाना जाता है। सेल्यूलस एंजाइम RfGH5_4 को एनकोड करने वाले विशेष जीन को रुमिनोकोकस फ्लेवफैसियंस से प्राप्त किया गया है। इस प्रकार शोधकर्ताओं ने RfGH5_4 की कुशल मशीनरी को सेल्यूलोस और सेल्यूलोसिक संरचनाओं को सरल शर्करा में तोड़ने के लिए विकसित किया है। उनका कहना है कि बैक्टीरिया में कम से कम 14 अलग-अलग मल्टीमॉड्यूलर एंजाइम होते हैं, जो सेल्युलोस को तोड़ सकते हैं, जिनमें से एक RfGH5_4 है। हेमीसेल्यूलोसिक सबस्ट्रेट्स के साथ-साथ श्र-ग्लुकन, लिचेनन, जाइलोग्लुकन, कोनजैक ग्लूकोमैनन, जाइलान और कैरब गैलेक्टोमैनन पर भी इसके बेहतर नतीजे देखे गए हैं। प्रोफेसर अरुण गोयल ने बताया कि 'कृषि अपशिष्ट बायोमास आमतौर पर यूँ हीं नष्ट हो जाते हैं, या फिर जला दिए जाते हैं। इससे ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन सहित विभिन्न पर्यावरणीय खतरे पैदा होते हैं। RfGH5_4 द्वारा ऐसे अपशिष्टों का विखंडन खाद्य चिकित्सा में भी हो सकता है।'

# आज का राशिफल

**मेष राशि** : परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। माता से धन प्राप्त हो सकता है। आत्मसंयत रहें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृष राशि** : माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें।

**मिथुन राशि** : मन परेशान रहेगा। अपनी भावनाओं को वश में रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क राशि** : आत्मविश्वास में कमी आएगी, परन्तु कारोबार में सुधार होगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है।

**सिंह राशि** : सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। सेहत का ध्यान रखें। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**कन्या राशि** : कारोबार में सुधार होगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी।

**तुला राशि** : संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक राशि** : नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी, परन्तु स्थान परिवर्तन हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु राशि** : धैर्यशीलता में कमी रहेगी। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। कारोबार के लिए पिता से धन मिल सकता है। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें।

**मकर राशि** : किसी मित्र के सहयोग से किसी नये कारोबार की शुरूआत हो सकती है। वाणी में सौम्यता रहेगी। मन अशान्त हो सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**कुंभ राशि** : कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मीन राशि** : आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### मुर्मू ने संविधान उद्यान का किया लोकार्पण

**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राजस्थान राजभवन में नवनिर्मित संविधान उद्यान एवं इससे जुड़े सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। राष्ट्रपति ने दोपहर में यहां संविधान उद्यान में स्थापित मयूर स्तम्भ, फ्लैग पोस्ट, गांधी प्रतिमा एवं महाराणा प्रताप की अपने घोड़े चेतक के साथ विश्रान्ति मुद्रा में स्थापित प्रतिमा का अवलोकन किया। इस मौके राष्ट्रपति का राज्यपाल कलराज मिश्र एवं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वागत किया। इससे पहले राष्ट्रपति के जयपुर आगमन पर मिश्र एवं गहलोत ने जयपुर स्टेट हैंगर पर उनका स्वागत किया।

### पाक घुसपैठिया ढेर

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल के सतर्क जवानों ने देश विरोधी तत्वों के भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिशों को नाकाम करते हुए मंगलवार को अमृतसर के सीमावर्ती गांव दरिया मंसूर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को सुबह के समय बीएसएफ के सतर्क जवानों ने सीमा पर लगी बाड़ के आगे एक पाकिस्तानी सशस्त्र बदमाश की संदिग्ध गतिविधि देखी, जो कि जिला अमृतसर के अंतर्गत सीमावर्ती गांव दरिया मंसूर के पास पड़ता है।

### दम घुटने से दो लोगों की मौत

**फगवाड़ा।** पंजाब में फगवाड़ा-होशियारपुर मार्ग पर रिहाना जट्टां गांव में बीती रात दो लोगों की सोते समय गैस से दम घुटने से मौत हो गई। रावलपिंडी थाना के जांच अधिकारी महेंद्रपाल ने मंगलवार को बताया कि घटना हरमन ढाबे में सोमवार-मंगलवार की रात हुई जहां दोनों एक कमरे में सो रहे थे। मृतकों की शिनाख्त होशियारपुर के बाहोवाल निवासी हरदेव सिंह और कमल के रूप में हुई है। ये दोनों ही ढाबे पर काम करते थे तथा रात को कमरे में अलाव जला कर सोये थे जिसके कारण इनके कम्बल भी जले हुये पाये गये।

### हिमाचल विस का पहला शीतकालीन सत्र आज से

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा का पहला शीतकालीन सत्र बुधवार से धर्मशाला के तपोवन में शुरू होने जा रहा है। सत्र छह जनवरी तक चलेगा जिसमें तीन बैठकें रखी गई हैं। पहले पहले दिन ज्वाली से विधायक एवं प्रोटेम स्पीकर चंद्र कुमार सभी विधायकों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इसके बाद सभी विधायकों का विधिवत सेवाकाल शुरू होगा। सत्र के दूसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। स्पीकर चुनने की प्रक्रिया प्रोटेम स्पीकर की अगुवाई में पूरी की जाएगी।

### पुलिस पर हमला करने वाला लड़का गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के टाइम्स स्कवेयर पर 31 दिसंबर की रात पुलिस अफसरों पर चाकू से हमला करने वाले अपराधी का पता लग चुका है। इस हमले का आरोप ट्रेवर बिकफोर्ड नाम के एक 19 साल के लड़के पर लगा है। पुलिस ने लड़के की एक डायरी जब्त की है जो घटना को अंजाम देते हुए सड़क पर गिर गई थी। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक इसमें लड़के ने लिखा था कि वो तालिबान में शामिल होना चाहता है।

# उ. कोरिया बना सकता है 20 से 60 परमाणु हथियार

**एजेंसी। सोल**

उत्तर कोरिया 20 से 60 परमाणु हथियार बना सकता है। दक्षिण कोरिया की मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोरियाई प्रायद्वीप में स्थिति तनावपूर्ण हो गई है क्योंकि उ. कोरिया के नेता किम जोंग उन ने पिछले सप्ताह एक त्वरित परमाणु जवाबी हमले के लिए एक नई अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली को विकसित करने का आदेश दिया था। उन्होंने देश के निपटान में परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया था। समाचार एजेंसी ने अमेरिकी इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल स्ट्रैटेजिक स्टडीज, स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट और जापानी रिसर्च सेंटर फॉर न्यूक्लियर वेपन्स एबोलिशन सहित विशेष पश्चिमी विश्वविद्यालयों द्वारा 2022 में प्रकाशित आंकड़ों का विश्लेषण किया। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिमी देशों के विशेषज्ञ इस बात से सहमत हैं कि उ. कोरिया के पास सितंबर तक करीब 20-30 परमाणु हथियार थे।

# लाहौल स्पीति: बर्फबारी शुरू, रोके गए सैलानी

**एजेंसी। कुल्लू**

हिमाचल के जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में पहाड़ियों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। अटल टनल रोहतांग के छोर सहित जिले की सभी पहाड़ियों पर दोपहर बाद मौसम खराब हो गया और बर्फबारी आरंभ हो गई। वहीं बर्फबारी होने के चलते पर्यटक वाहनों को सोलंगनाला में ही रोक दिया गया है सिर्फ पांगी और लाहौल के लोगों के वाहनों को ही आगे जाने दिया जा रहा है। एसपी लाहौल स्पीति मानव वर्मा ने बताया कि पर्यटकों को वापस भेजा जा रहा है। मौसम खराब होने व बर्फबारी होने के चलते पर्यटकों को हिदायत दी गई है कि वे मौसम को देखते हुए अभी घाटी की ओर न जाएं। मौसम ठीक होने के बाद ही घाटी का सफर करें। सोलंगनाला से आगे सिर्फ लाहौल और पांगी वासियों के 4 बाई 4 वाहनों को ही जाने दिया जा रहा है। उधर कुल्लू जिला में मौसम साफ है और यहां लोगों ने दिनभर खिली धूप का आनंद लिया।



# भारत को विश्व का आधुनिक प्रयोगशाला बनाना है : मोदी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृत काल में भारत को आधुनिक विज्ञान की विश्व की सबसे आधुनिक प्रयोगशाला बनाने के संकल्प के साथ मंगलवार को भारतीय विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन किया। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाराष्ट्र में राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय (आरटीएमएनयू) के अमरावती रोड परिसर में आयोजित विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा : भारत 25 वर्षों में जिस ऊंचाइयों पर पर होगा उसमें भारतीय वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। भारत का वैज्ञानिक समाज देश को उन ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा जिसका देश हकदार रहा है, यह मेरा विश्वास है। भारत में डाटा और प्रौद्योगिकी बहुतायत में है। इन दोनों क्षेत्रों में भारत को बुलंदियों पर पहुंचाने की हमारे



वैज्ञानिक क्षमता रखते हैं। चाहे ट्रेडिशनल नॉलेज हो या आधुनिक प्रौद्योगिकी यह दोनों ही वैज्ञानिक खोज में मददगार होते हैं।

पीएम ने कहा : हमें अपने वैज्ञानिक प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए खोजी प्रवृत्ति को विकसित करना होगा। भारत जिस वैज्ञानिक दृष्टि से आज आगे बढ़ रहा है, उसके नतीजे हम देख रहे हैं। विज्ञान के क्षेत्र में भारत तेजी से विश्व में दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो रहा है। वर्ष 2020 में हम ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 40 में स्थान पर पहुंच गए। भारत पीएचडी के मामले में दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल है। आज भारत स्टार्टअप इकोसिस्टम के मामले में दुनिया के शीर्ष देशों में है। हम साइंस के जरिए महिला सशक्तिकरण ही नहीं करना चाहते, बल्कि महिलाओं की भागीदारी के माध्यम से विज्ञान का भी सशक्तिकरण करने का लक्ष्य रखते हैं। हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है ,यह इस बात का प्रमाण है कि समाज आगे बढ़ रहा है।

### महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा

**मंगलवार** को हुए इस इवेंट में भाग लेने वाले मेंबर एजुकेशन, रिसर्च और इंडस्ट्री में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा हुई। साइंस कांग्रेस में शामिल होनेवाले सदस्य साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के तरीकों के साथ ही एजुकेशन में उनके समान स्तर, रिसर्च के मौके और इकोनॉमिक पार्टनरशिप को बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा हुई।

# हनीट्रैप कराती है पाकिस्तानी फौज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सियासत में एक बार फिर ऑडियो-वीडियो लीक्स शुरू हो गए हैं। इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के ऑडियो लीक्स के बाद अब एक नया मामला सामने आया है। पाकिस्तानी फौज के पूर्व अफसर मेजर आदिल रजा ने आरोप लगाया है कि मुल्क की फौज और खुफिया एजेंसी आईएसआई नेताओं के अश्लील वीडियो बनवाती है और इसके लिए देश की टॉप एक्ट्रेसेज की मदद ली जाती है। राजा के मुताबिक- पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद समेत देश के कई हिस्सों में फौज और कक के सेफ हाउस हैं और वहीं ये वीडियो तैयार की जाती है। इनकी मदद से नेताओं को ब्लैकमेल किया जाता है। राजा ने चार एक्ट्रेसेज के नामों के इनीशियल्स (शुरूआती अक्षर) बताए। चार में से दो एक्ट्रेस सामने आकर सफाई दे चुकी हैं। मेजर आदिल रजा (रिटायर्ड) ने दो दिन अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो मैसेज जारी कर कहा कि पाकिस्तानी फौज अपने ही नेताओं के हनीट्रैप करती रही है।

# बोलने की आजादी पर नहीं लगा सकते रोक

### मंत्रियों की बेतुकी बयानबाजी पर बोला सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा है कि किसी मंत्री के बयान को सरकार के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है। मंत्री के बयान को सरकार का बयान नहीं कह सकते। मंत्रियों की बेतुकी बयानबाजी पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि बोलने की आजादी पर रोक नहीं लगा सकते हैं। आपराधिक मुकदमों पर मंत्रियों और बड़े पद पर बैठे लोगों की बेतुकी बयानबाजी पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला दिया है। कोर्ट की संविधान बेंच ने कहा कि मंत्री का बयान सरकार का बयान नहीं कहा जा सकता। बोलने की आजादी हर किसी नागरिक को हासिल है। उस पर संविधान के परे जाकर रोक नहीं लगाई जा सकती। बेंच ने कहा कि अगर मंत्री के बयान से केस पर असर पड़ा हो तो कानून का सहारा लिया जा सकता है।

**आजम से शुरू हुआ था मामला** : 30 जुलाई, 2016 को यूपी के बुलंदशहर में हाईवे पर मां-बेटी के साथ सामूहिक बलात्कार मामले में यूपी के तत्कालीन मंत्री आजम खान के बयान के बाद यह मामला



शुरू हुआ था। आजम खान ने पीड़ित पक्ष के आरोप को राजनीतिक साजिश बताया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी पर उन्होंने पीड़िता से माफी मांगी थी, लेकिन मंत्रियों के बयानों पर रोक का मामला लंबित रहा।

**बनाएं आचरण कोड :** बेंच की सदस्य जस्टिस नागरत्ना ने बहुमत की इस राय से सहमति जताई कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर संविधान से परे नियंत्रण नहीं लगाया जा सकता, लेकिन उनका मानना था कि निजी व्यक्तियों के खिलाफ अनुच्छेद 19 या 21 के हनन का मुकदमा नहीं हो सकता। उन्होंने संसद से अनुरोध किया कि वह बड़े पद पर बैठे लोगों की बेवजह बयानबाजी के मसले पर विचार कर नियम बनाए। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिक पार्टियों को अपने सदस्यों के लिए आचरण कोड बनाना चाहिए।

# बीते 24 घंटों में देश में कोविड के 2,582 नए मामले

### 1 जनवरी को मात्र 173 मामले ही आए थे

### संक्रमण में 1300 प्रतिशत की वृद्धि, लेकिन ठीक भी हो रहे 98.8 प्रतिशत

**ब्यूरो। नयी दिल्ली**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार भारत में बीते 24 घंटों में कोविड के 2,582 नए मामले सामने आए हैं। इस सरकारी आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटों में लगभग 1300 प्रतिशत की उछाल है। पहले से संक्रमितों में से 222 लोग ठीक हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार 1 जनवरी को 173 मामले सामने आए थे। लेकिन बीते 24 घंटे में घंटे में 2,582 नए मामले सामने आने के दावे किये जा रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि बीते 24 घंटे में 1,51,186 कोविड टेस्ट किये गए। इसका मतलब है कि ज्यादा टेस्ट करने पर ज्यादा संक्रमित का पता चल रहा है। लेकिन जब उनके ठीक होने की भी दर 98.8 प्रतिशत है, तो इसको तमाम लोग अब फ्लू कोरोना कहने लगे हैं। लेकिन तमाम लोग यह भी कहने लगे हैं कि हो सकता है कोरोना संक्रमण के एक दम से आसमान छूते आंकड़े, एक विपक्षी नेता के पैदल यात्रा में जाने से डराने के लिए भी आ रहे हों। यह भी कहा जा रहा है कि देश में बीते 24 घंटों में 45,769 वैक्सीन की खुराक दी गई है और रिकवरी दर वर्तमान में 98.8 प्रतिशत है। अभी तक रोजाना पॉजिटिविटी रेट 0.09 प्रतिशत और साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 0.13 प्रतिशत है। स्वास्थ्य और परिवार मामलों के मंत्रालय के अनुसार अब तक कुल 91.12 करोड़ कोविड टेस्ट किए गए हैं।

जबकि इससे ठीक होने वालों की कुल संख्या 4,41,45,667 हो गई है। 12-14 वर्ष आयु वर्ग के लिए कोविड टीकाकरण 16 मार्च 2022 को शुरू किया गया था। इसी तरह 18-59 वर्ष के आयु वर्ग के लिए कोविड-19 बूस्टर डोज 10 अप्रैल 2022 से शुरू हुआ था। अब तक 4.12 करोड़ (4,12,35,971) से ज्यादा को कोविड वैक्सीन की पहली खुराक दी जा चुकी है। फिलहाल जो हालात हैं, उसको लेकर राजनीति करने की भी आशंका जताई जाने लगी है ताकि लोग एक नेता की पैदल यात्रा में सहभागी होने से डरें। कई चिकित्सक व नेता कह रहे हैं कि हदसिये नहीं, सावधान रहिए और अपनी मर्जी से किसी हुक्मरान की रैली या नेता की पद यात्रा का अनुभव लीजिए।

## FILMY हलचल

# विक्की ने कैटरीना के लिए किया डांस

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने अपनी पत्नी तथा अभिनेत्री कैटरीना कैफ के लिए फनी डांस किया है। सोशल मीडिया पर विक्की कौशल का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में विक्की फनी अंदाज में डांस करते दिख रहे हैं। यह वीडियो कैटरीना-विक्की के मालदीव वेकेशन का है। वीडियो में विक्की अपनी पत्नी कैटरीना को खुश करने के लिए फनी अंदाज में डांस करते दिख रहे हैं। इस वीडियो क्लिप में विक्की कौशल फ्लोर पर घुटने के बल बैठकर डांस करते दिख रहे हैं। विक्की कौशल के साथ शर्वरी वाघ भी डांस कर रही हैं। विक्की को इस तरह डांस करते देखकर कैटरीना ब्लश करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को मिनी माथुर ने पोस्ट किया है। इस वीडियो में मिनी ने कैटरीना के बर्थडे सेलिब्रेशन की भी क्लिप शेयर की है। जो मालदीव में मनाया गया था।



**तल्ख रिश्ते** | पाक के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने तालिबान सरकार को धमकाया

# तालिबानी मंत्री ने पाक को 71 की दिलायी याद

### पाकिस्तानी फौज के सरेंडर की फोटो दिखाकर बोला - अंजाम याद रखना

**एजेंसी। काबुल/इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के होम मिनिस्टर राणा सनाउल्लाह ने अफगान की तालिबान सरकार को धमकी दी और कहा कि अगर उसने तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को हमारे मुल्क में हमलों से नहीं रोका तो हम अफगानिस्तान में घुसकर आतंकियों को मारेंगे। इसका जवाब अफगान तालिबान के डेप्युटी प्राइम मिनिस्टर अहमद यासिर ने बेहद तल्ख लहजे में दिया। यासिर ने 1971 में भारत के हाथों पाकिस्तानी फौज की हार और सरेंडर की फोटोग्राफ शेयर की और कहा- इस



तरह का अंजाम याद रखना। पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत के बीच रिश्ते अब तक के सबसे खराब दौर में पहुंच चुके हैं। करीब दो महीने से दोनों देशों की सीमा यानी डूरंड लाइन पर फायरिंग की कई घटनाएं हो चुकी हैं। इसमें पाकिस्तान के 12 सैनिक और 7 नागरिक मारे जा चुके हैं। टीटीपी भी पाकिस्तान में लगातार हमले कर रहा है। हाल ही में उसने इस्लामाबाद में तक फिदायीन हमला किया था।

टीटीपी पाकिस्तान में लगातार हमले कर रहा है। इसकी वजह से वहां की फौज और सरकार बौखलाई हुई है। पाकिस्तान के होम मिनिस्टर राणा सनाउल्लाह ने टीटीपी के हमलों के लिए अफगान तालिबान को जिम्मेदार ठहराया। कहा- टीटीपी के आतंकी पाकिस्तान में हमलों के बाद अफगानिस्तान में पनाह लेते हैं। अगर ये हमले बंद नहीं हुए तो हम अफगानिस्तान में घुसकर इन आतंकियों को मारेंगे। हमें पता है कि अफगानिस्तान के किन हिस्सों में और कहां टीटीपी के आतंकी पनाह लेते हैं। उन्हें हथियार भी वहीं से मिलते हैं। पाकिस्तान की यह धमकी तालिबान हुक्मरानों को सख्त नागवार गुजरी। तालिबान के सीनियर लीडर और उप-प्रधानमंत्री अहमद यासिर ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर की। इसके साथ उर्दू में एक कैप्शन शेयर किया। तालिबान नेता यासिर ने फोटो के साथ लिखा : राणा सनाउल्लाह, जबरदस्त। भूलिए मत कि ये अफगानिस्तान है। ये वो अफगानिस्तान है जहां बड़ी-बड़ी ताकतों की कब्रगाहें बन गईं। हम पर फौजी हमले का ख्वाब मत देखिए, वरना अंजाम उतना ही शर्मनाक होगा जितना भारत के सामने आपका हुआ था। इस बयान के कुछ घंटे बाद अफगानिस्तान की डिफेंस मिनिस्ट्री ने भी एक अलग स्टेटमेंट जारी किया। कहा- पाकिस्तान बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। हमारे यहां टीटीपी की कोई पनाहगाह नहीं है। उसे इस मुगालते में नहीं रहना चाहिए कि अफगानिस्तान कमजोर है या उसका कोई मालिक नहीं है।

## NEWS इन ब्रीफ

### कुरान खानी और नातिया प्रोग्राम में शामिल हुए लोग

**रांची।** रिसालदार बाबा दरगाह कमिटी के पूर्व अध्यक्ष मरहुम हाजी अब्दुल रउफ गद्दी के इसाले सवाब के लिए गोवालाटोली मकान मे आयोजित कुरान खानी और नातिया प्रोग्राम में कई मदरसे के बच्चे, मौलाना, हाफिज और आम लोग शामिल हुए। इस दौरान गरीब मिसकीन को खाना खिलाया गया। कुरान खानी मे गोवाला टोली के एलावा कई मोहल्ले के लोग शामिल हुए तथा दुआए मगफिरत किया गया। मौके पर दरगाह कमिटी के महासचिव मोहम्मद फारुक समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### समय को पहचानने वाला ही होता है ज्ञानी : डॉ. ज्ञानेंद्र

**रांची।** श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्म संघ के मुनि डॉ ज्ञानेंद्र ने कहा कि जो व्यक्ति समय का मूल्य जानकर उसका सदुपयोग करता है, समय उसे महान बना देता है। समय को जानने वाला ही होता है ज्ञानी। समय बहुत ही कीमती होता है। उसे व्यर्थ ही नहीं गंवाना चाहिए। जो व्यक्ति समय को व्यर्थ गंवाता है, समय फिर उसे दूसरा मौका नहीं देता है। भगवान महावीर ने कहा है कि समय के महत्व को जानने वाला ही पंडित होता है। मुनि डॉ. ज्ञानेंद्र रांची प्रवास के क्रम में मंगलवार को धुर्वा में समाज के एक श्रद्धालु के यहां प्रवचन कर रहे थे।

### श्रीमन्न की आराधना से श्रेष्ठ कोई उपासना नहीं

**रांची।** श्रीधाम वृंदावन से आए स्वामी अनिरुद्धाचार्य ने कहा कि अज्ञानता की निवृत्ति से जीवन धन्य हो जाता है। संसार सागर से पार पाने के लिए श्रीमन्न की आराधना से श्रेष्ठ कोई उपासना नहीं है। हर व्यक्ति का गौ व मानवता की सेवा परम लक्ष्य होना चाहिए। कहा, जिस तरह हाथी अंकुश से डरता है, उसी तरह भगवान भक्तों की भक्ति से संकोच करते हैं। मन को सुंदर बनाने से भगवान प्रसन्न होते हैं और प्राणी के मन में निवास करते हैं। अनिरुद्धाचार्य मंगलवार को रातू रोड के लक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर के पास श्रीनिवास टावर सत्संग भवन में प्रवचन कर रहे थे।

### बिजली बकायेदारों पर होगी कार्रवाई

**रांची।** ऊर्जा विकास निगम के सीएमडी अविनाश कुमार के निर्देश पर जीएम कॉमर्शियल मनीष कुमार मंगलवार को एक बैठक की। बैठक में जमशेदपुर, मेदिनीनगर, धनबाद, हजारीबाग, दुमका एवं गिरिडीह के अधिकारी ऑनलाइन शामिल हुए। बैठक में अरविंद कुमार कार्यकारी निदेशक-वाणिज्य एवं राजस्व, शुभंकर झा महाप्रबंधक- राजस्व, प्रभात कुमार श्रीवास्तव (महाप्रबंधक रांची, संजय सिंह महाप्रबंधक आईटी, संजय कुमार महाप्रबंधक-अर्बन प्रोजेक्ट एवं अंजना शुक्ला दास उप-महाप्रबंधक-राजस्व आदि शामिल हुए। निदेशक ने बिजली चोरी रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाते हुए बड़े बकाएदारों के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### बच्चों को पश्चवर्ती देखभाल कार्यक्रम से जोड़ना अतिमहत्वपूर्ण

# बेहतर भविष्य देना जरूरी : राजेश्वरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विभिन्न आपदा एवं सामाजिक कारणों से गैर संस्थागत देखभाल अंतर्गत आच्छादित बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए ऐसे बच्चों को पश्चवर्ती देखभाल कार्यक्रम से जोड़ना अतिमहत्वपूर्ण है, ताकि इन बच्चों को आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ एक उज्ज्वल भविष्य दिया जा सके। मनरेगा आयुक्त सह निदेशक झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था, राजेश्वरी बी ने कहा कि राज्य के विभिन्न गृहों में आवसित बच्चों का समाज में एकीकरण की दिशा में कड़े कदम उठाना अति महत्वपूर्ण मामला है। हमें इस दिशा में कार्य करना होगा। राजेश्वरी बी मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग के सभागार में बच्चों के पश्चवर्ती देखभाल मार्गदर्शिका का विभिन्न हितधारकों द्वारा गठित प्रारूप की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थीं। राजेश्वरी बी बच्चों के पश्चवर्ती देखभाल मार्गदर्शिका का विभिन्न हितधारकों द्वारा गठित प्रारूप की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि नीति प्रारूप का निर्धारण करने के उपरांत इसे क्रियांवित करने के लिए अतिरिक्त मानक संचालन प्रक्रिया निर्धरित करना अति आवश्यक है। मनरेगा आयुक्त ने हितधारकों के सुझाए गए प्रस्तावों पर सहमति जताते हुए कहा कि विभिन्न आपदा और सामाजिक कारणों से गैर संस्थागत देखभाल के अंतर्गत आच्छादित बच्चों का बेहतर भविष्य करने के लिए इन बच्चों की आवश्यकता का आकलन जिला स्तर पर करते हुए इन्हें पश्चवर्ती देखभाल कार्यक्रम से जोड़ना महत्वपूर्ण है। बता दें कि बैठक में झारखंड किशोर न्याय नियम 2023 का गठन के लिए विहित संशोधन प्रस्तावों को 15 दिनों के अंदर उपस्थित यूनिसेफ और अन्य हित धारक को दिया। कार्यक्रम में बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल यादव, यूनिसेफ बाल रक्षक भारत, सिनी, मिरकल फाउंडेशन, विधि विश्वविद्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, केंद्रीय मनः चिकित्सा संस्थान और राज्य बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# सम्मेद शिखर जी के मामले में गुमराह कर रही सरकार : बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार के पूर्व पर्यटन मंत्री सह भाजपा विधायक अमर कुमार बाउरी ने जैन तीर्थस्थल सम्मेद शिखर जी के विषय में हेमंत सरकार पर गुमराह करने का आरोप लगाया है। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड सरकार अभी कह रही है कि सम्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल घोषित करने का काम पूर्ववर्ती रघुवर दास सरकार ने किया, जबकि सच्चाई ठीक इसके उल्ट है। बाउरी ने दावा किया कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने इसे तीर्थस्थल घोषित किया था। 22 अक्तूबर 2018 को पर्यटन विभाग ने इस संबंध में आदेश निकाला था, जिसमें कहा गया था कि पारसनाथ सम्मेद शिखर जी पर्वत सदियों से जैन धर्मावलंबियों का विश्व प्रसिद्ध एवं पूजनीय तीर्थस्थल है। इसकी पवित्रता अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। अमर बाउरी ने कहा कि पूरा विवाद झारखंड सरकार के द्वारा 17 फरवरी 2022 को जारी झारखंड गजट के असधारण अंक के प्रकाशन के बाद शुरू हुआ। इस गजट में सम्मेद जी शिखर को धार्मिक पर्यटनस्थल घोषित किया गया। बाउरी ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में अब मुख्यमंत्री से मांग की है कि 22 अक्तूबर 2018 के पर्यटन विभाग के पत्र को आधार बनाते हुए सम्मेद जी शिखर को तीर्थ स्थल घोषित करे।

# माता सावित्रीबाई फुले के नाम से योजना आरंभ करने के लिए ओबीसी ने सीएम का आभार जताया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** माता सावित्रीबाई फुले ने देश में कठिन संघर्ष कर महिलाओं के लिए शिक्षा का द्वार खोलने का आन्दोलन चलाया था, जिसका परिणाम है कि आज भारत की नारियां देश ही नहीं;बल्कि विदेशों में भी परचम लहरा रही है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा झारखंड सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता है कि सरकार ने सावित्री बाई फुले बालिका समृद्धि योजना का शुभारंभ किया है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने माता सावित्रीबाई फुले के नाम पर विभिन्न योजनाओं का नामांकरण करने, स्कूल-कॉलेज में उनकी तस्वीर लगाने और सार्वजनिक स्थलों पर उनकी आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग की थी। उक्त बातें आज राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात कहा। श्री गुप्ता ने सरकार से मांग किया है कि जिस तरह से देश में शिक्षक दिवस मनाया जाता है, उसी तरह से देश में महिला शिक्षिका दिवस मनाई जाए। ताकि बच्चों के बीच उनके बारे में संदेश और प्रेरणा जा सके, जो संघर्ष और बलिदान माता सावित्रीबाई फुले ने दिया है, उसके लिए देश के समस्त नारी जाति के साथ पुरुष जाति भी आज उनका कृतज्ञ है।इस अवसर पर अभय प्रसाद, राम लखन साहू, संतोष शर्मा, श्याम सुंदर प्रसाद, शिव प्रसाद साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### पशु चिकित्सा महाविद्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कल से

**रांची।** रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय के पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग द्वारा 5 से 7 जनवरी तक 'सैंपलिंग पैकेज फॉर सोशल साइंसेज के प्रयोग द्वारा बेसिक डेटा एनालिसिस' विषय पर त्रिदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के शिक्षक और पीजी एवं पीएचडी शोधार्थी भाग लेंगे। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. नन्दनी कुमारी एवं डॉ. अबसार अहमद ने बताया कि बेसिक स्टैटिसटिकल टूल्स से सम्बंधित यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों को शोध समस्याओं के तार्किक और वैज्ञानिक समाधान के लिए समर्थ बनायेगा। स्टैटिसटिकल तकनीकों का व्यावहारिक प्रयोग तथा परिणामों का इंटरप्रिटेशन एवं विश्लेषण करना भी सिखाया जाएगा। बीएयू के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह 5 जनवरी को उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि होंगे जबकि पूर्व शोध निदेशक डॉ डीके सिंह द्रोण विशिष्ट अतिथि होंगे।

### सांसद खेल महोत्सव के लिए महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

# राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का भी मिलेगा मार्गदर्शन : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सांसद खेल महोत्सव के आयोजन को लेकर मंगलवार को रांची के सांसद संजय सेठ के केंद्रीय कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में खेल महोत्सव के आयोजन सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। यह निर्णय लिया गया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र रांची, हटिया, कांके, खिजरी, ईचागढ़, सिल्ली क्षेत्रों के खिलाड़ियों को इस महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। संबंधित क्षेत्रों के विधायकों व अन्य जनप्रतिनिधियों से भी संपर्क किया जाएगा। इसके साथ ही अधिक से अधिक सुदूरवर्ती क्षेत्रों के खिलाड़ी भाग लेंगे। इसके लिए व्यापक रूप से इसका प्रचार-प्रसार भी किया जाना है। 17, 18 और 19 फरवरी 2023 को मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स, खेलगांव में आयोजित इस खेल महोत्सव को लेकर 2000 से अधिक खिलाड़ियों के शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है। खेल महोत्सव में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, वुशू, कबड्डी, योगासन व बैडमिंटन जैसे खेलों को स्थान दिया गया है। इन खेलों के आयोजन की सारी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के बाद सांसद श्री सेठ ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव खिलाड़ियों को नया मंच देने, उनका उत्साहवर्धन करने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पटल पर खिलाड़ियों की नई पौध तैयार करने का एक माध्यम है। मुझे विश्वास है कि इस महोत्सव से निखर कर बड़ी संख्या में खिलाड़ी देश और विदेश में अपनी प्रतिभाओं का बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। सांसद श्री सेठ ने बताया कि खेल महोत्सव की तैयारियों व इसके व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी दी गई हैं। हमारा लक्ष्य है कि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से भी अधिक से अधिक खिलाड़ी इसमें भाग ले सकें।

# गौ तस्करों पर लगाम कसने में सरकार विफल : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि दुमका समेत संताल परगना में गौ तस्करी पर रोक लगाने में राज्य सरकार पूरी तरह से विफल रही है। ट्वीट कर बाबूलाल ने कहा कि दुमका के मसलियां में बजरंग दल के सदस्यों की पहल पर 48 गौवंश को तस्करों से बचाया गया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इससे पहले भी गोड्डा के सांसद निशिकांत दूबे के द्वारा कई गोवंशों को छुड़ाया गया था। राजनैतिक दबाव में प्रशासन की नरमी इन तस्करों का हौसला बढ़ाते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि दारोगा संध्या टोपनो की हत्या के बाद भी न सरकार ने कोई कड़ाई की न ही प्रशासन ने। दुमका का जिक्र करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जिले की कानून व्यवस्था का ये हाल है तो सोचिए दूसरे जिलों की क्या स्थिति होगी? वहीं इस ट्वीट पर गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ने लिखा कि मुहिम जारी रहेगी, गोवंश को बांग्लादेश भेजने वाले,उनकी हत्या कराने वाले लोगों के लिए यह चेतावनी है,जनता पुलिस के सहयोग से तस्करी का यह काम रोकने का बीड़ा उठा चुकी है।

### रघुवर दास की सरकार ने पारसनाथ को घोषित किया पर्यटन स्थल : झामुमो

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि पारसनाथ स्थित सम्मेद शिखर जी को लेकर हेमंत सरकार को गलत तरीके से कटघरे में खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने प्रेसवार्ता कर कहा कि पूर्ववती रघुवर दास की सरकार ने पारसनाथ को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल घोषित किया था। सुप्रियो ने इससे संबंधित गजट दिखाते हुए कहा कि रघुवर सरकार के समय दो गजट जारी हुआ था। इस मुद्दे को लेकर पाखंड और राजनीति करने वाले भाजपा नेता भूल गए कि पारसनाथ को पर्यटक स्थल पूर्व की रघुवर सरकार और केंद्र की मोदी सरकार ने घोषित किया था। झामुमो नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा झूठ और फरेब की राजनीति करती है। सुप्रियो ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि बताया कि रघुवर दास के मुख्यमंत्रित्व काल में पर्यटन, कला संस्कृति व खेलकूद विभाग ने 22 अक्टूबर 2018 को कार्यालय आदेश जारी किया।

### जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया गया

# राजकीय सम्मान के साथ जयंती नहीं मनाये जाना झारखंड आंदोलनकारियों का अपमान : पुष्कर महतो

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** महुआ मांझी ने झारखंड आंदोलनकारियों की भावनाओं के अनुरूप मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा संविधान सभा में लगाने एवं 3 जनवरी को झारखंड आंदोलनकारी दिवस घोषित कराने का तथा झारखंड आंदोलनकारियों को मान-सम्मान पहचान दिलाने का आश्वासन दिया। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में आहूत मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में कचहरी स्थित जयपाल सिंह स्टेडियम में मनाया गया। बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारियों ने जुलूस निकालकर मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अमर रहे संविधान सभा में जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा स्थापित किया जाए एवं 3 जनवरी को झारखंड आंदोलनकारी दिवस घोषित किया जाए का नारा बुलंद करते जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम पहुंचे। इसके साथ ही चिरौंदी स्थित डोंगरी में झारखंड आंदोलनकारी स्मारक निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया। यह कार्यक्रम बोकारो जिला के चलकरी बाघा टोंगरी व बोकारो स्टील सिटी में, पूर्वी सिंहभूम के बोडाम, गुमला जिला के रायडीह एवं बिशुनपुर दुमका प्रमंडल के जरमुन्डी रामगढ़, लातेहार के बरवाडीह, लोहरदगा के कुडु,गढ़वा के रमना, सिमडेगा - कोलेबीरा, धनबाद के महुदा चौक, पश्चिमी सिंहभूम के नीचे चौक में भी किया गया। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि राजकीय सम्मान के साथ मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को राजकीय सम्मान के साथ नहीं मनाया जाना चाहिए।

### जयपाल सिंह मुंडा ने दुनिया में देश का नाम रौशन किया

मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ने दुनिया में देश और झारखंड का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित कराया है। उन्होंने बताया कि 1925 में ऑक्सफोर्ड ब्लू का खिताब 1928 में भारत के लिए हॉकी में गोल्ड दिलाने वाले संविधान सभा के सदस्य व 1939 ईस्वी में रांची के हिंदपीडी से झारखंड आंदोलन का सूत्रपात करने वाले मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती 3 जनवरी को सरकार झारखंड आंदोलनकारी दिवस घोषित करे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सयोजक लक्ष्मी महतो, संचालन दिवाकर साहु व धन्यवाद ज्ञापन अनिता पाहन ने की।

### मिला सम्मान | जयपाल सिंह मुंडा अवार्ड से सम्मानित हुए राज्य के खिलाड़ी

# राज्य ही नहीं बल्कि देश के धरोहर थे : डॉ. रामेश्वर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की 120वीं जयंती पर उम्मीद फाउंडेशन की ओर से राज्य के खिलाड़ियों और अन्य क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। मंगलवार को कांके रोड स्थित सीएमपीडीआइ के मयूरी सभागार में आयोजित जयपाल सिंह मुंडा अवार्ड 2022 समारोह में इन सभी विभूतियों को सम्मान मिला। मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने इन सभी को सम्मानित किया। मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एक विद्वान पुरूष के साथ-साथ राज्य ही नहीं बल्कि देश के धरोहर थे। वे संविधान निर्माण भी उनकी भूमिका अहम है। मंत्री ने कहा कि वे एक अच्छे खिलाड़ी के साथ एक बेहतरीन पायलट भी थे। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उम्मीद फाउंडेशन के फाउंडर प्रेसिडेंट रितेश उरांव ने कहा कि इस अवाड्र्स के माध्यम से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के संघर्ष, त्याग, बलिदान और उनके जीवन गाथा को जन-जन तक पहुंचाना है और राज्य के माटी के विभूतियों को सम्मानित कर मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के सपनो और उद्धेश्यों को साकार करना है।

### इन महान खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

मंगलवार को कांके रोड स्थित सीएमपीडीआइ के मयूरी सभागर में आयोजित जयपाल सिंह मुंडा अवार्ड 2022 समारोह में इन सभी विभूतियों को सम्मानित किया गया। शामिनल खिलाड़ियों में सलीमा टेटे, निक्की प्रधान, मोनालिशा पहाड़िया, महेश तिर्की, दिनेश कुमार, फरीद खान, लवली चौबे, सुजीत मुंडा, प्रदीप मिर्धा, नीतू लिंडा, असतं उरांव, प्रियंका केरकेट्टा, गीता खलखो, रूपा रानी तिर्की, अंजलि मुंडा, शुभलक्ष्मी शर्मा, दीपक कच्छप के नाम शामिल है। वहीं, जयपाल सिंह मुंडा अवाड्र्स- 2022 लाइफ टाइम अचीवमेंट से मनोहर टोपनो, मनोज यादव, भोला नाथ सिंह, हरेन्द्र सिंह, संजय कुमार झा, विनोद कुमार सिंह, मंगल मिंज, असुंता लकड़ा, सरोजनी लकड़ा, उमाशंकर जयसवाल, यूथ आइकॉन में सोनू खलखो, संतोष महतो और कमलेश राम, क्रांतिकारी पत्रकारिता के लिए सुरेन्द्र सोरेन, झारखण्ड आन्दोलनकारी वीर क्रांति योद्धा सरजीत मिर्धा समेत अन्य लोगों को सम्मानित किया गया।

## पृष्ठ एक के शेष

**फैसले में बदलाव हो...**

मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल, श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष पदम कुमार छाबड़ा, सुभाष विनायक्या, धर्मचंद जैन 'रारा', अरुण बुधिया, मनोज बजाज, संजय सर्राफ, राहुल मारू, पवन शर्मा, अशोक पुरोहित, प्रमोद सारस्वत, प्रदीप बाकलीवाल, संजय पाटनी, प्रमोद झांझरी, सुनील सेठी, शिव शंकर साबू, सुभाष जैन, पंकज पांड्या, कैलाशचंद्र, संजय छाबड़ा, मनोज काला, अजीत कुमार, अजय गंगवाल, संदीप जैन, पदमचंद गोधा, हेमंत सेठी, के अलावे सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरुष उपस्थित थे।

**केस में कब क्या ...**

घोटाले में पूजा सिंघल की 82.77 करोड़ की संपत्ति जब्त।

**12 दिसम्बर 2022 :** पूजा सिंघल को सर्वोच्च न्यायालय से लगा झटका, नहीं मिली जमानत।

**13 दिसम्बर 2022 :** अस्पताल में भर्ती पूजा सिंघल की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ईडी ने रिम्स निदेशक को भेजा पत्र।

**26 दिसम्बर 2022 :** पूजा सिंघल को रिम्स से भेजा गया जेल।

**जिले की बेटियों का परचम...**

सफलता के रूप में ढंका बजा रही है। हाल ही में आबादगंज के निवासी शिक्षक कन्हैया कुमार की बेटी ने भी बिहार में उप निर्वाचन पदाधिकारी जैसे पद पर सफलता का डंका बजाया है। इस तरह से हम कह सकते हैं कि पलामू की बेटियां लगातार सफलता की परचम लहराने में अव्वल साबित हो रही हैं। जैसे ही प्रिया के बैंक का असिस्टेंट मैनेजर बनाये जाने की सूचना मिली वैसे ही शहर के प्रसिद्ध श्रीराम मार्बल के प्रो. अजय पांडे व मिरा मार्बल की प्रो. मीरा पांडे ने प्रिया के वर्तमान आवास बाईपास रोड में पहुंचकर उन्हें गुलदस्ता भेंट करते हुए हार्दिक बधाई दी। वहीं अजय पांडे ने कहा कि कोई भी मेहतन बेकार नहीं जाती है। मेहनत है तो सफलता आवश्यंभावी है। श्री पांडे ने कहा कि टाईम मैनेजमेंट के साथ सफलता अर्जित करना अपने आप में एक बड़ी बात है। इधर, प्रिया के पिता केशरीक कांत मिश्रा और चाचा लक्ष्मीकांत मिश्रा प्रिया के इस सफलता से फूले नहीं समा रहे हैं। उनके साफ्ट इंजीनियर भाई हिमांशु शेखर कहते हैं कि ये मेरी बहन के अथक प्रयास का फल है। प्रिया की सफलता पर रविन्द्र मिश्रा, संजय मिश्रा, ब्रजेश शुक्ला, संतोष कुमार, मनोज कुमार, अरविंद पांडेय, नरेन्द्र मिश्रा और बिरेन्द्र मिश्रा तथा अन्य ने भी बधाई दी है।

**भारत युद्ध नहीं चाहता पर थोपा गया तो...**

का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया और बहादुरी तथा मुस्तैदी के साथ स्थिति से निपटा। यह क्षेत्र में पर्याप्त ढांचागत विकास के कारण संभव हुआ है। यह हमें दूर-दराज के क्षेत्रों की प्रगति के लिए और भी अधिक प्रेरित करता है।ह्व सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए बुनियादी ढांचे के विकास को गेम चेंजर बताते हुए श्री सिंह ने दूर-दराज के क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए बीआरओ की सराहना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है, जिससे देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है।

**मेरे बड़े भाई को कोई नहीं...**

चल रहे हैं, भगवान इनकी रक्षा करेगा। प्रियंका ने कहा कि जब तक भारत एक नहीं होगा तब तक हमारे जमीनी मुद्दों पर बात नहीं होगी। जनता की मांग होनी चाहिए कि वह रोजगार, महंगाई सरीखे मुद्दों पर बात करें। प्रियंका ने कहा कि लोग मुझसे पूछते हैं कि आपके भाई को ठंड नहीं लगती, वो एक टीशर्ट पहन कर चलते हैं। मैं उनसे कहती हूं कि ये सत्य का कवच पहना हुआ है। भगवान इनको सुरक्षित रखेगा।

# टीम इंडिया ने वीडियो जारी कर पंत को बताया फाइटर, जल्द रिकवरी की उम्मीद

### कोच द्रविड़ और साथी बोले- मिस यू

### चहल बोले- आ जा साथ में चौके-छक्के मारते हैं

**एजेंसी। मुंबई**

सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल इंडियन विकेटकीपर को कोच राहुल द्रविड़ और टीम के साथियों ने फाइटर बताया है। राहुल द्रविड़ और टीम के साथियों ने वीडियो मैसेज में पंत के जल्द ठीक होने की उम्मीद की है। युजुवेंद्र चहल ने कहा कि जल्दी आ जाओ, चौके-छक्के मारेंगे। 30 दिसंबर को दिल्ली से रुड़की जाते वक्त पंत का एक्सीडेंट हो गया था। उनके सिर, घुटने और टखने में भी चोट आई है। देहरादून के मैक्स अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। उन्हें आईसीयू से अब सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। पंत की कार डिवाइडर से टकराई थी। उसके बाद वे खिड़की तोड़कर जलती कार से बाहर निकले थे। दो लोगों ने उन्हें संभाला था।






राहुल द्रविड़ ने कहा, 'हैलो ऋषभ, उम्मीद है तुम जल्दी ठीक हो जाओगे। मेरा ये सौभाग्य रहा है कि पिछले एक साल में टेस्ट क्रिकेट में मैं तुम्हें कुछ बेहतरीन पारियां खेलते हुए देख पाया हूं। तुम्हारे पास वह काबिलियत है कि तुम मुश्किल परिस्थितियों से निकल आओगे। वहीं, हार्दिक ने कहा, 'मैं आपके जल्दी स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं जानता हूं तुम एक फाइटर हो और जल्दी ही ठीक होकर हमारे पास वापस आओगे। पूरी टीम और पूरा देश तुम्हारे साथ है।' श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए पहली बार टीम के उप कप्तान बनाए गए सूर्यकुमार यादव ने कहा, 'मैं चाहता हूं कि तुम जल्दी से ठीक हो जाओ ऋषभ, लेकिन हमें पता है कि अभी कैसी परिस्थिति है। हम सभी आपको मिस कर रहे हैं और अपना ख्याल रखो भाई। युजवेंद्र चहल ने कहा- 'जल्दी ठीक हो कर आ जाओ भाई, साथ में चौके और छक्के मारते हैं।' ईशान किशन और शुभमन गिल ने कहा कि हम दुआ करते हैं कि आप जल्दी ठीक हो जाओ। आप फाइटर हो। हमें उम्मीद है कि जल्द ही हम सब साथ में खेलेंगे।

### आईसीयू से बाहर आए पंत

**कार** एक्सीडेंट में घायल हुए टीम इंडिया के विकेटकीपर बैटर ऋषभ पंत क्ठव से बाहर आ गए हैं। हालांकि, उनके घुटने, टखने और अंगूठे की चोट पर सस्पेंस बरकरार है। इनका एमआरआई स्कैन नहीं हो सका है। इसकी वजह यह है कि इन जख्म वाली तीनों जगहों पर ब्लड क्लॉटिंग और स्वैलिंग है।

## NEWS इन ब्रीफ

### बुमराह की टीम इंडिया में वापसी

**मुंबई।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की टीम इंडिया में वापसी हो गई है। वे श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलते नजर आएंगे। उन्हें टीम में शामिल किया गया। मंगलवार को बीसीसीआई ने बुमराह की वापसी का ऐलान किया। वनडे सीरीज का पहला मैच 10 जनवरी को गुवाहाटी में खेला जाएगा। जसप्रीत पिछले साल सितंबर महीने में साउथ अफ्रीका सीरीज से ठीक पहले ट्रेनिंग सेशन के दौरान चोटिल हो गए थे। चोट के कारण उन्हें एशिया कप और टी-20 वर्ल्ड कप छोड़ना पड़ा था।

### टेनिस खिलाड़ी मार्टिना नवरातिलोवा पर कैंसर का डबल अटैक

**अमेरिका।** 18 बार की ग्रैंड स्लैम विजेता टेनिस खिलाड़ी मार्टिना नवरातिलोवा को गले और ब्रेस्ट कैंसर का पता चला है। वह इस महीने के अंत में न्यूयॉर्क में अपना इलाज करवाएंगी। 66 साल की अमेरिकी दिग्गज को साल 2010 में भी ब्रेस्ट कैंसर हुआ था, लेकिन तब वह कुछ ही महीनों में स्वस्थ हो गई थीं। मार्टिना नवरातिलोवा ने कहा कि उन्होंने पिछले सीजन के डब्ल्यूटीए फाइनल के दौरान अपनी गर्दन में एक बढ़े हुए लिम्फ नोड को देखा था। जब यह दूर नहीं हुआ तो उन्होंने बायोप्सी करवाई। उसके बाद उन्हें पहले स्टेज के कैंसर का पता चला।

### अफरीदी ने लिया साहसिक फैसला

**कराची।** पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य चयनकर्ता शाहिद अफरीदी अपनी नियुक्ति के बाद से काफी व्यस्त रहे हैं। उन्होंने अब पाकिस्तानी टी-20 टीम में बल्लेबाजों के चयन मानदंड के बारे में एक साहसिक बयान दिया है। अफरीदी ने खुलासा किया कि अब टी-20 टीम में 135 से कम स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाजों को राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा। पाकिस्तानी टीम बल्ले के साथ अपने कमजोर दृष्टिकोण के लिए हमेशा सवालों के घेरों में रही है और अपने बल्लेबाजी के रवैये को ठीक करने के लिए, शाहिद अफरीदी ने एक नई योजना तैयार की है।

### दिल्ली कैपिटल्स में सौरव गांगुली को मिलेगा नया पद

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआई के पूर्व चेयरमैन सौरव गांगुली एक बाद फिर दिल्ली कैपिटल्स के साथ नजर आएंगे। उन्हें फ्रेंचाइजी में नई जिम्मेदारी मिलेगी। वे डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट की जिम्मेदारी संभालेंगे, यानी वे फ्रेंचाइजी की तीनों टीमों के डायरेक्टर होंगे। पीटीआई के सोर्स के हवाले से ये जानकारी दी। दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी की दो अन्य टीमें दुबई की इंटरनेशनल लीग टी-20 और साउथ अफ्रीका की लीग में खेल रही है। गांगुली को अक्टूबर 2022 में बीसीसीआई के अध्यक्ष पद से हटाया गया था।

# कराची: हेनरी और पटेल की शतकीय साझेदारी, मजबूत स्थिति में न्यूजीलैंड

### न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में बनाए 449 रन

**एजेंसी। कराची**

मैट हेनरी और एजाज पटेल की आखिरी विकेट की शतकीय साझेदारी से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन मंगलवार को अपनी पहली पारी में 449 रन बनाए। इसी के साथ ही हेनरी और पटेल 10वें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी करनेवाले पांचवें खिलाड़ी बन गए हैं। 10वें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी 1973 में हुई थी जिसमें रिचर्ड कोलिंग-ब्रायन हेस्टिंग्स ने 151 रन बनाए थे। चाय के विश्राम के समय टीम ने पाकिस्तान की पहली पारी में 62 रन पर दो विकेट चटका कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। पाकिस्तान ने दिन की शुरूआत में मेहमान टीम को 350 रन के अंदर समेटने की कोशिश की, लेकिन हेनरी ने 81 गेंदों में करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 68 रन की पारी खेली और पटेल ने टेस्ट में अपने सर्वश्रेष्ठ 35 रन बनाकर 10वें विकेट के लिए 104 रन जोड़े। पिछले साल जून के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे तेज गेंदबाज हेनरी ने इसके बाद गेंद से कमाल करते हुए अब्दुल्ला शफीक (19) तो वहीं पटेल ने शान मसूद (20) को आउट कर पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ा दी। चाय के विश्राम के समय इमाम उल हक 17 और कप्तान बाबर आजम चार रन बनाकर खेल रहे थे।







इससे पहले न्यूजीलैंड ने दिन की शुरूआत छह विकेट पर 309 रन से की। नसीम शाह ने ईश सोढ़ी (11) को कल के स्कोर में बिना कोई रन जोड़े पवेलियन भेजा। इसके बाद अबरार अहमद (चार विकेट पर 149 रन) ने टॉम ब्लंडेल (51) की अर्धशतकीय पारी का अंत किया और फिर कप्तान टिम साउदी को पवेलियन की राह दिखायी। इस समय टीम का स्कोर नौ विकेट पर 345 रन था। लेकिन हेनरी और पटेल ने अगले डेढ़ घंटे तक पाकिस्तान के गेंदबाजों को निराश किया। लंच के समय टीम का स्कोर नौ विकेट पर 433 रन हो गया। अबरार ने लंच के बाद बाद पटेल को आगा सलमान के हाथों कैच कराकर न्यूजीलैंड की पारी समेट दी।

# जयदेव उनादकट ने रचा इतिहास रणजी के पहले ओवर में ली हैट्रिक

### ऐसा करनेवाले पहले गेंदबाज बने

### दिल्ली के खिलाफ झटके आठ विकेट

**एजेंसी। राजकोट**

सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने मंगलवार को रणजी ट्रॉफी में इतिहास रच दिया। वो इस डोमेस्टिक टूर्नामेंट में मैच के पहले ओवर में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। जयदेव ने दिल्ली के खिलाफ पहली पारी में 12 ओवर में 39 रन देकर 8 विकेट लिए। हाल ही में जयदेव बांग्लादेश दौरे से लौटे हैं। वहां उन्होंने 12 साल बाद टीम इंडिया में वापसी की और टेस्ट करियर का दूसरा मैच खेला। इस मैच में उन्होंने दोनों पारियों को मिलाकर 3 विकेट लिए थे। 31 साल के उनादकट ने 2010 में टेस्ट डेब्यू किया था।

मंगलवार को राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मैच के पहले ही ओवर की तीसरी गेंद पर उनादकट ने ध्रुव शौरी को बोल्ड किया। अगली ही गेंद पर वैभव रावल को हार्विक देसाई के हाथों कैच करा दिया। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर कप्तान यश ढुल को एलबीडब्ल्यू कर तीसरा विकेट लिया। इसके अलावा उन्होंने जोंटी सिधु, ललित यादव, लक्ष्य थरेजा, शिवांक वशिष्ठ और कुलदीप यादव को आउट किया। दिल्ली की पहली पारी महज 35 ओवर ही चली। उसने सभी विकेट खोकर 133 रन बनाए। ऋतिक शौकीन ने 90 गेंदों पर 68 रन बनाए। शिवांक वशिष्ठ ने 68 गेंदों पर 38 रन बनाए। सौराष्ट्र की ओर से जयदेव ने 8, चिराग जानी और प्रेरक मांकड़ ने एक-एक विकेट लिया।



### हार्दिक की कप्तानी को लेकर इरफान पठान ने चयनकर्ताओं को चेताया

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी इरफान पठान हार्दिक पांड्या की कप्तानी के तरीके से प्रभावित हैं और उन्होंने टीम प्रबंधन को आलराउंडर की फिटनेस पर ध्यान देने की चेतावनी दी है। पांड्या 3 जनवरी से श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की टी-20 सीरीज में कप्तानी संभालेंगे। इसके अलावा वह महीने के अंत में श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में उप-कप्तान भी होंगे।

# नया साल : टेनिस स्टार राहेल ने दिखाया ग्लैमरस अंदाज

**एजेंसी। कैलिफोर्निया**

दुनिया की सबसे सेक्सी टेनिस प्लेयर राहेल स्टुहल्मन ने नए साल का नए तरीके से स्वागत किया है। अपनी धमाकेदार पोस्ट के कारण चर्चा में रहती राहेल स्टुहल्मन ने एक बार फिर से नए साल पर अपनी ग्लैमरस फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। 31 वर्षीया राहेल स्टुहल्मन इस पोस्ट में नीले रंग की हाल्टर नेक टू पीस में टेनिस स्कर्ट पहने हुए नजर आ रही हैं। उनकी मुस्कान दिल जीतने वाला काम कर रही है। फोटो के साथ एक कैप्शन भी था जिसमें लिखा था- सत्यापित आशा है कि सभी को नया साल मुबारक हो! मैं साल की शुरुआत कर रही हूं, सभी मुस्कुराएंगे। इस नए साल में क्या सुधार करना चाहते हैं? राहेल स्टुहल्मन ने जैसे ही यह पोस्ट डाली, उनके इंस्टाग्राम




समर्थन इस पर प्यार जताने के लिए उमड़ पड़े। एक ने कहा- तुम सुंदर हो तो दूसरे ने लिखा- तुम सा नहीं देखा।

# डिफेंडिंग चैम्पियन की पहली हार

### दूसरे नंबर की टीम लेंस ने 3-1 से हराया

**एजेंसी। लेंस**

फ्रांस के फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को घरेलू लीग में पहली हार का सामना करना पड़ा। लीग-1 की डिफेंडिंग चैम्पियन पीएसजी को लेंस टीम ने घरेलू मैदान पर 3-1 से शिकस्त दी। यह पीएसजी की मार्च के बाद पहली हार है। पिछले साल 20 मार्च को पीएसजी को मोनाको ने 3-0 से हराया था। घरेलू स्टेड बोलाअर्ट स्टेडियम पर लेंस की ओर से पी. फ्रेंकोस्की ने पांचवें, लोइस ओपेंडा ने 28वें और एलेक्सिस क्लॉडे मॉरिस ने 47वें मिनट में गोल किए। पीएसजी के लिए ह्यूगो एकिटिके ने 8वें मिनट में गोल किया।

**लेंस की पीएसजी के खिलाफ नौवीं जीत :** यह लेंस की पीएसजी के खिलाफ नौवीं जीत है। दोनों टीमें आपस में 24 बार भिड़ी हैं, जिसमें से पीएसजी ने 9 मैच जीते जबकि 6 मुकाबले ड्रॉ रहे। पीएसजी 17 मैच के बाद 44 अंक



लेकर पहले और लेंस इतने ही मैच में 40 अंक लेकर दूसरे पर है।

### एमसीजी की पिच का भारत से बड़ा संबंध : पैट कमिंस

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पहले कहा कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) की पिच का भारतीय परिस्थितियों से बड़ा संबंध है और उन्हें उम्मीद है कि इससे उनकी टीम को भारत में आगामी टेस्ट श्रृंखला की तैयारी का आदर्श मौका मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे चल रहा है और एससीजी में जीत जून में ओवल में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में उसकी जगह लगभग पक्की कर देगी। ऑस्ट्रेलिया आमतौर पर उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में संघर्ष करता रहा है।




## बोले चैपल: बेहतर कैमरों का इस्तेमाल अंपायरिंग को और भी बना देगा सटीक

# विविध तकनीकों को अपनाने से खेल होगा अप्रत्याशित

### ड्रोन, रोबोट, एआई, वर्चुअल रियलिटी सहित अन्य चीजें खेल में लाएंगी बड़ा बदलाव

### हॉक-आई, हॉट स्पॉट और स्निको की शुरूआत के साथ तकनीक का खेल पर पहले से ही बड़ा प्रभाव

**एजेंसी। मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व महान क्रिकेटर ग्रेग चैपल का मानना है कि तकनीक, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का इस्तेमाल क्रिकेट को अप्रत्याशित बना देगा और भविष्य में इसके अभ्यास, खेलने और उपयोग करने के तरीके को बदल देगा। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान का मानना है कि ड्रोन, रोबोट, एआई, वर्चुअल रियलिटी ये सभी चीजें आम हो जाएंगी और खेल में बड़ा बदलाव लाएंगी। उन्होंने एक कॉलम में लिखा, विभिन्न तकनीकों को व्यापक रूप से अपनाने से क्रिकेट कम स्थिर, अधिक अप्रत्याशित हो जाएगा। चैपल ने कहा, हॉक-आई, हॉट स्पॉट और स्निको की शुरूआत के साथ तकनीक का खेल पर पहले से ही बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है और अंपायरिंग निर्णयों की सटीकता में सुधार करने में मदद मिली है। और बेहतर कैमरों का इस्तेमाल अंपायरिंग को और भी सटीक बना देगा।

इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, टी-20 क्रिकेट ने तकनीक के उपयोग को तेज कर दिया है और खिलाड़ियों का व्यापक विश्लेषण हो रहा है। आईपीएल में पहले से ही



ऐसा हो रहा है। टेस्ट क्रिकेट इन चीजों को अपनाएगा तथा और अधिक रोमांचक हो जाएगा। चैपल को लगता है कि हालांकि यह डरावना है लेकिन प्रासंगिक बने रहने के लिए बदलाव आवश्यक है क्योंकि ड्रोन और रोबोट आम हो जाएंगे। उन्होंने कहा, ड्रोन तुरंत विश्लेषण के लिए खेल के मैदान पर नजर रखेंगे। रोबोट का व्यापक रूप से उपयोग किया जाएगा, सिर्फ प्रशिक्षण सत्रों में ही नहीं बल्कि विपक्षी बल्लेबाजों और गेंदबाजों के कौशल और विविधताओं को दोहराने के लिए भी।

उन्होंने कहा, वर्चुअल रियलिटी से खिलाड़ियों को मैदान पर बिना उतरे अपने कौशल को सुधारने के लिए एक आभासी वातावरण में अभ्यास करने का मौका मिलेगा। इससे खिलाड़ियों को बेहतर बनने, चोटों को कम करने और नई रणनीतियां बनाने में मदद मिलेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के बारे में बात करते हुए चैपल ने लिखा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग खेल में बड़ा बदलाव लेकर आएगा। एआई खिलाड़ी के प्रदर्शन का विश्लेषण करेगा और यह तत्काल प्रतिक्रिया देगा। उन्होंने कहा, एआई प्रत्येक खिलाड़ी और टीम की ताकत और कमजोरियों का आकलन करेगा और मैच स्थितियों को सटीक तरीके से दोहराएगा। भारत के पूर्व कोच को लगता है कि वर्चुअल रियलिटी से प्रशंसकों के खेल से जुड़ने का तरीका बदल जाएगा। उन्होंने कहा, भविष्य के क्रिकेट दर्शक अपने हीरो के साथ तुलना करने के लिए उन्नत और वर्चुअल रियलिटी तकनीक का उपयोग करने में सक्षम होंगे। चैपल ने कहा, उदाहरण के लिए वे अपने बल्ले की गति की तुलना विराट कोहली या अपने गेंदबाजी कौशल की तुलना उस समय के डेनिस लिली के साथ करना चाहेंगे। इस पूर्व बल्लेबाज को लगता है कि क्रिकेट में इस्तेमाल होने वाली सामग्री भी विकसित होगी।